राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 युवराज सिंह ने विराट कोहली को दी सलाह

भारत ने रूस के साथ संबंध बनाए क्योंकि तब अमेरिका... 12

वर्ष : 12 | अंक : 348 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.0°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

दिल्ली का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

**पोल**

**क्या इस साल की गर्मी का प्रचंड रूप देखना पड़ेगा?**

| | |
|---|---|
| हां | 96% |
| नहीं | 02% |
| कह नहीं सकते | 02% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,855 |
| चांदी | 63,800 |
| सेंसेक्स | 57,521 |
| निफ्टी | 17,245 |

## संक्षिप्त खबर

### भाजपा बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार को जीएसएस पर करेगी धरना-प्रदर्शन

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिजली कटौती के विरुद्ध शुक्रवार को सुबह नौ से ग्यारह बजे तक प्रत्येक जीएसएस पर धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. सतीश पूनियां ने बताया कि बिजली कटौती के विरोध स्वरूप पूरे राज्य में 29 अप्रैल को सुबह नौ से ग्यारह बजे तक प्रत्येक जीएसएस पर धरना-प्रदर्शन करेगी। डा पूनियां ने कहा कि राज्य में अशोक गहलोत सरकार के बिजली कु-प्रबंधन से अघोषित कटौती के कारण परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी और आम जनता त्रस्त है, इसलिए भाजपा ने बिजली कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

### कोविड टीकाकरण में 188.40 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 188.40 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 188 करोड़ 40 लाख 28 हजार 126 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3303 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 16 हजार 980 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.04 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.66 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 2563 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 28 हजार 126 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है।

### दिल्ली में कोरोना के 1367 नये मामले

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 3,303 नये मामले सामने आए, जिनमें से 1367 मामले सिर्फ राजधानी दिल्ली के हैं।

इस दौरान यहां 1042 लोगों ने इस महामारी को बात दी, लेकिन स्वस्थ होने वाले लोगों की तुलना में संक्रमण के नये मामलों की संख्या अधिक रही, जिसके कारण यहां सक्रिय मामले 324 बढ़कर 4832 हो गए। यहां पर अब तक 1847456 लोग कोविड-19 को मात दे चुके हैं, वहीं 26170 लोगों ने इसके कारण जान गंवाई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 188 करोड़ 40 लाख 28 हजार 126 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3303 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 16 हजार 980 हो गयी है।

**यूपी और दिल्ली में भी कई घंटों की हो रही कटौती**

# अभी और बढ़ेगा दिल्ली समेत 5 राज्यों में गर्मी का कहर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- मध्य प्रदेश और यूपी में 45 डिग्री तक पहुंच रहा तापमान
- जम्मू में पहुंचा 40 डिग्री सेल्सियस तक तापमान, पानी की भी किल्लत
- मार्च की गर्मी ने तोड़ दिया था 122 साल का रिकॉर्ड
- बुधवार को देश के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी ने भी बढ़ते तापमान को लेकर चिंता जाहिर की थी



दिल्ली, हरियाणा, यूपी समेत देश के कई राज्यों में गर्मी इन दिनों कहर बरपा रही है। अक्सर गर्मी का कहर 15 मई के बाद देखने को मिलता था, लेकिन इस साल अप्रैल की शुरूआत से ही प्रचंड गर्मी हो रही है। तापमान में इजाफा इतना है कि पारा 45 डिग्री के पार पहुंच रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले कुछ दिनों तक देश के कम से कम 5 राज्यों में तापमान 45 डिग्री के आसपास ही बना रहेगा। इन राज्यों में राजस्थान, यूपी, ओडिशा, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं। खासतौर पर मई के पहले सप्ताह तक यह कहर जारी रहेगा। लेकिन 4 से 7 मई के दौरान बारिश का अनुमान है, जिससे गर्मी में कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञानी आरके जेनामणि ने कहा कि मई के पहले सप्ताह में बारिश होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लगातार 45 डिग्री के करीब तापमान बना हुआ है। दिल्ली की ही बात करें तो गुरुवार को दिन की शुरूआत ही प्रचंड गर्मी से शुरू हुई। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। इसके अलावा शुक्रवार को इसमें एक डिग्री का और इजाफा होने का अनुमान है और पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। जम्मू-कश्मीर की ही बात करें तो विंटर कैपिटल कहे जाने वाले जम्मू में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है।

**यूपी व दिल्ली में बिजली कटौती, महाराष्ट्र में घटा कोयला**

यही नहीं यूपी और दिल्ली में भी कई घंटों की कटौती हो रही है। महाराष्ट्र में कोयले की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। सूबे में 20,000 लाख मीट्रिक टन कोयले की कमी है। इसके अलावा राजस्थान में हर दिन करीब 4 घंटे फैक्ट्रियों में पावर कट हो रहा है। वहीं गुजरात और आंध्र प्रदेश ने तो पहले ही औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की कटौती कर दी है ताकि रिहायशी इलाकों में आपूर्ति दी जा सके। राजस्थान सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 4 घंटे की बिजली कटौती शुरू कर दी है, जिसके चलते लोगों को प्रचंड गर्मी से जूझना पड़ रहा है। यह हाल तब है, जब मॉनसून से पहले गर्मी का पीक सीजन अभी आना बाकी ही है।

**भलस्वा लैंडफिल पर आग मामले में केजरीवाल सरकार की बड़ी कार्रवाई**

# नॉर्थ एमसीडी पर लगाया 50 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में बुराड़ी के पास भलस्वा लैंडफिल साइट पर तीसरे दिन भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। गुरुवार को भी दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह से काबू पाने में कम से कम एक दिन का समय और लगेगा। इसी बीच भलस्वा लैंडफिल में आग लगने के मामले में दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नॉर्थ एमसीडी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

गौरतलब है कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर मंगलवार शाम को भयानक आग लग गई। कई वीडियो में घने धुएं से आसमान का रंग काला पड़ता देखा जा सकता है। आसपास के निवासियों ने बुधवार शाम को कहा कि घने धुएं के कारण उन्हें बेहद तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। एक दमकल अधिकारी ने कहा कि मौजूदा समय में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर काम कर रही हैं। आग पर काबू पाने में कम से कम एक दिन और लगेगा। हमारी टीमें इसे बुझाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। अधिकारी ने बताया कि निवासियों ने गले में खराश, आंखों में खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत शुरू कर दी है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि तापमान बढ़ने से कूड़े के ढेर में मीथेन गैस बनती है जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है। वहीं, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को राजधानी में स्थित लैंडफिल साइट पर आग लगने की घटनाओं के लिए नगर निगम में भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा शासित नगर निकायों को कचरे के पहाड़ों को साफ करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना चाहिए था। भलस्वा लैंडफिल साइट के पास कूड़ा बीनने वालों के बच्चों के लिए बाल संसाधन केंद्र ज्ञान सरोवर स्कूल को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है क्योंकि क्षेत्र में घने धुएं का गुबार फैला है। बता दें कि इस साल पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने की तीन घटनाएं हुई हैं, जिसमें 28 मार्च की एक घटना भी शामिल है, जिसे बुझाने में 50 घंटे से अधिक समय लग गया था।




- अधिकारी ने बताया कि निवासियों ने गले में खराश, आंखों में खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत शुरू कर दी है

## बिप्लव देब के शासन में फल-फूल कर रहा है ड्रग का कारोबार: माकपा

अगरतला, एजेंसी

त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर युवाओं को ड्रग रैकेट में ढकेलने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य में अब सत्तारूढ़ दल के नेताओं के इशारे पर यह कारोबार चल रहा है। माकपा के प्रदेश सचिव जितेंद्र चौधरी ने आरोप लगाया, बहुत कम ड्रग कारोबारियों को हिरासत में लिया गया है और केवल 20 प्रतिशत ड्रग जब्त किए गए हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ता और नेता त्रिपुरा में इस प्रतिबंधित पदार्थ के आयात-निर्यात तथा भांग की खेती में शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया, त्रिपुरा में युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार का कोई अवसर नहीं है। थोड़ी बहुत गुंजाइश है भी तो बाहरी एजेंसियों को दे दी गई है और भाजपा कार्यकर्ता राज्य भर में नशीली दवाओं के कारोबार, भांग की खेती, मारपीट, चोरी और डकैती के मामलों तथा कई असामाजिक गतिविधियों में शामिल हैं। चौधरी ने कहा कि त्रिपुरा में पिछले तीन वर्षों में भाजपा सदस्यों सहित 1025 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह अपराधियों बहुत छोटी संख्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ के कुछ शीर्ष नेताओं सहित बड़ी संख्या में लोग ड्रग तस्करी, भांग के कारोबार और अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल हैं, लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## मध्यप्रदेश के गृह मंत्री ने बताए, तेल की कीमतें कम करने के लिए भाजपा सरकारों के कदम

भोपाल, एजेंसी

तेल की कीमतों के मुद्दे पर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किए जा रहे हमले के बीच मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज बताया कि तेल की कीमतें कम करने के लिए अब तक केंद्र और राज्यों की भारतीय जनता पार्टी सरकारों ने क्या क्या कदम उठाया है। डॉ मिश्रा ने ट्वीट करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने तीन नवंबर 2021 को पेट्रोल पर पांच रुपए और डीजल पर 10 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम की। सभी भाजपा शासित राज्यों और कुछ अन्य राज्यों ने भी पेट्रोल और डीजल पर वैट कम किया है। इन राज्यों ने डीजल के लिए औसतन पांच रुपए और पेट्रोल के लिए छह रुपए प्रति लीटर की कटौती की।

## कुपवाड़ा में तीन आतंकवादी गिरफ्तार हथियार और गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पार से हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन तथा तस्करी में कथित रूप से शामिल तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आतंकवादियों की पहचान कलास के मोहम्मद आमिर, हजित्रा करनाह के निसार अहमद और सुधपोरा करनाह निवासी कफील अहमद के रूप में की है, जिन्हें सीमांत जिले के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान के मुताबिक घाटी में आतंकवादी गतिविधियों को फैलाने में शामिल आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने के लिए नियंत्रण रेखा के पार से हथियारों की तस्करी किये जाने के बारे में खुफिया सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक सैयद मजीद की निगरानी में करनाह थाने की एक टीम ने अलग-अलग इलाके से तीनों को गिरफ्तार किया। हिरासत में पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को उपलब्ध कराने के लिए नियंत्रण रेखा के पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल हैं।

## मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे पर आपत्ति जताने पर पाक को करारा जवाब

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे पर बयान देने वाले पाकिस्तान को भारत ने करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान को प्रधानमंत्री मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से चिनाब नदी पर रतले और क्वार पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण की आधारशिला रखने पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह सिंधु जल संधि का 'प्रत्यक्ष उल्लंघन' है। पाकिस्तान को लेकर भारत के रुख में बदलाव के मसले पर पूछे गए सवाल पर बागची ने कहा कि भारत का रुख बहुत सीधा है कि ऐसा एक माहौल होना चाहिए जिसमें आतंकवाद नहीं हो।

## दलित स्मारकों को बदहाली से मुक्त करे सरकार : मायावती

लखनऊ, एजेंसी

- मायावती ने कहा कि दलित चेतना के इन प्रेरणा स्थलों की दयनीय हालत के लिये लापरवाह और गैरजिम्मेदार अधिकारियों खासकर दलित विरोधी मानसिकता वाले लोकसेवकों की उपेक्षात्मक सोच जिम्मेदार है।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर और बसपा के संस्थापक कांशीराम की स्मृति में निर्मित पार्कों का रखरखाव नहीं होने के कारण ये दलित प्रेरणा स्थल बदहाली के शिकार होने का मामला राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाया है। मायावती ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर कहा कि डा. अंबेडकर और कांशीराम की स्मृतियों को अमर बनाये रखने के लिये डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन प्रेरणा स्थल और कांशीराम ग्रीन इको गार्डन, बौद्ध विहार, कांशीराम स्मारक स्थल और शांति उपवन सहित अन्य स्थल दलित प्रेरणा के केन्द्र के रूप में बनाये गये थे। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर हर साल देश दुनिया के सैलानी आते हैं, किंतु बीते कुछ सालों में इन स्थलों के रखरखाव नहीं होने के कारण ये बदहाली के शिकार हो गये हैं। मायावती ने कहा कि दलित चेतना के इन प्रेरणा स्थलों की दयनीय हालत के लिये लापरवाह और गैरजिम्मेदार अधिकारियों खासकर दलित विरोधी मानसिकता वाले लोकसेवकों की उपेक्षात्मक सोच जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इस उपेक्षा के कारण दन स्थलों पर गुंबद और दीवारों में दरार आ गयी है, पेड़ पौधे सूख रहे हैं और बिजली के बल्ब आदि खराब होने पर बदले नहीं जाते हैं। बीते कुछ समय में खासकर 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारी संख्या में लोग इन स्थलों पर गये लेकिन इनकी दुर्दशा देखकर उन लोगों ने बसपा सुप्रीमो को इनकी बदहाली से अवगत कराया था।

## रूस ने पश्चिम देशों को दी चेतावनी, कहा- हमारे धैर्य की न लें परीक्षा

लंदन, एजेंसी

यूक्रेन पर जारी हमलों के बीच रूस ने पश्चिम देशों को सख्त चेतावनी दी है। रूस ने गुरुवार को पश्चिम को चेतावनी दी कि मास्को क्षेत्र पर किसी भी हमले के लिए एक कठिन सैन्य प्रतिक्रिया का जवाब दिया जाएगा। साथ ही रूस ने अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों पर यूक्रेन को मास्को पर हमला करने के लिए खुले तौर पर उकसाने का आरोप लगाया है। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के दो महीने बाद मास्को ने हाल के दिनों में रिपोर्ट किया कि वह जो कह रहा है वह यूक्रेन की सीमा से लगे रूसी क्षेत्रों पर यूक्रेनी बलों द्वारा हमलों की एक श्रृंखला है। साथ ही चेतावनी दी कि इस तरह के हमले एक खतरे को उत्पन्न करते हैं।

## शाहीन बाग में दिखने लगा नगर निगम के बुलडोजर का डर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- फर्नीचर मार्केट में दुकानदारों ने खुद ही हटाना शुरू किया सामान

नगर निगम के बुल्डोजर का डर अतिक्रमणकारियों में दिखाई देना शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को शाहीन बाग के फर्नीचर मार्केट में दुकानदार स्वयं ही दुकानों के सामने रखे फर्नीचर हटाते दिखाई दिए। मार्केट में दुकानों के सामने कुर्सियां, मेज व अन्य फर्नीचर के सामान सड़क पर रखे रहते हैं। लेकिन बृहस्पतिवार को यहां रखे सामानों को दुकानदारों ने दुकान के अंदर रख लिया और कुछ दुकानदार सड़क पर रखे सामान को गाड़ियों पर लादकर ले जाते दिखे। मालूम हो कि बुधवार को महापौर मुकेश सूर्यान के दौरे के बाद अतिक्रमणकारियों के लिए चिंता काफी बढ़ गई है। वजह है कि एसडीएमसी ने बृहस्पतिवार को जसोला विहार व आसपास के अन्य इलाकों में सामान्य अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए अभियान चलाने की बात कही थी। हालांकि एसडीएमसी को इस दौरान पुलिसकर्मी नहीं उपलब्ध कराए गए जिससे अभियान नहीं चलाया जा सका। सरिता विहार के एसएचओ राकेश कुमार ने पत्र लिखकर एसडीएमसी को बताया है कि उपलब्ध जवानों की तैनाती अन्य जगहों पर है।

**असम दौरा** | **कभी यहां बम-गोलियों की आवाज सुनाई देती थी, आज तालियां गूंज रही हैं**

# डबल इंजन की सरकार में सबका साथ, सबका विकास

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- असम में जैसे-जैसे शांति लौट रही है, वैसे-वैसे नियमों को भी बदला जा रहा है: मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी असम के दौरे पर आए। पीएम कई परियोजनाओं की सौगात दिया। मोदी ने कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में 'शांति, एकता और विकास रैली' को संबोधित किया। इससे पहले मोदी ने कार्बी आंगलोंग में मांजा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, वेस्ट कार्बी आंगलोंग कृषि महाविद्यालय, अम्पानी वेस्ट कार्बी आंगलोंग गवर्नमेंट कॉलेज सहित कई योजनाओं की आधारशिला रखी।

लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज यहां 1,000 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। ये सारे संस्थान यहां के युवाओं को नए अवसर देने वाले हैं। आज जो शिलान्यास हुआ है, वे सिर्फ इमारत का शिलान्यास नहीं है, बल्कि मेरे नौजवानों का शिलान्यास है। उच्च शिक्षा के लिए अब यहीं पर उचित व्यवस्था होने से अब गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाएगा। असम के लिए जो शांति समझौते की बात हुई थी, उसे पालन कराया जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार युवाओं को नए अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। असम की स्थाई शांति और तेज विकास के लिए जो समझौता हुआ था, उसको जमीन पर उतारने का काम किया जा रहा है। असम में 2600 से ज्यादा अमृत सरोवर बनाने का काम चल रहा है। यह जन भागीदारी से किया जा रहा है। 2014 के बाद से नॉर्थ ईस्ट में मुश्किलें कम हो रही हैं, लोगों का विकास हो रहा है। आज जब कोई असम के जनजातीय क्षेत्रों में आता है, नॉर्थ ईस्ट के दूसरे राज्यों में जाता है, तो हालात को बदलते देखकर उसे भी अच्छा लगता है। आपने मुझे समझा है और दिल से समझाया भी है। आपके सपने को पूरा करने के लिए हम भी जुटे हैं और आप भी जुटे हैं, मिलकर पूरा करेंगे। असम में जैसे-जैसे शांति लौट रही है, वैसे-वैसे नियमों को भी बदला जा रहा है। हमने इसी वजह से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट में कमी की है। नॉर्थ ईस्ट में हिंसा की घटना में 75% की कमी आई है।

लंबे समय तक AFSPA नॉर्थ ईस्ट के अनेक राज्यों में रहा है। लेकिन बीते 8 सालों के दौरान स्थाई शांति और बेहतर कानून व्यवस्था लागू होने के कारण हमने AFSPA को नॉर्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों से हटा दिया है। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ आज सीमा से जुड़े मामलों का समाधान खोजा जा रहा है। असम और मेघालय के बीच बनी सहमति दूसरे मामलों को भी प्रोत्साहित करेगी। इससे इस पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल मिलेगा उन्होंने आगे कहा, 'आज पूरे देश में हिंसा, अराजकता का समाधान किया जा रहा है, कभी इस क्षेत्र की चर्चा होती थी तो बम और गोलियों की आवाज सुनाई देती थी। पिछले वर्ष सितंबर में कार्बी आंगलोंग के अनेक संगठन शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का कदम उठा चुके हैं। कार्बी आंगलोंग या दूसरे जनजातीय क्षेत्रों में हम विकास और विश्वास की नीति पर ही काम कर रहे हैं। आप जानते हैं कि मैंने आपकी समस्याओं को, इस क्षेत्र की दिक्कतों को आप ही के परिवार के एक सदस्य के रूप में, आप के ही एक भाई और बेटे की तरह समझने की कोशिश की है। बीते 8 सालों के दौरान स्थाई शांति और बेहतर कानून व्यवस्था लागू होने के कारण हमने AFSPA को नार्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों से हटा दिया है। बोडो अकॉर्ड हो या फिर कार्बी आंगलोंग का समझौता, लोकल सेल्फ गवर्नेंस पर हमनें बहुत बल दिया है। केंद्र सरकार का बीते 7-8 साल से ये निरन्तर प्रयास रहा है कि स्थानीय शासन की संस्थाओं को सशक्त किया जाये, अधिक पारदर्शी बनाया जाए।

## रांची सीबीआई कोर्ट से लालू की रिहाई का आदेश जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



चारा घोटाला के डोरंडा कोषागार मामले में जेल की सजा काट रहे राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसके बाद गुरुवार को रांची की सीबीआइ कोर्ट ने भी उनकी रिहाई का आदेश जारी कर दिया है। अब वे कभी भी कैद से बाहर आ सकते हैं। जेल की सजा के दौरान बीमार लालू प्रसाद यादव फिलहाल दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज करा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली एम्स से डिस्चार्ज होकर लालू बेटी मीसा भारती के दिल्ली आवास जाएंगे। वहां से वे 30 अप्रैल की शाम तक पटना आ सकते हैं। उनके बिहार आने की चर्चा के साथ ही यहां सियासत गरमाती दिख रही है। आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बड़ा बयान दिया है कि नीतीश कुमार अगर तेजस्वी यादव का नेतृत्व स्वीकार कर लें तो उनका स्वागत है। बिहार आने के बाद लालू प्रसाद यादव तेज प्रताप से कैसे निबटेंगे ये देखने वाली बाती होगी। लालू यादव के बड़े बेटे पर राजद नेता ने पिटने का आरोप लगाया था। जिसके बाद तेज प्रताप ने पार्टी से इस्तीफे की बात कही थी। देखने वाली बात होगी की दोनों की मुलाकात के बाद क्या होता है। लालू प्रसाद यादव को अब तक चारा घोटाला के चार मामलों में सजा हो चुकी है। अब उन्हें सभी मामलों में जमानत भी मिल गई है। इसके बाद अगर स्वास्थ्य इजाजत दे तो अब वे बिहार की राजनीति में सक्रिय हो सकते हैं।

# पावर प्लांट्स में कोयला संकट को लेकर दिल्ली सरकार चिंतित: सत्येंद्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में कोयले की कमी के गहराते संकट के बीच दिल्ली सरकार ने चिंता जाहिर की है। इसे लेकर बृहस्पतिवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिल्ली सचिवालय में एक आपातकालीन बैठक की। साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखकर राजधानी दिल्ली को बिजली की आपूर्ति करने वाले बिजली संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला देने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।



ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि बिजली आपूर्ति करने वाले विभिन्न थर्मल स्टेशनों में इस समय कोयले की बहुत ज्यादा कमी है। नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) के दादरी-II और झज्जर (अरावली), दोनों पॉवर प्लांट्स मुख्य रूप से दिल्ली में बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्थापित किए गए थे। लेकिन इन पॉवर प्लांट्स में कोयले का बेहद कम स्टॉक बचा है।

दल्ली में दादरी-II, ऊंचाहार, कहलगांव, फरक्का और झज्जर पावर प्लांट से प्रतिदिन 1751 मेगावाट बिजली की आपूर्ति होती है। दिल्ली को दादरी-II पावर स्टेशन से सबसे ज्यादा 728 मेगावाट, जबकि ऊंचाहार पावर स्टेशन से 100 मेगावाट बिजली की आपूर्ति होती है। ऐसे में इन दोनों पावर स्टेशन से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से दिल्ली मेट्रो एवं अस्पताल समेत कई आवश्यक संस्थानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति में दिक्कत आ सकती है।

नेशनल पावर पोर्टल की दैनिक कोयला रिपोर्ट के अनुसार एनसीपीसी के इन पावर स्टेशन पर कोयले की भारी कमी है।

**पॉवर प्लांट का नाम और इनमे कितने दिनों के लिए कोयले का स्टॉक बचा है:**

1. दादरी- II में एक दिन का स्टॉक बचा है
2. ऊँचाहार में दो दिनों का स्टॉक बचा है
3. कहलगांव में साढ़े तीन दिनों का स्टॉक बचा है
4. फरक्का में 5 दिनों का स्टॉक बचा है
5. झज्जर (अरावली) में 7-8 दिनों का स्टॉक बचा है

**बैठक**

- विद्युत आपूर्ति बाधित होने से दिल्ली मेट्रो, अस्पताल समेत कई आवश्यक संस्थानों को बिजली आपूर्ति में आ सकती है दिक्कत

**केंद्र सरकार से मामले में दखल देने की अपील**

सत्येंद्र जैन ने कहा कि राजधानी के कुछ इलाकों में लोगों को बिजली के संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए दिल्ली सरकार स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं और हरसंभव प्रयास कर रही है। वर्तमान में कोयले की कमी से जूझ रहे इन पॉवर स्टेशन के जरिए दिल्ली में 25% से 30% की बिजली की मांग को पूरा किया जा रहा हैं। दिल्ली के कुछ हिस्सों में ब्लैक आउट से बचने के लिए और डीएमआरसी, अस्पतालों और आगामी गर्मी के मौसम में बिजली की निरंतर आपूर्ति के लिए इन पॉवर स्टेशनों की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में दिल्ली को बिजली की आपूर्ति करने वाले बिजली संयंत्रों में कोयले की उचित व्यवस्था होती रहे, इसके लिए केंद्र सरकार से मामले में दखल देने की अपील की है। ताकि केंद्र सरकार पर्याप्त कोयले की आपूर्ति का प्रबंध करें और दिल्ली वालों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने में कोई बांधा न आए।

# लोगों को जल्द मिलेगी मुरादनगर-लोनी दिल्ली पाइपलाइन मार्ग की सौगात

लोनी, प्रात: किरण संवाददाता

वर्षों से अपने बनने की बाट जोह रहे मुरादनगर से लोनी-दिल्ली पाइपलाइन मार्ग निर्माण को अखिर हरी झंडी मिल ही गई। कावड़ यात्रा से पूर्व ही लोगों को इस मार्ग की सौगात मिल जाने का अनुमान है। क्षेत्रीय नागरिकों ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह एवं स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों से बनने वाले उक्त मार्ग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया है।

गौरतलब हो कि लोनी-दिल्ली बॉर्डर से सीधा मुरादनगर को जोड़ने वाले उक्त पाइपलाइन मार्ग की जर्जर हालत से खफा जनता वर्षों से उसके पुनर्निर्माण के लिए मांग करती आ रही थी। अब जल्दी ही इस मार्ग का चौड़ीकरण करते हुए निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। लगभग 19 करोड़ 73 लाख की लागत से बनने वाले उक्त मार्ग का मुरादनगर से लोनी में दिल्ली जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। बता दें कि उक्त पाइपलाइन मार्ग निर्माण के लिए स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रयास करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। जिसके प्रोजेक्ट के साथ क्षेत्रीय सांसद वी के सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, जिसे हरी झंडी मिल गई है। टीला मोड़ से मुरादनगर तक डामर रोड का निर्माण चौड़ीकरण के साथ किया जाएगा जबकि टीला मोड़ से लोनी बॉर्डर तक आरसीसी मार्ग बनेगा। लोनी बॉर्डर से निर्माण कार्य की शुरूआत होने वाले इस पाइपलाइन मार्ग का निर्माण कार्य बारिश एवं कावड़ यात्रा से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा।



**सौगात**

- 19 करोड़ 70 लाख की लागत से बनेगा चौड़ीकरण के साथ मार्ग
- क्षेत्रीय जनता ने क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक को जताया आभार

उक्त पाइपलाइन मार्ग बनने की जानकारी पाकर क्षेत्रवासियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री दफ्तर में अफसरों के बीच कार्य विभाजन, एसीएस राधा रतूड़ी को वीवीआईपी जिम्मेदारी

देहरादून। मुख्यमंत्री सचिवालय के सभी कार्यों का शीघ्रता और सुगमता के साथ निपटारा करने के लिए वहां तैनात आलाधिकारियों के बीच कार्य विभाजन कर दिया गया है। विशेष प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री अभिनव कुमार को अन्य जिम्मेदारियों के साथ मीडिया व सोशल मीडिया से जुड़े कार्यों का दायित्व दिया गया है। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ीः सीएम कार्यालय की सबसे वरिष्ठ अफसर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा राज्य सभा, केंद्र के सभी मंत्री, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री व अन्य उच्च स्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय देखेंगी। राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय विकास परिषद व नीति आयोग के सभी मामले, विधानसभा के सभी मामले व प्रस्ताव और सभी आवंटित विबागों के मध्य समन्वय करेंगी। वह गृह विभाग के तहत आईपीएस पदोन्नति, तैनाती, विधि एव न्याया, संसदीय कार्य एवं विधायी से जुड़ी फाइलों का निपटारा कराएंगी।

# जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक

बागपत, प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी राजकमल यादव के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी रंजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग एवं निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा बैठक में उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा यूपीएसआईडीसी में पुलिस पेट्रोलिंग पुन प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए।

यूपीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में साफ-सफाई की व्यवस्था कराए जाने के लिए मांग की गई और रिम धुरे को वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट में सम्मिलित करने के लिए भी उद्यमियों ने मांग की, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए। वहीं बताया गया कि, बागपत इंडस्ट्रियल एरिया में सिंचाई विभाग का जो नाला बहता है ,उसकी साफ सफाई न होने से गंदगी दुर्गंध और मच्छर पनप रहे हैं, जिसपर नाराजगी व्यक्त की गई और सिंचाई विभाग को साफ सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे कि बदबू एवं मच्छरों से छुटकारा मिल सके। एरिया में साफ सफाई रखे जाने की भी हिदायत बैठक में दी गई।



**समीक्षा बैठक**

- नाले की दुर्गंध, सड़क पर जाम की स्थिति से उद्योग प्रभावित
- रिम व धुरा उद्योग को एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत मिले मान्यता व प्रोत्साहन

शिकायत की गई कि, यूपीएसआईडीसी क्षेत्र में अनावश्यक रूप से ट्रक खड़े रहते हैं, पुलिस प्रशासन से ट्रक हटाए जाने की मांग भी उठी। बताया कि कोर्ट के सामने एआरटीओ कार्यालय पर काफी वाहन अत्यधिक मात्रा में आ जाते हैं, जिससे आवागमन का रास्ता भी बंद हो जाता है, ऐसे में एआरटीओ कार्यालय के सामने वाली सड़क पर 300 मीटर से भी ज्यादा लंबी वाहन लाइन लगी रहती है ,इस समस्या का त्वरित समाधान कराए जाने की भी उद्यमियों द्वारा मांग की गई।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निवेश मित्र योजना की समीक्षा की, जिसमें कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 74 अप्रूवल प्राप्त हुए हैं जबकि दो निरस्त हुए। बैठक में सहायक उपायुक्त उद्योग स्वीटी उपाध्याय, अधीक्षण अभियंता विद्युत रणविजय सिंह, प्रधानाचार्य आईटीआई नीरज सिंह, उद्यमी सुरेंद्र , जिंदल,अश्वनी शर्मा , सहित आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने अफीम खेती नष्ट कर मुकदमा दर्ज किया


**नई टिहरी।** थाना थत्युड़ पुलिस ने क्षेत्र के मूंगलोड़ी गांव में नागटिब्बा ट्रैक पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती की खड़ी फसल को पूरी तरह से नष्ट कर खेती करने वाले भूस्वामी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने टीम को ढाई हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि जनपद टिहरी के थाना थत्यूड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मूंगलोड़ी में 0.020 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से उगाई जा रही 1.35 लाख लागत की अफीम की फसल को पुलिस ने नष्ट कर दिया है। साथ ही भूस्वामी के ऊपर प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। बीते दिवस पुलिस को अफीम की खेती की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस मुंगलोड़ी गांव से तीन किमी की पैदल दूरी चलने के बाद नागटिब्बा ट्रैक के उस स्थान पर पहुंचे, जहां पर यह खेती की जा रही थी। भूलेख के आधार पर भूमि मुंगलोड़ी गांव के सीताराम पुत्र उत्तम सिंह के नाम होना बताया गया। जिसके आधार पर भूस्वामी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस भूस्वामी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। पुलिस टीम में धर्मपाल सिंह, सिकंदर, प्यारे लाल, मीना आदि शामिल रहे।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम को दिया पत्र

लोनी, प्रात: किरण संवाददाता

विकासखंड लोनी क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत इलाइचीपुर प्रधान ने खसरा संख्या 357 536 व 523 में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे के संदर्भ में उप जिलाधिकारी लोनी को शिकायती पत्र दिया है। इस दौरान गांव के कुछ अन्य संभ्रांत नागरिक भी उनके साथ रहे। प्रधान ने एसडीएम से उक्त गंभीर प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई कराए जाने के लिए मांग की है।

ग्राम प्रधान हरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा उप जिलाधिकारी संतोष कुमार राय को दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से कहा गया है कि ग्राम पंचायत इलाइचीपुर के खसरा संख्या 357 336 एवं 523 में कुछ भूमाफिया सरीखे लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है जिनका यह कृत्य बा-दस्तूर लगातार जारी है। ग्राम प्रधान का कहना है कि मामले में पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है मगर आज तक कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा सकी है। उन्होंने एसडीएम से अपील करते हुए कहा है कि उक्त खतरों की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को तत्काल प्रभाव से रोकने व भू माफियाओं द्वारा कब्जाई गई भूमि को उनके चुंगल से मुक्त कराये जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाए। शिकायती पत्र देने वालों में मुख्य रूप से अजीत बंसल बीडीसी, राजेश प्रधान, नरेंद्र बंसल, सौरव शुक्ला व रमेश प्रधान आदि शामिल थे।



### अस्थिरता पैदा करने वालों का हो विरोध: राणा

**हरिद्वार।** महापुरुषों का त्याग और बलिदान देश, समाज में बदलाव को जन्म देता है। महापुरुष किसी एक जाति या समुदाय के न होकर समाज की प्रगति के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने रानीपुर विधायक आदेश चौहान से शिवालिक नगर स्थित मुख्य कार्यालय पर मुलाकात की। तीसरी बार विधायक बनने तथा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की सराहना की। महासभा के अध्यक्ष ठाकुर यशपाल सिंह राणा ने कहा कि कमजोर मानसिकता वाले कुछ दलगत राजनेता समाज के माहौल में अस्थिरता पैदा करने का काम कर रहे हैं, जिसका विरोध किया जाना जरूरी है। प्रदेश महामंत्री डॉ. शिवकुमार चौहान ने कहा कि समाज में अनेक जाति धर्म को मानने वाले लोगों के बीच कायम भाई-चारा आज बिखराव में बदल रहा है, जिनके प्रति मुखर होने की जरूरत है। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि महापुरुषों के त्याग से समाज में अनेक मान्यताएं तथा मिसाल कायम हैं। आदेश चौहान से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में शिक्षाविद् लोकेन्द्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह राठौर तथा सुशील पुंडीर शामिल रहे।

# बरनावा में तेंदुए की वीडियो वायरल, तेंदुए को पकड़ने को वन अधिकारी को दिया ज्ञापन

बागपत, प्रात: किरण संवाददाता

रंछाड के घने जंगलों से निकलकर तेंदुआ खेतों में भी दस्तक देने लगा ।दो तीन दिन से इस हिंसक वन्यजीव से किसानों में दहशत के चलते अकेले या फिर रात में खेतों पर सिंचाई आदि के लिए जाना भी कम हो गया है। किसानों के अनुसार गन्ने की फसल के कम रहने के कारण अपने शिकार की तलाश में तेंदुए को कई बार देखा गया है।

वहीं जनपद के रँछाड गांव निवासी समाजसेवी रविंद्र हट्टी तेंदुए को वन अधिकारी हेमंत कुमार को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि रँछाड गांव के जंगल में विगत दो दिन से तेंदुए ने आंतक मंचा रखा है ,जिस वजह से ग्रामीण दहशत के मारे खेतो में भी नहीं जा रहे हैं। वहीं वन अधिकारी हेमंत कुमार सेठ ने कहा कि जल्द ही तेंदुए को पकड़वाया जायगा। इसबीच खेत में छुपकर बैठे तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है , जिसे बरनावा के वन्य क्षेत्र का बताया जा रहा है। ट्रैक्टर सवार किसानों ने खेत मे बैठे तेंदुए का वीडियो बनाया तथा उसे वायरल कर दिया।



**दहशत**

- किसानों के अनुसार तेंदुए को कई बार देखा गया है
- जल्द ही तेंदुए को पकड़वाया जायगा: वन अधिकारी

वहीं तेंदुए की वीडियो वायरल देख और खबर लगने से बरनावा के किसान भी दहशत में आ गये हैं ।बता दें कि पूर्व में भी बरनावा वन्य क्षेत्र में तेंदुए देखे जाते रहे हैं। अब देखना है कि वन विभाग इन तेंदुओं को पकड़ने में कब तक कामयाबी हासिल करेगा।

# जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

बागपत, प्रात: किरण संवाददाता

कासिमपुर खेडी रेलवे स्टेशन के पास जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर बिना पोस्टमार्टम कराये परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के परिजनों ने बताया कि किशनपुर बराल निवासी योगेश उर्फ टीनू पुत्र कलीराम (22)गांव में रहकर ही अपनी पढाई कर रहा था ।गुरुवार की सुबह वह घर से शौच के लिए गया था ,जब वह रेलवे लाइन पार कर रहा था ,तो उसका पैर फिसल गया ,जिससे वह जनता एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया ।ट्रेन की चपेट में आने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच वहां पर खडे किसी ग्रामीण ने घटना की सूचना पुलिस और उसके परिजनों को दी।



- इयरफोन बना मौत का कारण

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक युवक का पंचनामा भरकर परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि मृतक युवक अपने कानों में इयरफोन लगाए हुए था, जिससे उसे ट्रेन आने का पता नहीं चला और उसकी चपेट में आ गया।

# डासना में अवैध अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर, करोड़ों की जमीन हुई कब्जामुक्त

गाजियाबाद, एजेंसी

अवैध अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली से सटे गाजियाबाद में कार्रवाईयों का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में वीरवार को डासना के उस्मान गढी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ उपजिलाधिकारी सदर विनय सिंह की अगुवाई में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 2 करोड़ मूल्य की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देहात ईरज रजा, क्षेत्राधिकारी सदर आकाश पटेल, अधिशासी अधिकारी डासना मनोज मिश्रा, राजस्व विभाग से तहसीलदार सदर विजय प्रकाश मिश्रा एवं नायब तहसीलदार सीलिंग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। एडीएम सिटी विनय सिंह ने बताया कि जिस जगह पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। उस जगह पर अवैध कब्जा करने वालों को पूर्व में भी दो बार नोटिस जारी किए जा चुके थे। उन्होंने बताया कि डासना में खसरा संख्या 3485ए, 3496ए एवं 3495 जोहड़ सरकारी सम्पत्ति जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ थी, को कब्जा मुक्त कराया गया। उक्त सरकारी सम्पत्ति पर उस्मान, इखलाक ने अवैध कब्जा किया हुआ था। जिस पर तहसीलदार सदर के ने 122 बी के अंतर्गत बेदखली की कार्यवाही करने के बाद दो बार नोटिस भी दिया था। नोटिस के भी अवैध कब्जा नहीं हटवाये जाने के कारण वीरवार को अवैध कब्जे को बलपूर्वक हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान एसपी ग्रामीण ईरज रजा शुरू से लेकर आखिर तक मौजूद रहे। उनके साथ पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। वह चोटिल होने के बाद भी अपनी ड्यूटी करना नहीं भूले और अस्वस्थ होने के बावजूद कार्रवाई के दौरान पूरी तरह सतर्क नजर आए। बता दें कि पिछले दिनों फुट पेट्रोलिंग के दौरान वह चोटिल हो गए थे।



# बनबसा से टनकपुर तक सीएम धामी ने किया रोड शो

देहरादून, एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टनकपुर-बनबसा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे हैं। यहां सीएम ने बनबसा से टनकपुर तक रोड शो किया। सीएम सुबह 10:30 बजे बनबसा स्टेडियम में हेलिकॉप्टर से पहुंचे थे। बनबसा से टनकपुर तक रोड शो के बाद अब वह टनकपुर के गांधी मैदान में रैली करेंगे। रोड शो के दौरान सीएम के साथ सांसद अजय टम्टा और पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी भी मौजूद रहे।

इससे पहले भी बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कुमाऊं दौरे पर थे। सीएम को चंपावत सीट से उपचुनाव लड़ना है। ऐसे में अब वह उपचुनाव के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। यहां कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने के लिए कमेटी का शीघ्र गठन किया जाएगा। इस कमेटी में शामिल न्यायविदों, प्रबुद्धजनों और सेवानिवृत्त लोगों की ओर से तैयार ड्राफ्ट के आधार पर सिविल कोड तैयार किया जाएगा। उन्होंने बिजली संकट को पूरे देश की समस्या बताते हुए कहा कि सरकार इससे निपटने के उपाय कर रही है। यह बात उन्होंने बुधवार शाम रुद्रपुर के एक होटल में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सिर्फ कोरी घोषणाएं नहीं करती, बल्कि घोषणाओं को धरातल पर उतारती भी है।

उन्होंने विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन रुद्रपुर में भाजपा के दोबारा सत्ता में आने पर यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने की घोषणा की थी जो शीघ्र पूरी की जाएगी। इसके बाद सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू हो जाएगा। इसके साथ ही किच्छा में भी जल्द एम्स के सेटेलाइट सेंटर का निर्माण शुरू होने जा रहा है।

# 48 लाख हेक्टेयर में होगी खरीफ फसलों की बुआई

रायपुर, एजेंसी

कृषि विभाग द्वारा आगामी खरीफ सीजन में फसलों की बुआई को लेकर लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। खरीफ सीजन 2022 में कुल 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार फसलों की बुआई होगी, जो कि बीते खरीफ सीजन 2021 की तुलना में लगभग 55 हजार हेक्टेयर अधिक है।

खरीफ सीजन 2022 के बुआई लक्ष्य निर्धारण में सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि धान के रकबे में बीते खरीफ सीजन के तुलना में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी कर दी गई है, जबकि मक्का के रकबे में लगभग एक लाख हेक्टेयर तथा कोदो, कुटकी और रागी के रकबे में लगभग 66 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। धान के रकबे को घटाने के साथ ही कृषि विभाग ने दलहन-तिलहन एवं अन्य फसलों के बुआई रकबे में बीत साल की तुलना में लगभग पौने तीन लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2021 में राज्य में 47 हजार 65 हजार 190 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी। खरीफ सीजन 2022 में इस लक्ष्य को लगभग 55 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर कर दिया गया है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 38 लाख 99 हजार 340 हेक्टेयर में धान की बोनी हुई थी, खरीफ सीजन 2022में इस लक्ष्य को घटाकर 33 लाख 64 हजार 500 हेक्टेयर कर दिया गया है।

**दहशत**

- बीते खरीफ सीजन 2021 की तुलना में लगभग 55 हजार हेक्टेयर अधिक

यानि धान के रकबे में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी लाने का लक्ष्य विभाग ने रखा है। खरीफ सीजन 2022 में मक्का की बुआई 3 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होगी, जबकि बीते वर्ष राज्य में 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाया गया है। कोदो कुटकी और रागी का रकबा भी 82 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख 47 हजार हेक्टेयर किया गया है। इस प्रकार राज्य में मोटे अनाज का रकबा भी 2 लाख 88 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 4 लाख 60 हजार हेक्टेयर किया गया है। दलहनी फसलों का रकबा 4 लाख 48 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जबकि बीते खरीफ सीजन में 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर में दलहनी फसलों की खेती की गई थी। इसी तरह तिलहनी फसलों के रकबे में एक लाख की बढ़ोत्तरी करते हुए इनका रकबा दो लाख 67 हजार 700 हेक्टेयर कर दिया गया है। खरीफ 2021 में राज्य में एक लाख 66 हजार 670 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें लगाई गई थी, अन्य खरीफ फसलों के रकबे में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। खरीफ 2022 में अन्य खरीफ फसलें दो लाख 83 हजार हेक्टेयर में लगाए जाने का लक्ष्य है, जबकि बीते खरीफ सीजन में इनकी बोनी का रकबा एक लाख 33 हजार हेक्टेयर था।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ी बिजली कटौती, परेशान उद्योगपतियों ने कहा उत्पादन हुआ ठप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती बिजली कटौती का असर अब कारोबार में भी पड़ने लगा है। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने जानकारी दी कि 15-20 दिनों से उरला, सिलतरा, रावाभाटा, सरोरा सहित औद्योगिक क्षेत्र में अनियमित और बिना पूर्व सूचना के विघुत कटौती की जा रही है। इसकी वजह से हमारे प्रदेश के सबसे पुरानी और बड़ी औद्योगिक क्षेत्र मे उत्पादन पूरी तरह ठप्प सा हो गया है। अगर यही स्थिति बनी रही तो उद्योगों में ताले लगने शुरू हो जायेंगे। उद्योग जगत विभिन्न प्रकार की परेशानियो से वैसे ही जूझ रहा है तथा पर्याप्त मात्रा मे बिजली की आपूर्ति नही होने से हमारे प्रदेश के उत्पादो का प्रदेश के उघमी समय पर अपने ग्राहको को उत्पादो की बिक्री नही कर पायेंगे। इसकी वजह से हमारे प्रदेश के आर्डर अन्य प्रदेशो की ईकाईयो को स्थानांतरित हो जायेंगे। जब भी प्रदेश मे कोई विघुत संकट आता है तो उरला, सिलतरा, रावाभाटा, सरोरा इत्यादि औद्योगिक क्षेत्र मे भारी विद्युत कटौती की जाती है, जिसकी वजह से प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र इस तकलीफ को वर्षों से झेलते आ रहा है।

# जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता : सोमेन्द्र

गाजियाबाद, एजेंसी

प्रदेश सरकार में ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर वीरवार को गाजियाबाद में थे। जहां उन्होंने जिला मुख्यालय पर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। इसके अलावा उन्होंने मीडिया से भी बात की। जिला मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक विद्युत आपूर्ति बेहतर हो। इसके लिए हर उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तभी से बिजली की समस्या दूर हो गई है और लगातार इसमें सुधार किया जा रहा है। जल्द ही आसपास के जिलों में बिजली की छोटी मोटी समस्या का पूरी तरह कराया जाएगा।

बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बड़े बकायदारों से वसूली के लिए अभियान चलाएं और वसूली सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि शिकायतकताओं के साथ अधिकारी नम्री से पेश आएं और उनकी समस्याओं का जल्दी से जल्दी निस्तारण करें। इसके अलावा बिजली चोरी रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए जाएं। ऊर्जा मंत्री भाजपा महानगर कार्यालय भी पहुंचे। जहां महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा लोगों की समस्याओं के संबंध में दिए गए पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन ऊर्जा मंत्री ने दिया। इन अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, विश्वेशर त्यागी, कामेश्वर त्यागी, दिवाकर सिंधल, रनिता सिंह, तारा जोशी, इंदु जौहरी, पूनम कौशिक, पूनम शर्मा, वीरेंद्र कंडेरानीरज गोयल आदि मौजूद रहे।

# गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए समर एक्शन प्लान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में गर्मी के मौसम में पीने के पानी की समस्या से निपटने के लिए समर एक्शन प्लान 2022 तैयार किया है। इस संबंध में गुरुवार को जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने आज दिल्ली सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक की। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने बैठक में अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पानी की लाइनें बिछाने, ट्रीटमेंट प्लांट को दुरुस्त करने आदि कार्यों को लेकर प्रगति रिपोर्ट मांगी है। साथ ही, दिल्ली के विभिन्न इलाकों में टैंकरों से पानी पहुंचाने के कार्य में सुधार लाने और शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया है। इन सभी कामों की प्रगति पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निगरानी भी रखी जाएगी, ताकि सभी कामों को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अपने जल उपचार संयंत्रों को नए और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर अपग्रेड किया है। सिस्टम को कुशल और मजबूत बनाया गया है, ताकि गर्मी में लोगों को पानी की कमी के चलते परेशानी न झेलनी पड़े। लोगों के घरों तक साफ पानी पहुंचाने के साथ- साथ कम से कम समय में शिकायतों को हल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दिल्लीवालों के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले पानी आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने पर्याप्त व्यवस्था की है। पानी के उत्पादन का लक्ष्य बढ़ाकर 1000 एमजीडी किया गया, 65 एमजीडी अधिक पानी की सप्लाई होगी पिछले साल की गर्मियों में दिल्ली में 935 एमजीडी पानी सप्लाई की जाती थी। वहीं, इस साल बढ़ती गर्मी के मद्देनजर केजरीवाल सरकार ने पानी का उत्पादन बढ़ाकर 1000 एमजीडी तक करने का लक्ष्य रखा है। यानि की इस बार गर्मी में राजधानी में 65 एमजीडी अधिक पानी की आपूर्ति होगी। इसके साथ ही, पानी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को भी अपग्रेड किया है। जेजे कॉलोनियों में पाइपलाइन से होगी जलापूर्ति दिल्ली की जेजे कॉलोनियों में पाइपलाइन के जरिए वाटर सप्लाई की जाएगी। दिसंबर 2021 तक 1642 कॉलोनियों में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। 65 कॉलोनियों में पाइपलाइन के जरिए जल्द ही पानी की आपूर्ति चालू कर ली जाएगी। वहीं, 38 कॉलोनियों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। बता दें सभी जेजे क्लस्टरों में पब्लिक वॉटर हाइड्रेंट व टैंकरों के माध्यम से पानी की सुविधा है।

### हरियाणा से आ रहे पानी की होगी निरंतर निगरानी

गर्मी के महीनों के दौरान जल उपचार संयंत्रों और संबंधित पंपिंग प्रतिष्ठानों को बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पानी में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद होने से रोकने के लिए हरियाणा में निरंतर निगरानी की जाएगी। दरअसल, हरियाणा से आने वाले पानी में कई बार अमोनिया का स्तर बढ़ जाता है। इससे दिल्ली के प्लांट की क्षमता कम हो जाती है और कई इलाकों में पानी का संकट गहरा जाता है। ऐसे में केजरीवाल सरकार इस समस्या से निपटने के लिए एडवांस में तैयार है। इसके लिए नई निगरानी प्रक्रिया तैयार की है, ताकि लोगों को भविष्य में पानी की किल्लत से न जूझना पड़े। पानी में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद होने से रोकने के लिए जल मंत्री सत्येंद्र जैन व्यक्तिगत रूप से हरियाणा सरकार के साथ कोआर्डिनेट कर स्थिति की निगरानी करेंगे। उन्होंने बैठक के दौरान गर्मी में पानी की किल्लत से निपटने के लिए आवश्यक सामग्रियों के स्टॉक की स्थिति और अन्य तैयारियों की भी समीक्षा की।

# सभी जाति, समाज और धर्म के लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं: अशोक तंवर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- कांग्रेस अब सिर्फ एक ही जाति की पार्टी बनकर रह गयी है हरियाणा में: तंवर
- मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक हॉट लाइन से जुड़कर ले रहें है फायदा, आम जनता बेहाल: तंवर
- मंडियों में अनाज न खरीद कर अडानी के स्टोर हाउस में हो रहा है स्टॉक : तंवर

बिजली संकट से आम जनता त्रस्त है, बिजली के संकट से पानी कासंकट भी खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक हॉट लाइन से जुड़कर लाभ ले रहेहैं। जबकि आम आदमी परेशान है, पूरे प्रदेश में आम जनता बिजली संकट से त्रस्त है ।ये बात बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी के नेता अशोक तंवर ने कही। वे आम आदमी पार्टी के हेड ऑफिस से पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरों और गाँव केअंदर 18-20 घंटो का ब्लैकआउट हो रहा है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री अपने मित्रों की मौज करवा रहे हैं। प्रदेश सरकार अडानी से महंगी बिजली खरीदकर उनकी तिजोरी भरने का काम कर रही है। सरकार उद्योगपति से मिलीभगत करके आम जनता को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते आम जनता, किसान और गरीब वर्ग के बारे में सोचनेका काम करें, अन्यथा आम आदमी पार्टी 2024 में सरकार बनाने जा रही है। अब आम आदमीअपने लिए नीतियाँ बनाएगा। इस मौके पर उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी महेंद्र चौधरी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। सप्लायर और ब्लैकमेलर चला रहे हैं कांग्रेस पार्टीः तंवर आप नेता अशोक तंवर ने कांग्रेस पार्टी में हाल में हुए बदलावों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ब्लैकमेलर और सप्लायर कांग्रेस पार्टी को चलानेका काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी एक ही व्यक्ति, सोच और जाति की पार्टी बनकर रह गयी है। उन्होंने खुला ऑफर देते हुए कहा कि जो लोग साफ, नेक और ईमानदारी की राजनीति करना चाहते हैं। उनका स्वागत है। अपने सपनो का प्रदेश और देश बनाने में योगदान दें। आम आदमी पार्टी से हर समाज, वर्ग और जाति के लोग जुड़ रहे हैं और नेक और ईमानदार राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। पंचायत चुनावो से डरी प्रदेश सरकारः तंवर प्रदेश सरकार पंचायत चुनावों से डरी हुई है। कानून व्यवस्थाकी धज्जियाँ उड़ी हुई है। हमारी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। डॉक्टर तंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता की भावनाओं को समझने का काम करेगी और जनता की आवाज उठाने का काम करेगी। तीन महीनों के अंदर आम आदमी पार्टी संगठन खड़ा करके विपक्ष की भूमिका में दिखेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाले चुनावों में सरकार आम आदमी पार्टी की होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की पीट पीटकर निर्मम हत्या, खेत के पास मिला शव

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर इलाके में एक युवक की पीट- पीटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश करने की कोशिश कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की पहचान जितेन्द्र (26) के रूप में हुई है। वह मूलरूप से हरदोई उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। अलीपुर थाना पुलिस को बीते बुधवार को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें बताया गया कि सिंघु जाटी रोड एसबीडी स्कूल रोड स्थित खेत की बाउंड्री के पास खून से लथपथ हालत में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया मृतक के पास से एक आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी पहचान जितेन्द्र के रूप में हुई। उसके परिवार वालों को वारदात की जानकारी दी। जितेन्द्र के सिर और छाती पर चोट के निशान थे। उसके सिर और मुंह से खून लगा हुआ था।

### नशे के लिये बनाया दोस्त गैंग, करने लगे बंद घरों में चोरी,तीन पकड़े

नई दिल्ली। शालीमार बाग इलाके में पिछले साल दिसंबर महीने में एक कारोबारी के घर पर चोरी करने की वारदात में शामिल तीन चोर दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों ड्रगस का सेवन करने के लिये वारदातों को अंजाम दिया करते थे। आरोपियों की पहचान यू एंड वी ब्लॉक, शालीमार बाग में रहने वाले संजय उर्फ सांकी उर्फ पवन, रमन उर्फ फिरोज और मुख्तियार के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे ढाई सौ ग्राम सोने के गहने और सात किलो चांदी जब्त की है। तीनों आरोपी पहले भी कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं। जिला पुलिस उपायुक्त ऊषा रंगनानी ने बताया कि पिछले साल दिसंबर महीने में शालीमार बाग में रहने वाले शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में अपनी बेटी का विवाह समारोह करने गया था। कुछ दिनों के बाद जब वे लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके घर के ग्राउंड फ्लोर का दरवाजा टूटा हुआ था। घर में तोडफोड़ की गई थी। तलाशी लेने पर सोने चांदी के गहने और नकदी चोरी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

### फर्जी अधिकारी बनकर बिना मास्क वालों से ऐंठ रहा था रुपये, गिरफ्तार

नई दिल्ली। कोविड को लेकर सरकार ने गाईड लाईन जारी कर रखी है। जिसमें मास्क लगाना और दो गज की दूरी का पालन करना जरूरी है। निदेर्शों का उल्लघन करने पर चालान भरना पड़ सकता है। इसके लिये सरकार और पुलिस की टीमें जगह जगह पर चैकिंग भी कर रही हैं। लेकिन कुछ धोखेबाज गैंग ऐसे हैं जो घरों से निकालकर भोले भाले लोगों को निशाना बनाकर हर रोज पांच से दस हजार रुपये ऐंठ रहे हैं। नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस ने ऐसे ही एक धोखेबाज को पब्लिक की सहायता से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रोहिणी सेक्टर-17 निवासी जतिन सहगल के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से एक गृह मंत्रालय का कार्ड और 27 सौ रुपये,डायरी,चालान के चार से पांच हस्ताक्षर की गई पर्ची आदी सामान मिला है। कार्ड पांच महीने पहले मंत्रालय के एक अधिकारी का खो चुका था,जिसकी उन्होंने ई एफआईआर भी दर्ज करवा रखी है।

# डीसीडब्ल्यू ने आश्रय गृहों की स्थिति पर महिला एवं बाल विकास विभाग को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली महिला आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं और लड़कियों के लिए आश्रय गृहों की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगते हुए, महिला एवं बाल विकास विभाग को बृहस्पतिवार को एक नोटिस जारी किया। आयोग ने नोटिस के जरिये, विभाग को अपनी ओर से और स्वतंत्र एजेंसी कोशिश-टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) द्वारा सौंपी गई सिफारिशों पर की गई कार्रवाई की प्रति के साथ पिछले वर्षों में उसके संज्ञान में आयी सभी कमियों की मौजूदा स्थिति साझा करने के लिए कहा है। आयोग ने विभाग से कहा है कि अगर जनवरी 2020 के बाद से आश्रय गृहों से यौन शोषण या उत्पीड़न के मामले आए हैं तो उनकी जानकारियां दी जाए और यह भी बताया जाए कि उन पर क्या कार्रवाई की गयी। विभाग को आश्रय गृह के किसी भी कर्मचारी के निलंबन तथा इसकी वजह के बारे में एक रिपोर्ट देने को भी कहा गया है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, गरीब और सर्वाधिक अन्याय सहने वाली महिलाओं को आश्रय गृहों में रहना पड़ता है। यह सभी सरकारों का परम कर्तव्य है कि वे आश्रय गृहों में रह रहीं महिलाओं पर ध्यान दें, चाहे ये निजी तौर पर चलाए जा रहे हो या सरकार द्वारा चलाए जा रहे हो। मालीवाल ने कहा कि सरकार से सूचना इसलिए मांगी जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि इन आश्रय गृहों में महिलाओं तथा बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा, आयोग आश्रय गृहों में रह रहीं महिलाओं के कुशलक्षेम पर नजर रखता रहा है और उनकी स्थिति में सुधार के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेगा।

# दिल्ली में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन स्थिति गंभीर नहीं : सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजधानी में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है, लेकिन हालात गंभीर नहीं हैं क्योंकि लोग गंभीर रूप से बीमार नहीं हो रहे हैं और अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की दर कम है। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के भर्ती होने की दर के पीछे टीकाकरण और स्वाभाविक रूप से हासिल रोग प्रतिरोधक क्षमता को जिम्मेदार बताया। मंत्री ने यह भी कहा कि बच्चों में कोविड संक्रमण के मामलों को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कई सीरो सर्वे से यह पता चलता है कि बच्चों और वयस्कों में संक्रमण दर लगभग समान है लेकिन उनमें गंभीर रूप से बीमार पड़ने का खतरा नहीं है। जैन ने यहां पत्रकारों से कहा, दिल्ली में कोविड के मामले बढ़ गए हैं लेकिन लोग गंभीर रूप से बीमार नहीं हो रहे हैं और अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की दर कम है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारी आबादी ने पूरी तरह से टीके की खुराक ले ली है और बड़ी संख्या में लोग पहले संक्रमित हो चुके हैं इसलिए हालात गंभीर नहीं हैं। जैन ने कहा कि इससे पहले जब दिल्ली में 5,000 उपचाराधीन मरीज होते थे तो 1,000 लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत होती थी। विभिन्न अस्पतालों में कोरोना वायरस के मरीजों के लिए 9,390 बिस्तर उपलब्ध हैं और केवल 148 बिस्तरों पर ही मरीज भर्ती हैं। मंत्री ने कहा, हमारे पास अभी करीब 1,000 बिस्तर हैं। जरूरत पड़ने पर हम उनकी संख्या बढ़ाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ ही बुधवार को उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,832 पर पहुंच गयी, जबकि 11 अप्रैल को यह 601 थी। स्वास्थ्य विभाग के बुधवार को जारी बुलेटिन में कहा गया है कि अस्पताल में भर्ती होने की दर अभी तक कम रही है और यह संक्रमण के कुल मामलों के तीन प्रतिशत से भी कम है। इसमें कहा गया कि दिल्ली के अस्पतालों में कोविड-19 के 129 मरीज भर्ती हैं जबकि 3,336 घर पर पृथक वास कर रहे हैं। कोविन पोर्टल के अनुसार, दिल्ली में 1,47,01,155 लोगों ने टीके की पूरी खुराक ले ली है जबकि 7,18,788 ने तीसरी या एहतियाती खुराक भी ले ली है।

# दिल्ली के जहांगीरपुरी हिंसा मामले में दो और लोगों की गिरफ्तारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में इस महीने की शुरुआत में हुई सांप्रदायिक झड़पों के संबंध में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही इस मामले में अब तक करीब 28 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों की पहचान जहांगीरपुरी निवासी जाफर (34) और बाबुद्दीन उर्फ बाबू (43) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपियों को बुधवार को जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि जाफर और बाबुद्दीन दोनों कथित रूप से दंगों में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और मोबाइल वीडियो की पड़ताल करने के दौरान, जाफर को हिंसा के दौरान भीड़ के साथ घूमते देखा गया था। वहीं, हिंसा के दौरान बाबुद्दीन भी भीड़ को उकसा रहा था। दोनों को डिजिटल साक्ष्य और तकनीकी निगरानी के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि 16 अप्रैल को जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच सांप्रदायिक झड़प हो गई थी, जिसमें आठ पुलिसकर्मी और एक स्थानीय निवासी घायल हो गया था। पुलिस के अनुसार, इन झड़पों के दौरान पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया था। हिंसा के कुछ दिनों बाद, दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने मामले के मुख्य आरोपी के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र लिखा था। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत भी मामला दर्ज किया है।

# आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने भलस्वा लैंडफिल साइट का किया दौरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- भलस्वा लैंडफिल साइट पर तीसरे दिन भी नहीं बुझी आग, आग बुझवाने के बजाए भाजपा अवैध वसूली में लगी है- दुर्गेश पाठक
- भाजपा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे, जरूरत पड़ने पर कोर्ट भी जाएंगे- दुर्गेश पाठक

आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने गुरुवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया। उन्होंने कहा कि आज तीसरा दिन है लेकिन अभी तक आग बुझी नहीं है। धुएं के कारण सांस लेना मुश्किल हो रहा है लेकिन भाजपा को उगाही और भ्रष्टाचार करने से फुर्सत नहीं है। दुर्गेश पाठक ने पुलिस में शिकायत लिखवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर हम कोर्ट भी जाने को तैयार हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एमसीडी में पिछले 15 सालों से भ्रष्टाचार करके दिल्ली को कूड़े के पहाड़ का उपहार दिया है। भलस्वा लैंडफिल पर परसों जो आग लगी थी, वह अभी तक नहीं बुझी है। पूरी कॉलोनी में धुआं-धुआं हो रखा है। यहां सांस लेना मुश्किल हो रखा है। लेकिन न तो भाजपा का कोई नेता यहां आया और न ही इस आग को बुझाने की कोई कोशिश की जा रही है। दिल्ली वालों को मरने के लिए उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अगर इन्हें बता दो कि यहां कोई घर बन रहा है तो इनके लोग तुरंत पैसा खाने पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार करने में व्यस्त हैं। कूड़े के पहाड़ को साफ करने के लिए जो पैसा भाजपा को दिया गया था, यह लोग उसे भी खा गए। लेकिन कूड़े का पहाड़ साफ नहीं हुआ। यहां के लोग हमारे विधायक अजय दत्त से दूसरे स्थान पर ले जाने की गुजारिश कर रहे हैं। यहां छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल है, बच्चों का बुरा हाल हो रखा है। यह सब भाजपा के 15 सालों के भ्रष्टाचार का नतीजा है। मैंने भाजपा के खिलाफ कल प्रेसवार्ता कर आपराधिक लापरवाही की एफआईआर की मांग की थी। आज हम पुलिस में भी शिकायत देंगे। भाजपा के नेताओं को जेल भेज देना चाहिए। जरूरत पड़ने पर हम कोर्ट भी जाने को तैयार हैं।

### स्पेशल स्टॉफ ने 27 जुआरियों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी जिला स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने 27 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 47 हजार तीन सौ रुपये, 773 प्लेइंग काड्र्स और छह पर्ची पैड बरामद किये हैं। पुलिस ने उस जगह को भी सील कर दिया है। जहां पर जुआ खेला जा रहा था। डीसीपी समीर शर्मा ने गुरुवार को बताया कि बढ़ते संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए थानास्तर पर और विशेष टीमें गठित की गई है। उनका मकसद जिले को अपराध से मुक्ति दिलवाना और लोगों को सुरक्षित जिला देना है। जिसको लेकर वे कई ऑपरेशन चला रहे हैं। बीते मंगलवार को स्पेशल स्टॉफ को मंगोलपुरी इलाके में शिव कुमार उर्फ शिबू नामक युवक द्वारा जुआ रैकेट खिलावाने के बारे में पुख्ता जानकारी मिली। एसीपी अरुण कुमार चौधरी की देखरेख में आरोपितों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया था। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करने के बाद रंगेहाथों किंगपिन शिव कुमार उर्फ शिबू समेत27 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। मंगोलपुरी थाने में आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

### लापरवाही दूसरी कोविड लहर की भांति खतरनाक साबित हो सकती है

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की दिल्ली के प्रति बेरुखी और लापरवाही के कारण पिछले एक सप्ताह से लगातार कोविड-19 संक्रमण के 1000 से भी अधिक पाजिटिव मामले सामने आ रहे है जबकि दिल्ली में कल पाजिटिव संक्रमितों की संख्या 1367 रही। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार यह जानते हुए कि दिल्ली में सरकारी आंकड़ो के अनुसार कोविड संक्रमण से 26170 लोग जान गंवा चुके ही, उससे कोई सबक नही लेते हुए कोविड संक्रमण के लगातार बढ़ते मरीजों के प्रति कोई संवेदनशीलता दिखाई नही दे रही है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री दिल्ली में कोविड पर नजर रखने की बजाय पंजाब सरकार चलाने के लिए नई-नई योजनाओं को दिल्ली सरकार से साझा करके नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी में 11 अप्रैल को कोविड एक्टिव संक्रमितां की संख्या 601 थी जो अब बढ़कर 4832 हो गई है।

**फॉर्म नंबर यूआरसी-2**
**कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग I के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने के लिए विज्ञापन**
**[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुपालन में]**

1. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में इस सुचना के पंद्रह दिनों के बाद लेकिन इसके तीस दिनों की समाप्ति से पहले, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6,7,8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड-122050 में रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है कि **ट्रेइस सॉल्यूशंस एलएलपी,** लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग-I के तहत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाये।
2. प्रस्तावित कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:
   क) विभिन्न उत्पादों के लिए सेवाओं, भंडारण, माल के वितरण, और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से संबंधित व्यवसाय समेत तेल, पेट्रोलियम और ऊर्जा उत्पादों और उनके भंडारण टैंक, कुंज और संबंधित उत्पाद लेकिन सीमित नहीं तक से संबंधित व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए।
   ख) उत्पादों के भंडारण, वितरण और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन के उद्देश्यों के लिए सॉफ्टवेयर, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप और बैकएंड आईटी सिस्टम को विकसित करना, प्रदान करना, डिजाइन करना, आयात करना, निर्यात करना, वितरित करना, सौदा करना और प्रबंधित करना।
   ग) व्यवसाय को और बढ़ाने के लिए अन्य उद्यमों, साझेदारी, कंपनियों या एलएलपी(ओं) में निवेश करना।
   घ) उपरोक्त व्यवसाय के संबंध में किसी भी वैध कार्य या गतिविधि में शामिल होने के लिए, यदि आवश्यक हो तो आवश्यक अनुमोदन के अधीन।
   ड) पूर्वगामी की पूर्ति के लिए आवश्यक, वांछनीय, या आकस्मिक सभी गतिविधियों में संलग्न होना।
3. ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की एक प्रति का निरीक्षण, ए-41 ग्राउंड फ्लोर, मथुरा रोड मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली 110044 में प्रस्तावित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में किया जा सकता है।
4. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर, लिखित रूप में अपनी आपत्ति एक प्रति के साथ प्रस्तावित कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6,7,8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड-122050, में रजिस्ट्रार को दर्ज करा सकता है।

दिनांक 28 अप्रैल, 2022

कृते **ट्रेइस सॉल्यूशंस एलएलपी**
एसडी/-
**अदनान अरसलान किदवई**
(नामित भागीदार)

# दिल्ली के भलस्वा लैंडफिल पर आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों का काम तीसरे दिन भी जारी

सूचना: वर्तमान में आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां काम कर रही हैं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तरी दिल्ली में भलस्वा लैंडफिल साइट पर बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन भी आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों के प्रयास जारी रहे। अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह से काबू पाने में कम से कम एक दिन का समय और लगेगा। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां काम कर रही हैं।

गौरतलब है कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर मंगलवार शाम को भयानक आग लग गई। कई वीडियो में घने धुएं से आसमान का रंग काला पड़ता देखा जा सकता है। आसपास के निवासियों ने बुधवार शाम को कहा कि घने धुएं के कारण उन्हें बेहद तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है।

एक दमकल अधिकारी ने कहा, मौजूदा समय में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर काम कर रही हैं। आग पर काबू पाने में कम से कम एक दिन और लगेगा। हमारी टीमें इसे बुझाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। अधिकारी ने बताया कि, निवासियों ने गले में खराश, आंखों में खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत शुरू कर दी है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि तापमान बढ़ने से कूड़े के ढेर में मीथेन गैस बनती है जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को राजधानी में स्थित लैंडफिल साइट पर आग लगने की घटनाओं के लिए नगर निगम में भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा शासित नगर निकायों को कचरे के पहाड़ों को साफ करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना चाहिए था।

भलस्वा लैंडफिल साइट के पास कूड़ा बीनने वालों के बच्चों के लिए बाल संसाधन केंद्र ज्ञान सरोवर स्कूल को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है क्योंकि क्षेत्र में घने धुएं का गुबार फैला है। बता दें कि इस साल पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने की तीन घटनाएं हुई हैं, जिसमें 28 मार्च की एक घटना भी शामिल है, जिसे बुझाने में 50 घंटे से अधिक समय लग गया था।

### भाजपा ने दिल्ली के 40 गांवों का नाम बदलने की उठाई मांग

नई दिल्ली। मोहम्मदपुर गांव में माधवपुर का बोर्ड लगाने के बाद भाजपा ने दिल्ली के 40 गांवों का नाम बदलने की मांग की है। इसे लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने दिल्ली सरकार से इस संबंध में जल्द फैसला करने की मांग की है। आदेश गुप्ता बुधवार को मोहम्मदपुर गांव में जाकर इसका नाम बदलने की मांग करते हुए माधवपुर का बोर्ड लगाया था। उनका कहना है कि गांववासियों की मांग पर लगभग चार माह पहले दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने इस संबंध में प्रस्ताव पास करके दिल्ली सरकार को भेजा था। दिल्ली सरकार ने अब तक इसे मंजूरी नहीं दी है। उनका कहना है कि देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है। इतने वर्षों बाद भी राजधानी के कई गांवों के नाम गुलामी के प्रतीक वाले हैं। संभव है मुख्यमंत्री का ध्यान इस तरफ नहीं गया हो। भाजपा ने इस तरह के 40 गांवों की पहचान की है।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य इंजीनियर/टीएमसी/प्र.का., उत्तर रेलवे बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली द्वारा सम्भरणकर्ताओं से ई-प्रोक्योमेंट प्रणाली के तहत निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ई-निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए27पी90टीएमसी 2022 | इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल, हाइड्रोलिक एक्यूमुलेटर एण्ड हाइड्रोलिक मोटर। | 05 मद | 23.05.2022 को 11.30 बजे। |

**नोट:-1.** उपरोक्त सभी निविदाओं का पूर्ण विवरण " **www.ireps.gov.in.**" पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक विक्रेताओं को ई-निविदा में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास-III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**पत्र संख्या:- 219-एस/1/टीएमसी/निविदा-सूचना/16/2022-23 दिनांक: 28.04.2022** 988/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82221193 | सीताग्लिप्टिन 50 मिलीग्राम और मेटफोर्मिन 500 मिलीग्राम | 531500 Nos | 27-05-2022 |
| 02 | 82221216 | एम्पाग्लिफ्लोज़िन 25 मिलीग्राम टैबलेट | 175700 Nos | 27-05-2022 |
| 03 | 82221208 | एम्पाग्लिफ्लोज़िन 10 मिलीग्राम | 153000 Nos | 27-05-2022 |

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा शर्तें :– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं 987/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### शुक्रवार को होगी दिल्ली दंगे में आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली दंगा में आरोपित रहे उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई एक दिन के लिए टाल दी गई है। बृहस्पतिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन इसको एक दिन के लिए टाल दिया गया है। यानी उमर खालिद की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अगली सुनवाई होगी। दरअसल बुधवार की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सरकार की आलोचना के लिए उमर खालिद द्वारा इस्तेमाल किए शब्दों पर एतराज जताया था और लक्ष्मण रेखा न लांघन की नसीहत दी थी। उमर खालिद और अन्य लोगों पर फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों का मास्टर माइंड होने के मामले में यूएपीए के तहत मामले दर्ज किये गये थे। उस दौरान दंगों में 53 लोग मारे गये थे और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। वहीं, जेएनयू शोधकर्ता की उमर खालिद की अपील की सुनवाई बृहस्पतिवार को यह कहते हुए स्थगित कर दी कि उनके कथित आपत्तिजनक भाषण की व्याख्या करने वाले उनके नए दस्तावेज रिकॉर्ड में नहीं आए हैं।

### अवैध शराब की खेप जब्त, दो पकड़े

नई दिल्ली। नॉर्थ वेस्ट जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर अवैध शराब की खेप और वारदात में इस्तेमाल वाहन भी जब्त किया है। आरोपियों की पहचान जहांगीरपुरी के रहने वाले प्रहलाद और धमंदिर गौतम के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम साढ़े छह बजे हेड कांस्टेबल नरशी राम को इलाके में अवैध शराब की खेप आने की सूचना मिली थी। इंस्पेक्टर अमित कुमार के निर्देशन में हेड कांस्टेबल नरसी राम,विजय, कांस्टेबल भोनू कुमार, रोहित और मंजीत को आरोपियों को पकडें का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके एकता कैंप झुग्गी के पास थ्रीव्हीलर को रोका,जिसमें चालक समेत दो आरोपी थे। जिनको मौके पर दबोच लिया। वाहन की तलाशी लेने पर अवैध शराब जब्त की।

### दो गुटों के बीच हुए झगड़े में बीच बचाव करने वाले एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के इंद्रपुरी इलाके में दो गुटों के बीच हुए झगड़े में बीच बचाव करने वाले एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। आरोपितों ने उसके सीने पर चाकू मारकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। युवक को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी घनश्याम बंसल का कहना है कि कुछ युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान इंद्रपुरी निवासी प्रवेश के रूप में हुई है। इलाके में रहने वाले किशन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करता है। 25 अप्रैल की रात वह दोस्त से फोन पर बात करने के लिए घर के पास स्थित पार्क में गया। वहां पहले से इलाके के रहने वाले प्रदीप और प्रवेश मौजूद थे। सभी पार्क में बात कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े ग्यारह बजे इलाके में रहने वाला यश राजौरा पार्क में आया और बताया कि उसका डी ब्लॉक में रहने वाले अजय से झगड़ा हो गया है। सभी पार्क के गेट पर पहुंचे।

### मोस्ट वांटेड आरोपियों में शामिल फरीद पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार, बाकियों की तलाश जारी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने जहांगीरपुरी हिंसा के मोस्ट वांटेड आरोपियों में से एक फरीद को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली पुलिस की टीम कई दिनों से पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए थी। अब उसे कामयाबी मिली है। फरीद पर दिल्ली में पहले से 6 मुकदमे दर्ज हैं। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने सुबह जफर और बाबुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। इन दोनों को दिल्ली से बृहस्पतिवार की सुबह गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में ये तीनों एक ही दिन गिरफ्तार किए गए हैं। मालूम हो कि हनुमान जन्मोत्सव के दौरान निकाले गए जुलूस पर जहांगीरपुरी इलाके में उपद्रव हुआ था। इस दौरान दिल्ली पुलिस के आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। पुलिस पर पत्थरों, बोतलों और अन्य से हमला कर दिया गया था। इसके बाद कई इलाके में माहौल तनावपूर्ण हो गया था। दिल्ली पुलिस ने इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा करने के लिए कई टीमों को जिम्मेदारी सौंप दी थी।

## भाजपा ने कल्याणपुरी के दुकानदारों से कहा कि हमें हर महीने कुल 20 लाख रुपए दो नहीं तो बुलडोजर चलवा देंगे: दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि कल भाजपा ने कल्याणपुरी की लगभग 200 दुकानों से 10 हजार रुपए प्रति माह की मांग की। जब दुकानदारों ने पैसे देने से मना कर दिया तो लगभग 8 दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया। मार्केट एसोसिएशन के लोगों ने मामले को लेकर दिल्ली पुलिस को शिकायत लिखी है और कार्रवाई की मांग की है। आशा करता हूं कि दिल्ली पुलिस इसपर कोई एक्सशन लेगी। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी देते हुए भाजपा से अपनी गुंडागर्दी और उगाही को बंद करने को कहा है। आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि यह मामला मेरी विधानसभा कोंडली का है। मामले की जानकारी मिलते ही मैं घटनास्थल पर पहुंचा जिसके बाद बुलडोजर वापस चला गया। लेकिन भाजपा ने दुकानदारों को फिर से आने की धमकी दी है और कहा कि पैसे इकट्ठा करके रखो। हम दिल्ली में भाजपा की इस गुंडागर्दी को नहीं चलने देंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी प्रभारी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से भाजपा और उनके लोग पूरी दिल्ली में घूम रहे हैं। हर घर, हर दुकान में जाकर बताते हैं कि आपके छज्जे में समस्या है, आपकी सीढ़ियों में समस्या है, आपने फाटक बड़ा कर रखा है आदि। इसके बाद कहते हैं कि हमें पैसे दो नहीं तो बुलडोजर चलवा देंगे। हमारे विधायक, हमारे सभी लोग दिल्ली की जनता के साथ खड़े हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष जी ने भी पत्र लिखकर सभी विधायकों से जनता के बीच रहने को कहा। भाजपा तबसे कह रही है कि यदि हमने ऐसा कहा है तो इसका सबूत कहां है? कुछ दस्तावेज दिखाते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज हम आपके बीच में सबूत लेकर आए हैं कि भाजपा के लोग किस तरह पूरी दिल्ली में उगाही कर रहे हैं। कल्याणपुरी में लगभग 200 दुकाने हैं, कल भाजपा ने उन दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। कई दिनों से वहां पैसों की उगाही की कोशिश की जा रही थी। जब मार्केट एसोसिएशन के लोगों ने पैसे देने से मना कर दिया तो कल लगभग 8 दुकानों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। जिसके बाद मार्केट एलोसिसिएशन के लोगों ने लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में लिखा है कि किस तरह से एमसीडी में शासित भाजपा के लोग हर दुकान से 10 हजार प्रति माह मांग रहे हैं। साथ ही दुकानों से 20 लाख रुपए प्रति माह भाजपा पार्टी मुख्यालय में भेजने को कहा है। 200 दुकानें हैं, हर दुकान से 10 हजार रुपए प्रति माह की उगाही का टार्गेट रखा गया है। ऐसा नहीं करने पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी जा रही है। आशा करते हैं कि पुलिस इस शिकायत पर कोई कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की हर बाजार का यही हाल हो गया है। सभी दुकानों से भाजपा उगाही करने में लगी हुई है। आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है और भाजपा को चेतावनी देती है कि इस गुंडादर्गी और उगाही को बंद करे। हमारे विधायक कुलदीप इस पूरी घटना पर विस्तार में जानकारी देंगे। कोंडली से आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि बीजेपी का गुंडाराज और रिश्वतखोरीराज पूरी दिल्ली में चल रहा है। दिल्ली के लोगों को डरा-धमकाकर उनसे उगाही की जा रही है। कल मेरी विधानसभा कोंडली से इसका एक मामला मेरे पास आया। कल लगभग 3 बजे के आसपास एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा उन लोगों से पैसों की मांग कर रही है। कल्याणपुरी मार्केट में जगह-जगह ठेले लगे हुए हैं। लगभग 200-300 के आसपास ठेले हैं। उन सभी से 10 हजार रुपए प्रति माह की उगाही की कोशिश की जा रही थी। लेकिन जब उन गरीब लोगों ने पैसे देने से मना कर दिया तो उनके चालान काटे गए। जब चालान से भी बात नहीं बनी तो दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। इसके बाद भी उन्हें दोबारा धमकी देकर गए हैं। बुलडोजर कहां चलाना है, खुद भाजपा के नेता यह बता रहे थे। पिछले 15 सालों से उगाही करने के बाद अब अंतिम समय में भी पूरी दिल्ली में लूट मचा रखी है। दिल्ली के लोग परेशान हैं। उनका घर, उनकी रोजी-रोटी उन दुकानों से चलता है लेकिन भाजपा उनसे वह भी छीन रही है। भाजपा के लोग दिल्ली में कहीं भी गुंडागर्दी करेंगे तो हम लोग उन्हें वहां खड़े मिलेंगे। जब लोगों ने मुझे मामले की जानकारी दी तो मैं तुरंत वहां पहुंचा जिसके बाद कुछ दुकानों को तोड़ने के बाद बुलडोजर वापस चला गया। इसी के साथ वह लोग धमकी देकर गए कि कुछ दिनों बाद हम फिर आएंगे, तबतक पैसे इकट्ठे कर लो। यह भाजपा की कैसी गुंडागर्दी है? दिल्ली के हर घर में कोई न कोई कमी निकालकर भाजपा उगाही करने में लगी हुई है। भाजपा की इस लूट को हम चलने नहीं देंगे।

## सिसोदिया ने कि पूर्वी दिल्ली के सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए निरीक्षण की श्रृंखला जारी रखते हुए, उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पूर्वी दिल्ली के सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें जाम से न जूझना पड़े इसके लिए समय-समय पर जरुरत के अनुसार सड़कों का मेन्टेनेन्स का कार्य होते रहना चाहिए इस बाबत उपमुख्यमंत्री ने पूर्वी दिल्ली के 12 सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों के लिए 9.39 करोड़ रुपए लागत के परियोजनाओं को मंजूरी दी इन सड़कों का आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा ताकि लम्बे समय तक ये सड़के मजबूत बनी रही इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण से न केवल यातायात की आवाजाही बेहतर होगी बल्कि लोगों का समय बचेगा और ये प्रदुषण रोकने में भी मददगार साबित होगा उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा विजन अपने नागरिकों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध करवा उन्हें यात्रा का बेहतर अनुभव देना है इसके लिए हम आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे है जिससे दिल्ली की सड़के यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सके उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता को असुविधा न हो इसलिए इन निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए

### पूर्वी दिल्ली के इन सड़कों का होगा जीर्णोधार

- सद्भावना मार्ग (रोड नंबर-111)
- क्लब एवेन्यू मार्ग (रोड नंबर 112)
- सहकारिता मार्ग (रोड नंबर 113)
- अम्बेडकर मार्ग
- सुभाष मार्केट रोड
- त्रिलोकपुरी ब्लॉक नंबर 1 से 11
- खुदी राम बोस मार्ग
- एनएच-24 गाजीपुर से कोंडली ब्रिज
- समीर भान मार्ग
- गाजीपुर डेयरी फार्म में लाइव स्टॉक मार्केट से गली नंबर 7 ब्लॉक-सी तक की सड़क
- भगवान महावीर स्वामी मार्ग
- वसुंधरा एन्क्लेव में हाई-एंड अपार्टमेंट से सूचना अपार्टमेंट तक की सड़क

## पुलिस की अनुपलब्धता की वजह से अतिक्रमण रोधी अभियान रद्द किया गया : एसडीएमसी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) की ओर से जसोला और सरिता विहार में चलाए जाने वाले अतिक्रमण विरोधी अभियान को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने की वजह से बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया गया। एसडीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक, सड़कों और सरकारी भूमि पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए जसोला-सरिता विहार में बृहस्पतिवार को अभियान चलाया जाना था। एसडीएमसी के महापौर मुकेश सूर्यन ने इन इलाकों का दौरा किया था जिसके एक दिन बाद यह अभियान चलाया जाना था। सूर्यन ने कहा, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण जसोला और सरिता विहार में अभियान रद्द कर दिया गया है। क्षेत्र के एसएचओ (थानेदार) ने हमें सूचित किया कि पुलिस कर्मी पहले से ही कानून-व्यवस्था की ड्यूटी में लगे हुए है, इसलिए अभियान के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। इसके मुताबिक अभियान का पुनःनिर्धारण किया गया है। एसडीएमसी को भेजे पत्र में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि सरिता विहार थाने के कर्मचारी पहले से ही कानून व्यवस्था या जांच की ड्यूटी में लगे हुए हैं, इसलिए वार्ड संख्या 101-एस (सरिता विहार) में अतिक्रमण विरोध अभियान को हटाने में एसडीएमसी कर्मचारियों की मदद करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को मुहैया नहीं कराया जा सकता है। उसमें कहा गया है, अनुरोध है कि सरिता विहार थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के अभियान की तिथि निर्धारित करने से कम से कम 10 दिन पहले सूचना दी जाए ताकि एसडीएमसी कर्मचारियों की सहायता के लिए पर्याप्त कर्मियों को दिया जा सके। दिल्ली भाजपा प्रमुख आदेश गुप्ता ने 20 अप्रैल को महापौर को पत्र लिखकर रोहिंग्या, बांग्लादेशियों और असामाजिक तत्वों की ओर से किए गए अतिक्रमण को हटाने का आग्रह किया था जिसके बाद एसडीएमसी के क्षेत्र में अतिक्रमण रोधी अभियान की योजना बनाई जा रही है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) पिछले हफ्ते जहांगीरपुरी में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान ढांचों को बुलडोजर से तोड़ने के बाद विपक्षी दलों और नागरिक अधिकार समूहों के निशाने पर आ गई थी। जहांगीरपुरी में हाल में सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। अभियान उच्चतम न्यायालय के दखल के बाद रुका था।

## केजरीवाल सप्लीमेंट्री ड्रेन की करा रही सफाई, ड्रेन से यमुना में गिरने वाले पानी के प्रदूषण में आएगी 80 फीसद की कमी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार यमुना की सफाई के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है, जिसके तहत यमुना में मिलने वाले नालों को साफ किया जा रहा है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को दिल्ली के जल मंत्री और दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने सप्लीमेंट्री ड्रेन का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ सिंचाई नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को सप्लीमेंट्री ड्रेन पर बने अस्थाई बांधों की मजबूती सुनिश्चित करने और समय से गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही फ्लोटिंग वेटलैंड के लिए केवल नेचुरल मटेरियल जैसे बांस और कोईर इस्तेमाल करने को कहा। फ्लोटिंग वेटलैंड पानी पर तैरती ऐसी ठोस सतह है, जिसपर पौधे लगाकर वाटर ट्रीट किया जा रहा है। यदि वे बेहतर क्वालिटी के होंगे तभी बरसात के मौसम में नहीं डूबेंगे और ड्रेन के पानी से प्रदूषकों को प्रकृतिक तरीके से साफ करते रहेंगे जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा सप्लीमेंट्री ड्रेन और पानी से प्रदूषकों को प्रकृतिक तरीके से साफ करने में नजफगढ़ ड्रेन और सप्लीमेंट्री ड्रेन दोनों में कुल 24 छोटे बांध बनाए जा चुके है। इससे यमुना में जाने वाले वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार के जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि यमुना में गिरने वाले गंदे नालों की सफाई का बीड़ा दिल्ली सरकार ने उठाया है। इसके अंतर्गत जो बड़े प्रमुख नाले हैं, उन पर छोटे अस्थाई बांध बनाए गए हैं। जिसके कारण अब उन नालों के बीओडी स्तर में भी सुधार आया है । सप्लीमेंट्री ड्रेन पर 11 व नजफगढ़ ड्रेन में 13 बांध का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्रेन पर अस्थाई बांधों का निर्माण एक प्रभावशाली तरीका साबित हो रहा है। बांध बनाने का मकसद यही है कि पानी में मौजूद सुक्ष्म कण जमीन की सतह पर बैठ जाए और बांध के ऊपर से साफ पानी ओवर फ्लो होकर आगे बढ़ जाए। इसके आगे प्लोटिंग वेटलैंड पानी में गुली गंदगी को सोख लेगें। साथ ही ही नालों में एरिएशन भी किया जाएगा, जिससे पानी में आक्सीजन घुलेगा और पानी को और साफ कर देगा। इस तरह यह पानी प्राकृतिक तरीके से साफ होते हुए यमुना तक पहुंचेंगे। वहीं, सप्लीमेंट्री ड्रेन से यमुना में गिरने वाले पानी के प्रदूषण में आएगी 80 फीसद की कमी आएगी। इस तकनीक का इस्तेमाल नजफगढ़ नाले पर भी लगाई जा रही है। पानी की गुणवत्ता सुधारने को फ्लोटिंग राफ्टर लगाए गए हैं सप्लीमेंट्री ड्रेन में पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। ड्रेन में फ्लोटिंग राफ्टर लगाए गए है। इन फ्लोटिंग राफ्टर पर ऐसे पौधे लगे हैं, जो पानी से प्रदूषकों को प्रकृतिक तरीके से साफ करने में मदद करते हैं। यानी इनकी जड़ें फिल्टर की तरह काम करती हैं। ये पौधे न सिर्फ प्रदूषण को सोखने की क्षमता रखते हैं बल्कि जल व वायु प्रदूषण भी कम करते हैं। ये बड़े पेड़-पौधे की तरह हवा में घुले प्रदूषक तत्वों को सोखते हैं। इसके अलावा फ्लोटिंग वेटलैंड से पानी में अच्छे माइक्रोब भी घुल जाते हैं। पानी यमुना तक पहुंचने से पहले ही साफ हो जाएगा। बता दें, दिल्ली सरकार सप्लीमेंट्री ड्रेन के गंदे पानी को इन-सीटू तकनीक के माध्यम से ट्रीट कर रही है। इस तकनीक के तहत नालों में बह रहे गंदे पानी को नालों में ही फिल्टर कर ट्रीट किया जा रहा है।

## भलस्वा लैंडफिल साइट के मामले में डीपीसीसी ने जाँच की सौंपी रिपोर्ट:गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भलस्वा लैंडफिल साइट में लगी आग के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने नार्थ एमसीडी पर डीपीसीसी को 50 लाख का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए हैं। डीपीसीसी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर यह निर्देश जारी किए गए हैं रिपोर्ट के माध्यम से कई निर्णय भी मंत्रालय द्वारा एमसीडी के लिए जारी किए गए हैं इनमे कूड़े के पहाड़ के ऊपर स्थायी रूप से टैंकर स्टेशन बनाना, सुगम परिवहन के लिए पेरीफेरल सड़क का निर्माण करना और फील्ड स्टाफ की संख्या में बढ़ोतरी करना जैसे निर्णय शामिल हैं डीपीसीसी, ईस्ट और नार्थ एमसीडी की 4 सदस्यीय टीम को इसके स्थाई समाधान के लिए 2 मई को मुंबई जाने के निर्देश दिए गए हैं यह टीम मुंबई के डंपिंग स्थल में लगे गैस सकिंग सिस्टम के बारे में जानकारी लेगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने डीपीससी द्वारा सौंपी गई भलस्वा लैंडफिल साइट में लगी आग की रिपोर्ट के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि नार्थ एमसीडी की लापरवाही का ही नतीजा रहा की भलस्वा लैंडफिल साइट इतनी भीषण आग की चपेट में आ गई रिपोर्ट के अनुसार भलस्वा लैंडफिल साइट में 26 अप्रैल को आग लगनी शुरू हुई और एमसीडी की लापरवाही, साथ ही उचित टैंकर की व्यवस्था नहीं होने के कारण लगभग 1 एकड़ एरिया आग की चपेट में आ गया हैं उन्होंने बताया कि नार्थ एमसीडी कि लापरवाही को देखते हुए, डीपीसीसी को 50 लाख का जुमार्ना लगाने के निर्देश भी जारी किये गए हैं साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके उसके लिए भलस्वा के कूड़े के पहाड़ पर पानी की अपर्याप्त व्यवस्था को देखते हुए लैंडफिल साईट के ऊपर वॉटर टैंकर स्टेशन बनाने और फील्ड स्टाफ को बढ़ाने के निर्देश भी जारी किये गए हैं इन कूड़े के पहाड़ पर सुगम परिवहन के लिए चारों ओर से पेरीफेरल सड़क बनाने के आदेश भी जारी किए गए हैं ताकि ऐसी घटनाओं के वक्त जल्द जल्द से कार्यवाही की जा सकें डीपीसीसी, ईस्ट एमसीडी और नार्थ एमसीडी की 4 सदस्यीय टीम जाएगी मुंबई पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रिपोर्ट के बारे में आगे बताया कि इन कूड़े के पहाड़ो से लगातार निकल रही मीथेन गैस, दिल्ली में बढ़ रहा तापमान और शुष्क वायुमंडल लैंडफिल साइट्स में लगातार लग रही आग के मुख्य कारणों में शामिल हैं स्थायी समाधान के रूप में लगातार निकल रही मीथेन गैस को नियंत्रित करने के लिए मुंबई के गैस सकिंग मॉडल को अपनाने के लिए भी निर्देश जारी किया गया है। जिसकी फील्ड विजिट के लिए 2 मई को डीपीसीसी और ईस्ट एवं नार्थ एमसीडी की 4 सदस्यीय टीम मुंबई दौरे के लिए जाएँगे।

## छोटे भाई के सामने चाकू घोंपकर की युवक की हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



बाहरी उततरी जिले के भलस्वा डेयरी इलाके में एक बदमाश ने युवक की उसी के छोटे भाई के सामने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। भाई को फंसाने के लिये आरोपित ने खुद के भी चाकू मारकर उसे झूठे केस में फंसवाने की धमकी दी। वारदात के बाद आरोपित मौके पर से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान हरेन्द्र उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। हरेन्द्र परिवार के साथ जे जे कॉलोनी भलस्वा डेयरी इलाके में रहता था। उसके छोटे भाई चंदन वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह वारदात की रात अपने भाई के साथ कमेटी भरने के लिये इलाके में ही रहने वाली एक आंटी के घर पर जा रहा था। रास्ते में हरेन्द्र एक दुकान की तरफ जाने लगा। वह कुछ ही दूरी पर खड़ा हो गया। पड़ोस में रहने वाला युवक राजेश हरेन्द्र के पास आया। उसको देखते ही गाली गलौच करने लगा। जिसका हरेन्द्र ने विरोध किया। हाथापाई के बीच राजेश ने चाकू निकाला और उसकी छाती में घोंप दिया। हरेन्द्र सड़क पर ही खून से लथपथ हालत में गिर गया। वह तुरंत भाई के पास गया और उसका खून रोकने के लिये हाथ से जोर से दबाए रखा। उसी के सामने राजेश ने खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया। राजेश ने बोला कि अभी तेरे भाई को मारा है। अब तूझे झूठे केस में फंसवा दूंगा। राजेश वहां से खून से सना चाकू लेकर फरार हो गया। पड़ोसी अमन की सहायता से उसकी बाइक से हरेन्द्र को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को वारदात की जानकारी दी।

**सूचना** अस्पतालों में भर्ती होने वाले कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या सामान्य, हर परस्थिति से निपटने को तैयार केजरीवाल सरकार

## कोरोना से जान गंवाने वाले योद्धाओं के परिजनों को सौंपा एक-एक करोड़ रुपए का चेक : सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कोविड-19 की ड्यूटी के दौरान कोरोना की वजह से अपनी जान गंवाने वाले डॉक्टर मिथिलेश कुमार सिंह और सरकारी डिस्पेंसरी में कार्यरत मुनीश देवी के परिजनों से मुलाकात की। इन कोरोना योद्धाओं के परिजनों को दिल्ली सरकार की तरफ से एक-एक करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। साथ ही स्वर्गीय डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह की पत्नि को मोहल्ला क्लिनिक में नौकरी देने की घोषणा की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि डॉ. मिथिलेश दिल्ली के महाराजा अग्रसेन अस्पताल में कोरोना मरीजों की सेवा कर रहे थें। वहीं, मुनीश देवी तीमार्पूर डिस्पेंसरी में नर्स के पद पर कार्यरत थीं। कोविड-19 की ड्यूटी करते हुए वे कोरोना से संक्रमित हो गए थे और लोगों की सेवा करते हुए निधन हो गया। भले ही अनुग्रह राशि परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पाएगी, लेकिन मुझे उम्मीद है कि परिजनों को इस आर्थिक मदद से थोड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई कोरोना योद्धाओं ने मानवता और समाज की सेवा करते हुए अपने जिंदगी गवा दी। हम दिल से उनकी मेहनत और महामारी से जंग लड़ने के लिए उनके जज्बे को सलाम करते हैं। दिल्ली सरकार कोविड के दौरान लोगों की सेवा करते हुए, कोरोना संक्रमित होने पर अपनी जान गंवाने वाले 29 कोरोना योद्धाओं के परिजनों को अब तक एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि दे चुकी है। कोरोना योद्धाओं के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे सत्येंद्र जैन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन आज कोरोना योद्धा स्वर्गीय मुनीश देवी के परिवार से मिलने बाहरी दिल्ली के खेड़ा कलां गांव में उनके घर पहुंचे। मुनीश देवी का कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान कोरोना संक्रमित होने से 29 अप्रैल 2021 को निधन हो गया था। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मुनीश देवी के पूरे परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री रोहिणी में कोरोना योद्धा स्वर्गीय डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। परिजनों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी। साथ ही स्वर्गीय डॉ. मिथिलेश की पत्नी डॉ. संगीता को मोहल्ला क्लिनिक में नौकरी दिलाने और भविष्य में भी उनके परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन अस्पताल में कार्यरत डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह की मौत कोरोना संक्रमित होने के चलते 13 जून 2021 को हुई थी। अस्पताल में कोविड-19 मरीजों की ड्यूटी करते हुए उन्होंने अपनी जान गंवा दी थी। उनकी जान की कीमत नहीं लगाई जा सकती है लेकिन यह राशि उनके परिवार के उज्वल भविष्य को तय करने में मदद करेगी। केजरीवाल सरकार की तरफ से हम उनके परिवार को सिर्फ एक आर्थिक मदद दे रहे हैं ताकि उनके परिजनों को इस राशि से थोड़ी राहत मिल सके।

## लूट की फिराक में घूम रहा हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। मंगोलपुरी इलाके में लूट की वारदात की फिराक में इलाके में रेकी कर रहे एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंगोलपुरी में रहने वाले नीरज उर्फ ललित के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पिस्टल,कारतूस और चोरी की बाइक जब्त की है। आरोपी हथियार कहां से और किससे लाया था। वारदात का सामान कहां और किसको बेचा करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने के बाद उनको भी पकडे की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को एसीपी वीरेन्द्र कादयान की देखरेख में एसएचओ मनोज कुमार के निर्देशन में कांस्टेबल राहुल और विनेश इलाके में गश्त पर थे। रात 11 बजकर 40 मिनट पर जब दोनों काम धेनू स्कूल मंगोल पुरी खुर्द इलाके में पहुंचे। बाइक पर आरोपी नीरज को संदिगध हालत में देखा था। आरोपी ने पुलिस टीम को देखते ही बाइक मोडकर भागने की कोशिश की। शक होने पर उसको रूकने का ईशारा किया। लेकिन आरोपी ने वहां से तेजी से निकले की कोशिश की।

## बुआ का दुख सुनकर नाबालिग ने युवती पर चाकू से किए ताबड़तोड़ वार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

गीता कालोनी इलाके में 16 वर्षीय नाबालिग ने अपनी बुआ का दुख सुनकर उसकी ससुराल पहुंचकर ननद पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। युवती अपनी जान बचाने के लिए घर में इधर उधर भागी, लेकिन आरोपित ने उस पर हमला करना बंद नहीं किया। शोर सुनकर पड़ोसी पीड़िता के घर में पहुंचे और किसी तरह से आरोपित को पकड़ा। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीर हालत में फरहीन को पुलिस ने लोक नायक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आइसीयू में उसका इलाज चल रहा है। फरहीन के बयान पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आरोपित से पूछताछ कर रही है। फरहीन अपने परिवार के साथ आराम पार्क में रहती है। परिवार में पिता गफ्फार खान, मां, भाई व एक भाभी है। पीड़िता अंग्रेजी में एमए की पढ़ाई कर रही है। पीड़िता की अपनी भाभी फरजाना से बनती नहीं है, दोनों के बीच अक्सर विवाद होते रहते हैं। करीब दस दिन पहले भी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ हुआ था, इसके बाद फरजाना अपने मायके चली गई थी। आरोप है कि वहां उसने अपने भाइयों को घरेलू विवाद का दुख सुनाया, उसका नाबालिग भतीजा इन सबके लिए उसकी ननद को जिम्मेदार मानने लगा। बुधवार दोपहर तीन बजे पीड़िता अपने घर में थी, एक नाकाबपोश व्यक्ति उनके घर का दरवाजा खटखटाने लगा। पीड़िता ने बालकनी से नीचे झांका तो वह उनसे एक मकान का पता पूछने लगा। पीड़िता ने इन्कार कर दिया। करीब पांच मिनट के बाद वह व्यक्ति दोबारा से उनका दरवाजा खटखटाने लगा, पीड़िता ने नीचे आकर जैसे ही दरवाजा खोला आरोपित ने उसपर चाकू से हमला कर दिया, पीड़िता घर में ऊपर की तरफ भागी। आरोपित उसके पीछे पीछे ऊपर चला गया और उसकी गर्दन, पीठ, हाथ व अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। शोर सुनकर पड़ोसी उसके घर में पहुंचे और आरोपित को पकड़ लिया। उसके चेहरे से नकाब हटाया तो वह पीड़िता की भाभी का भतीजा निकला।

# जल सरंक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होगा मिशन अमृत सरोवर का शुभारंभ

## जिला में 75 तालाब एक साल में विकसित करने की योजना

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता







गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लिए गये संकल्पों में से 75 अमृत सरोवर की योजना को जिला में मूर्त रूप देने के लिए जिला प्रशासन ने प्रारंभिक सभी तैयारिया पूरी कर ली है।

श्री यादव आज सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुलाई गई बैठक में 01 मई से शुरू हो रहे मिशन अमृत सरोवर को लेकर गुरुग्राम जिला प्रशासन द्वारा किए प्रबंधों से अवगत करा रहे थे। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री 1 मई को सोनीपत से होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मिशन अमृत सरोवर को विधिवत शुरूआत करेंगे, जिसका ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सीधा प्रसारण किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि गुरुग्राम जिला के सोहना,

● मुख्यमंत्री 1 मई को सोनीपत से करेंगे योजना की शुरुआत

पटौदी व बादशाहपुर ब्लॉक में 4 स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोहना ब्लाक के गांव गढ़ी वाजिदपुर में गुरुग्राम के विधायक श्री सुधीर सिंगला बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। यहां करीब 1.84 एकड़ क्षेत्र पर अमृत सरोवर का निर्माण किया जाएगा। सोहना ब्लॉक में दूसरा कार्यक्रम गांव हरियाहेड़ा में आयोजित किया जाएगा जहां पर गुरुग्राम के मंडल आयुक्त राजीव रंजन मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में पटौदी ब्लॉक में गॉव मऊ में करीब 2 एकड़ में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाएगा जहॉं पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता को मुख्यअतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वहीं फर्रुखनगर ब्लॉक के गांव कालियावास में बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कालियावास गांव में 2 एकड़ क्षेत्र पर अमृत सरोवर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चारों आयोजन स्थल पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अज्ञात चोरों ने एक बार फिर दिया पुलिस को गच्चा

**सोहना।** सोहना में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां आज अज्ञात चोरों ने पुलिस को एक बार फिर गच्चा दे गए। और सोहना गुरुग्राम रोड पर गस्त कर रही पुलिस की चकमा देते हुए सोहना पलवल रोड पर अज्ञात चोरों ने एसके ट्रेडर्स की दुकान की छत का जगला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और वहां से रखे बाइक के टायर, चेक वाल, गेट वाल व टायर ट्यूब की पीतल की नलकियां लेकर फरार हो गए। जहां उन्होंने अंदर रूम में रखे काउंटर का दराज को भी खंगाला। वहीं अंदर रखे दीवान के बॉक्स को खोल कर भी खंगाला। उन्होंने जाते-जाते अज्ञात चोरों ने छत के दरवाजे की कुंडी तोड़ दी। वहीं दूसरी ओर पास में देव गलास हाउस की दुकान में पीछे से दीवार फांद कर अंदर घुस गए जहां गल्ले में रखे 500 से 600 रुपए ,दो बंडल बिजली के तार चोरी कर फरार हो गए। जहां एसके ट्रेडर्स के मालिक सत्यप्रकाश का कहना है कि इससे पहले भी दो से तीन बार चोरी हो चुकी है लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। आपको बता दें कि सोहना शहर में पिछले एक माह में आधा दर्जन चोरियां हो चुकी जिसमें लाखों रुपए का नुकसान व्यापारियों को भुगतना पड़ा है।

# टोल प्रबंधन सुधारे अपना रवैया वरना परिणाम भुगतने के लिए रहे तैयार : निशांत कुमार यादव

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सडक सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए घामडौज स्थित टोल प्रबंधन करने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उन्हें टोल संचालन संबंधी निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने टोल प्रबंधन को अपना रवैया ठीक करने की सलाह भी दी।

बैठक में जिला में पडने वाले सभी टोल प्लाजा के निरीक्षण संबंधी विषय की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि टोल प्लाजा घामडौज के निरीक्षण के दौरान वहां पर कई गंभीर खामियां जैसे-इमरजेंसी लेन का ना होना, टोल प्लाजा के स्टाफ का वर्दी में ना होना, पहचान पत्र का इस्तेमाल ना करना,साइनेज की कमी, एंबुलेंस का फिटनेस समाप्त होना आदि पाई गई हैं। घामडौज टोल के अलावा खेडकी दौला टोल प्लाजा तथा गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड ग्वाल पहाड़ी के टोल प्लाजा के निरीक्षण की रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एसडीएम को टोल प्लाजा संचालकों को नियमानुसार नोटिस भेजने के निर्देश दिए जिसका जवाब टोल संचालकों को 7 दिन के अंदर भेजना होगा। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों टोल संचालकों के खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज की जाएगी और इस मामले में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सडकों पर बने गड्ढे संबंधी विषय पर उपायुक्त ने संबंधित एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि वे अगली बैठक में फोटो सहित कम से कम अपने अपने क्षेत्र के 5- 5 पॉइंट ऐसे जरूर रखें जहां पर सडकों पर गड्ढे भरने की तुरंत आवश्यकता है ताकि उन्हें जल्द से जल्द भरवाया जा सके।

**चर्चा**

● घामडौज टोल के अलावा खेडकी दौला टोल प्लाजा तथा गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड ग्वाल पहाड़ी के टोल प्लाजा के निरीक्षण की रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई

# उच्च न्यायालय ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के स्थानांतरण आदेश किए जारी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए हैं। गुडगांव से भी 4 अतिरिक्त न्यायाधीशों के स्थानांतरण विभिन्न जिलों में किए गए हैं और इसी प्रकार विभिन्न जिलों से 4 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के स्थानांतरण गुडगांव जिला न्यायालय में किए गए हैं।

गुडगांव की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोना सिह को गुडगांव में ही फैमिली कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुडगांव में कार्यरत राज गुप्ता का स्थानांतरण नारनौल, अश्विनी कुमार का भिवानी, भावना जैन का झज्जर और अमित सहरावत का स्थानांतरण हिसार जिला न्यायालय में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर किया गया है। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वेदप्रकाश को हिसार से गुडगांव फास्ट ट्रैक पॉक्सो एक्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोनीपत से राहुल बिश्नोई को गुडगांव में फास्ट ट्रैक दुष्कर्म के मामलों की सुनवाई सौंपी गई है। पानीपत से तरुण सिंघल को भी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर गुडगांव में स्थानांतरित किया गया है।

पानीपत में लेबर ट्रिब्यूनल में कार्यरत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुपम को भी गुडगांव लेबर कोर्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संभवतः सभी स्थानांतरित न्यायाधीश अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे और स्थानांतरित होने वाले न्यायाधीश अपने कार्य से मुक्त हो जाएंगे।

**स्थानांतरित**

● गुडगांव की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोना सिह को गुडगांव में ही फैमिली कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है

● पानीपत से तरुण सिंघल को भी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर गुड़गांव में स्थानांतरित किया गया है

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पहली मई को कर्मचारी करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



पुरानी पेंशन व छंटनी ग्रस्त कर्मियों की बहाली, कौशल रोजगार निगम भंग कर ठेका कर्मियों को पक्का करने, खाली पड़े लाखों पदों को पक्की भर्ती से भरने और सार्वजनिक क्षेत्र एवं धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने आदि मांगों को लेकर कर्मचारी प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे।

जिसकी शुरूआत अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पहली मई को प्रदेश भर में प्रदर्शन कर किया जाएगा। यह ऐलान बृहस्पतिवार को सेक्टर 7 में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने किया। जिला उपाध्यक्ष अंतर सिंह केशवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री,आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इंम्पलाईज फेडरेशन के कार्यलय सचिव श्रीपाल सिंह भाटी, हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ के महासचिव सुभाष देसवाल, जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, वित्त सचिव युद्धवीर सिंह खत्री, खंड प्रधान करतार सिंह व सचिव जगदीश चंद्र आदि मौजूद थे। बैठक में पहली मई को सुबह एसकेएस के बेनर तले नगर निगम मुख्यालय और शाम 5 बजे संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के बेनर तले मजदूर दिवस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में दोनों कार्यक्रम में बढ़ चढकर शामिल होने का फैसला लिया गया। प्रदेशाध्यक्ष लांबा ने कहा कि आंदोलन की आगामी धोषणा करने के लिए 8 अप्रैल को रोहतक में राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। जिला कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि आज मजदूर दिवस का महत्व पहले से ज्यादा बढ गया है। कर्मचारियों एवं मजदूरों ने संधर्षो के बल पर हासिल की गई सुविधाओं एवं श्रम कानूनों को समाप्त किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय पूंजी द्वारा संचालित नव उदारवादी आर्थिक नीतियों को आक्रामक तरीके से लागू किया जा रहा है। जिला कार्यकारिणी की बैठक में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान मास्टर भीम सिंह व बीरेंद्र सिंह, उपकार फौगाट, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप बोहोत, मैकेनिकल वर्कर यूनियन से देवी सिंह, नगर निगम से मुकेश बेनीवाल, जगदीश चावला, रधुवीर सिंह चौटाला, राकेश चिंडालिया आदि मौजूद थे।

## आज से लेकर 14 मई तक दैनिक लोक अदालत का आयोजन : ललिता पटवर्धन

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ललिता पटवर्धन ने बताया कि क्या आपका चालान कट गया है और ट्रैफिक चालान भुगतना चाहते हैं तो इसके लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ईमेल पर अपना नाम, पता, फोन नंबर को चालान के साथ या फिर यदि केवल एसएमएस आया है तो एसएमएस के साथ जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की मेल पर संलग्न करें ताकि शीघ्र चालान कोर्ट में मंगवाया जा सके और सूचित किया जा सके कि आपका चालान किस कोर्ट में लगा है और किस तारीख को चालान भुगता जा सकता है। इससे समय व धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि आज से लेकर 14 मई तक दैनिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोगों द्वारा शीघ्र किया गया आवेदन चालान भुगतने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि आगामी लोक अदालत 14 मई को है, जिसमें कई लंबित मामलों का निपटारा कोर्टो द्वारा किया जाएगा। यदि आपको लगता है कि आपसी समझौते से दोनों पक्षों के बीच सुलह हो सकती है तो लोक अदालत का लाभ उठाएं।

# गुड़गांव उद्योग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिला एसीपी से



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुडगांव उद्योग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उद्योग विहार क्षेत्र के एसीपी राजीव कुमार से मिला।

एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव ने उन्हें राष्ट्रपति पुरुस्कार मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि उनको पुरुस्कार मिलने से क्षेत्र के उद्यमी बड़े उत्साहित हैं। उनका कहना है कि राजीव कुमार एक मिलनसार अधिकारी हैं और उन्होंने कई मामलों की जांच कर उन्हें अंजाम तक पहुंचाया है। वह पुलिस विभाग के योग्य एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं। एसीपी राजीव कुमार ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सदैव जनता की सेवा के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, यही उनकी सोच है। उनका उद्देश्य है कि पुलिस विभाग की छवि आम लोगों में साफ सुथरी बनी रहे। इस अवसर पर दिनेश यादव, हरीश वत्स, सूबे यादव, भगवानदास, शेखर तनेजा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने जाति और धर्म के नाम पर जनता को बरगलाया: विरेन्द्र राणा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



जनता को जातिवाद में फंसाकर उनका ध्यान मुद्दे से भटकाकर जरूरत के सामान की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है देश के अन्दर लगातार सभी वस्तुओं पर दाम बढ रहे हैं परन्तु महंगाई को लेकर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

वर्तमान सरकार फर्जी राष्ट्रवाद का पाठ पढाना चाहती है। उक्त शब्द इंडियन नैशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता एंव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विरेन्द्र राणा ने प्रैस के नाम जारी अपने बयान में कहे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने का काम कर रहे है, वे धर्म के नाम पर राजनीति करना बंद करें। धार्मिक कार्यक्रम अमन चैन और शान्ति के लिए होते हैं आपसी भाईचारे को बढाते हैं परन्तु उनको कुछ लोग भड़काने का काम कर रहे है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र के माध्यम से जनता को बेवकूफ बनाकर सत्ता हथियाने का काम किया था परन्तु आज जनता आपकी सच्चाई और ईमानदारी को जान चूकी है। देश के अन्दर प्रत्येक 6 महीनें में चुनाव आयोग कहीं ना कहीं चुनाव करवाता है और इसी दौरान जाति और धर्म के नाम पर जनता को बरगलाया जाता है। राणा ने कहा कि आज देश का बेरोजगार युवा जानना चाहता है कि सत्ता में आने से पहले भाजपा ने देश के युवाओं को दो करोड़ रोजगार व सरकारी नौकरी देने का वायदा किया जो कि आज तक पूरा करना तो दूर बेरोजगार युवाओं को पकोड़े बेचने की सलाह देकर उनके जले पर नमक छिड़ककने का काम किया है।

**जानकारी**

● भाजपा ने जनता को बेवकूफ बनाकर सत्ता हथियाने का काम किया

● देश के अन्दर प्रत्येक 6 महीनें में चुनाव आयोग कहीं ना कहीं चुनाव करवाता है और इसी दौरान जाति और धर्म के नाम पर जनता को बरगलाया जाता है

## चौक चौराहों का नाम बदलने से होगा अब गुरुग्राम का विकास: पंकज डावर

**गुरुग्राम।** भाजपा की सरकार विकास के मुद्दे से आम जनता को भ्रमित करने के लिए सिर्फ तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं, यह कहना है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर का, पंकज डावर का कहना है कि एक दिन पहले ही नगर निगम में हुई बैठक में आम जनता को गुमराह करने वाला बजट पास किया गया है, इसमें 1 दर्जन से अधिक चौक चौराहों का नाम बदलने का फरमान जारी कर दिया गया, प्रदेश की सरकार से उनका सवाल है कि क्या सरकार आम जनता को बताएगी कि चौक चौराहों के नाम बदलने से आम जनता का कितना विकास होगा, पंकज डावर ने कहा कि मौजूदा सरकार इस गर्मी में गुरुग्राम वासियों को बिजली पानी तक मुहैया कराने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है, बिजली के लग रहे कट से आम जनता त्राहिमाम कर रही है, लोगों के घरों तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है, बावजूद इसके निगम आम जनता को बिजली पानी मुहैया कराने का काम करें लेकिन नहीं आम जनता की जरूरतों से निगम में बैठे भाजपा के नेताओं से क्या मतलब, निगम की मेयर टीम भी अब सरकार के नक्शे कदम पर आम जनता को गुमराह करने के लिए अब नाम बदलने के खेल में जुट गई है।

# पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसजनों में उत्साह



बाढड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

बाढड़ा शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व द्वारा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के मनोनयन पर कांग्रेसजनों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नई टीम के गठन और सबकी एकजुटता से कांग्रेस पार्टी निश्चित तौर पर मजबूती होगी और 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।आज दिल्ली में नव नियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रुति चौधरी से मिलने से बाद कांग्रेस जनों ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व सांसद श्रुति चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी देकर सूझबूझ भरा कदम उठाया है और उनके अनुभव का पार्टी को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि श्रुति चौधरी अपने दादा स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल और पिता स्वर्गीय पूर्व कृषि मंत्री चौधरी सुरेन्द्र सिंह की विरासत को आगे बढ़ाने के साथ पूर्व केबिनेट मंत्री किरण चौधरी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगी।इस मौके पर किसान नेता राजू मान, परमजीत मडडू, विजय खोरड़ा, सुशील धानक, कृष्ण फौगाट, पूर्व सरपंच महेंद्र बिंद्राबन, रविंद्र गोपी, कुलवंत बास, सज्जन डांडमा, बलवान कान्हड़ा, डॉ मनोज कलाली, सतबीर धनखड़, जगत, रविंद्र, मंजीत बेरला समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरकार के सब पढ़े- सब बढ़े अभियान को शिक्षा विभाग ही सिरे नही चढ़ने दे रहा

**पुन्हाना।** प्रदेश सरकार के सब पढ़े सब बढ़े शिक्षा अग्रसित के लिए चलाए जा रहे अभियान और नारे को जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही सिरे नही चढ़ने दे रही है। सरकार की सोच गरीब बच्चा भी निजी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिए नित दिन नई नई योजनाएं लागू कर रही है। लेकिन स्थानीय निजी विद्यालयों का इस कदर बोलवाला है कि वे ऐसे बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने की बजाय उनके अभिभावकों से सीधे मुंह बात नही करते तथा अभद्र व्यवहार से पेश आते है। ऐसे अभिभावक जिला शिक्षा विभाग के लाचार रवैये को देखकर मजबूरन अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कराने से वंचित है। इसके अलावा शहर के दर्जनों विद्यालयों में लगातार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद निजी प्रकाशनों की पुस्तकें व लेखन सामग्री इत्यादि लूट का धंधा बरकरार है। नाम ना छापने की शर्त पर एक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनकी राजनैतिक व प्रशासनिक मजबूरियां है हम इनके खिलाफ कार्यवाही नही कर सकते।

# सोहना तहसील कार्यालय में जूनियर प्रोग्रामर की मनमानी से पंजीकरण कार्य ठप्प

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



सोहना तहसील कार्यालय में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की मनमानी के चलते पंजीकरण कार्य ठप्प है। उक्त कर्मचारी जूनियर प्रोग्रामर के पद पर तैनात है। जो अपनी मनमानी चलाकर स्वान सिस्टम( सर्वर )को बन्द कर देता है। जिसके चलते दस्तावेज पंजीकरण कार्य ठप्प होकर रह जाता है। तथा लोगों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं तहसील वकीलों ने उक्त कर्मचारी की शिकायत लिखित रूप में नायब तहसीलदार को दे दी है।

तथा कर्मचारी को बर्खास्त किये जाने को कहा है। सोहना तहसील कार्यालय अपनी कारगुजारियों के लिए हमेशा से ही चर्चित रहा है। तहसील में बीते दिनों भी काफी घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं तहसील में कार्यरत एक जूनियर प्रोग्रामर कर्मचारी ने सभी नियमों को धता बताकर सर्वर को ही बन्द कर डाला और दस्तावेज पंजीकरण कार्य करने से स्पष्ट इनकार कर दिया। जिससे लोगों को अपना कार्य किये बिना ही बैरंग लौटना पड़ा है। बता दें कि सोहना तहसील कार्यालय में हेमंत कुमार जूनियर प्रोग्रामर के पद पर कार्यरत है। गत 27 अप्रैल को उसने अपनी मनमानी चलाकर स्वान सिस्टम को बन्द कर डाला। जिससे पंजीकरण कार्य ठप्प होकर रह गया। वकीलों ने जब दस्तावेज पंजीकृत किये जाने को कहा तो उसने सर्वर बन्द होने का बहाना बना कर सबको बेरंग भेज दिया। जिसपर वकीलों ने उक्त घटना की शिकायत लिखित रूप में सयुंक्त पंजीकरण अधिकारी को दे दी है। क्या कहते हैं वकील तहसील में कार्यरत वकील नितिन अग्रवाल एडवोकेट, लखविंदर खटाना, मुकेश शर्मा, डीआर यादव एडवोकेट आदि ने बताया कि उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मनमानी से सर्वर को बन्द कर देता है। जिसने 27 अप्रैल को भी बन्द किया था तथा दुर्व्यवहार करने से भी नहीं चूकता है। उक्त कर्मचारी पहले भी ऐसी वारदात करता रहता है। वकीलों ने कर्मचारी हेमंत कुमार के खिलाफ कार्यवाही करके बर्खास्त किये जाने को कहा है। क्या कहते हैं नायब तहसीलदार सोहना नायब तहसीलदार लच्छी राम कहते हैं कि बीते रोज बुधवार को तहसील में पंजीकरण के 59 टोकन ऑनलाइन हुए थे।

**शिकायत**

● वकीलों ने की शिकायत, आए दिन मिलती रही हैं सर्वर डाउन की शिकायते

# नई कार्यकारिणी के गठन के बाद कांग्रेस को मिलेगी मजबूती : आशीष



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय सचिव आशीष दुआ ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी आदि का आभार प्रकट करते हुए प्रदेश में नई कार्यकारिणी का गठन किए जाने पर नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इन सबकी नियुक्ति से प्रदेश में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी तथा आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस अपनी सरकार बनाएगी। जारी एक बयान में राष्ट्रीय सचिव आशीष दुआ ने कहा कि पार्टी आलाकमान द्वारा जहां एक ओर उदयभान को प्रदेशाध्यक्ष, वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंशीलाल के पुत्र स्व.चौधरी सुरेंद्र सिंह की पुत्री पूर्व सांसद श्रुति चौधरी, सोहना के ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज, पानीपत के गांव मकरौंदा निवासी सुरेश गुप्ता तथा रामकिशन गुर्जर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि इनकी नियुक्ति से कांग्रेस ने जाट, गुर्जर, ब्राह्मण व वैश्य समाज के लोगों को पूरा सम्मान दिया है। पार्टी हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इनकी नियुक्ति से प्रदेश में संगठन को जहां मजबूती मिलेगी, वहीं कांग्रेस जन-जन को सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएगी। दुआ ने कहा कि प्रदेश में आज भाजपा शासन में महंगाई, भ्रष्टाचार, बिजली, पानी, टूटी सडकें, सफाई व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

# गुरुग्राम को मुख्यमंत्री देंगे कई परियोजनाओं की सौगात: सुधीर सिंगला



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगामी 13 मई 2022 को गुरुग्राम जिले को कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। जिले की चारों विधानसभाओं की एक ही जगह शहर के सेक्टर-9 ए में रैली आयोजित की जा रही है। यह जानकारी गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने दी। 13 मई की शाम छह बजे यह रैली सेक्टर-9ए में सिद्धेश्वर स्कूल के पास गौरी शंकर मंदिर के सामने होगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में चारों विधानसभा गुरुग्राम, पटौदी, बादशाहपुर, सोहना क्षेत्र की जनता से मुख्यमंत्री रूबरू होंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में विकास के जितने कार्य हो रहे हैं, वे आने वाले समय में पूरे होने के साथ यहां के विकास की गाथा कहेंगे। चारों तरफ काम चल रहे हैं। यातायात की समस्या के समाधान को यहां अंडरपास का निर्माण किया गया है। पहले भी कई परियोजनाएं मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शहर को समर्पित की जा चुकी हैं। कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर फ्लाईओवर पूरा होने से इस क्षेत्र का यातायात सुगम हो जाएगा। इसी तरह से बस अड्डे के पास अंडरपास का काम पूरा होने को है। इसके तैयार होने के बाद यहां से भी यातायात संचालन सही हो जाएगा। यातायात जाम की समस्या यहां से खत्म होगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उन्होंने रैली स्थल का सोहना के विधायक संजय सिंह, विधायक बादशाहपुर राकेश दौलताबाद, निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन सुमेर तंवर, पार्षद मनीष वजीराबाद, भाजपा नेता अनिल यादव, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य अमित गोयल के साथ दौरा किया।

# बच्चों का टीकाकरण

कोरोना फिर से डराने लगा है। इस बार बच्चों को अपने चपेट में ले रहा है। दिल्ली-एनसीआर में ही पिछले 10 दिनों के अंदर संक्रमित होने वालों में 25 से 30 फीसदी बच्चे हैं। कई स्कूलों में बच्चों में संक्रमण के ज्यादा मामले आने का एक कारण वैक्सीनेशन का न होना भी है। 18 साल से ऊपर के ज्यादातर लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। बूस्टर डोज भी लगने लगी है, लेकिन छोटे बच्चों का टीकाकरण अभी नहीं हो पाया है। अब तक देश में 187 करोड़ 95 लाख 76 हजार 423 डोज लगाए जा चुके हैं। वहीं, 12-14 साल के बच्चों के मामले में पहले डोज की संख्या 2 करोड़ 70 लाख 96 हजार 975 है। जबकि, 37 लाख 27 हजार 130 दूसरे डोज लगाए गए हैं। कोरोना वायरस से बचाव के लिए बच्चों को नया हथियार मिल गया है। खबर है कि ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 6-12 आयुवर्ग के लिए कोवैक्सीन की आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। वयस्कों के टीकाकरण में कोविशील्ड के अलावा कोवैक्सीन का भी इस्तेमाल हुआ था। फिलहाल, 15 से 18 साल के बच्चों को यह वैक्सीन दी जा रही है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच एक बार फिर बच्चों के टीकाकरण के प्रति ध्यान बढ़ा है। फिलहाल, कॉर्बिवैक्स 12 से 14 साल के बच्चों को दी जा रही है। भारत में 15-18 साल के बच्चों का टीकाकरण जनवरी से शुरू हो गया था। मार्च में इसे 12 साल से ऊपर के बच्चों के लिए भी हरी झंडी दी गई। कॉर्बिवैक्स के बाद कोवैक्सीन की मंजूरी मिलना टीकाकरण की दिशा में किसी बड़े कदम से कम नहीं है। विशेषज्ञ लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि कोरोना बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए भी बच्चों का टीकाकरण जरूरी हो गया था। अगर समय रहते बच्चों का टीकाकरण नहीं किया गया तो खतरा सामने खड़ा रहेगा। बच्चों को टीके इसलिए भी जरूरी हैं क्योंकि अब सभी राज्यों में स्कूल-कालेज खुल चुके हैं। जब बच्चे बाहर घरों से बाहर निकलेंगे, तो जाहिर है भीड़ से बचाव संभव नहीं होगा और संक्रमण का खतरा बढ़ेगा। इसलिए जितनी जल्दी 18 से कम उम्र वालों का टीकाकरण होगा, महामारी का जोखिम उतना ही कम किया जा सकेगा। कोविड का प्रकोप कुछ ठंडा पड़ने लगा, तो बहुत सारे लोगों ने मान लिया कि अब महामारी से मुक्ति मिल गई है। सरकार ने भी कोविड संबंधी ज्यादातर सख्त नियम हटा दिए हैं। मगर इसी बीच फिर से कोविड का नया बहुरूप प्रकट हो गया है। कई देशों में यह तेजी से फैल रहा है और खतरनाक भी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इसे लेकर चिंता जताई और सतर्क रहने को कहा है। उनका कहना है कि हर चार महीने पर कोरोना विषाणु का स्वरूप बदल रहा है, इसलिए किसी भी प्रकार की ढिलाई ठीक नहीं। टीकाकरण अभियान में तेजी लाना ही इसका कारगर उपाय है। ऐसे में हमारे यहां अब इसे लेकर एहतियात बरतने पर जोर बढ़ रहा है। कई राज्यों को सतर्क रहने को कह दिया गया है। इसी क्रम में अब अठारह साल से ऊपर आयु के लोगों के लिए भी एहतियाती खुराक की शुरूआत कर दी गई है। अभी तक अगली धार पर काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों और दूसरे कर्मचारियों और साठ साल से ऊपर के लोगों को इसे लगाया जा रहा था। अब तक करीब दो करोड़ चालीस लाख लोग एहतियाती खुराक ले भी चुके हैं। पर अब स्वाथ्य मंत्रालय ने निजी अस्पतालों में छह सौ रुपए का भुगतान कर कोविशील्ड की अतिरिक्त खुराक लगवाने की मंजूरी दे दी है। अब अठारह साल से ऊपर के लोग भी एहतियाती खुराक ले सकेंगे। हमारे यहां टीकाकरण में काफी तेजी आई है और देश की अधिकतर आबादी को दोनों खुराक लग चुकी है। खुद स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक तिरासी करोड़ से अधिक यानी साठ फीसद से ऊपर लोगों का टीकाकरण पूरा हो चुका है। करीब बहत्तर फीसद लोगों को पहली खुराक दी जा चुकी है। फिलहाल पंद्रह साल से ऊपर के लोगों का टीकाकरण चल रहा है, उसमें भी कम से कम छियानबे फीसद लोगों को पहली खुराक दी जा चुकी है। इस तरह अब पहले की तरह टीके के उत्पादन और उसे लगाने को लेकर अधिक मारामारी नहीं है। एहतियाती खुराक के लिए बहुत भीड़भाड़ का भय नहीं है। एहतियाती खुराक उन्हीं लोगों को लगाई जानी है, जिन्हें टीके की दूसरी खुराक लिए नौ महीने से अधिक हो चुके हैं। इसलिए इसकी व्यवस्था केवल निजी अस्पतालों को सौंपने और भुगतान करके लगवाने की शर्त कई लोगों को खटक रही है। जब दो खुराक मुफ्त दिए गए, तो एहतियाती खुराक के बारे में भी वही निर्णय लागू रखने में हिचक क्यों होनी चाहिए। हमारे देश की बहुसंख्य आबादी गरीब है। स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में वह सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्भर है। खुद सरकार बार-बार दोहराती रही है कि देश की करीब अस्सी करोड़ आबादी को मुफ्त सरकारी राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है। फिर इतनी बड़ी आबादी से छह सौ रुपए का भुगतान कर एहतियाती खुराक लगवाने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है।

# चित्र चरित्र और प्रमाण पत्र

अशोक गौतम

वे कल आए तो उम्मीद से अधिक खुश दिखे। जाहिर था, आज फिर किसी के हिस्से की खुशी अपने खाते में क्रेडिट कर आए होंगे। अपने स्वार्थ के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। यहां तक कि अपने बाप की पगड़ी तक अपने सिर रख अपने बाप का सिर मजे से नंगा करके रख दें। और ऊपर से फतवा ये कि उनसे बढ़कर नैतिकताओं का हिमायती कोई नहीं। यार, ले मुंह मीठा कर, बड़े अपनापे से कहते वे मेरे मुंह में जबरदस्ती कहीं से किसी के मुंह का चुराकर लाया लड्डू सगर्व डालने का अभिनय करते बोले। वैसे जो औरों के मुंह से लड्डू चुराता हो वह दूसरों के मुंह में लड्डू क्या खाक डालेगा? किस खुशी में? जनता को एक और सुविधा देते हुए सरकार ने घोषणा की है कि अब सरकारी नौकरी के लिए चरित्र प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं रही।

चलो, इसी बहाने कम से कम उम्मीदवार के पास एक बेकार का कागज तो कम हुआ। वरना, मर जाओ कभी पुलिस वाले के तो कभी पंचायत प्रधान, तहसीलदार और पता नहीं किस-किस के पैरों में नाक रगड़ते कि साहब, हम भी अपकी तरह के चरित्रवान हैं। एक ठो चरित्र प्रमाणपत्र चाहिए था। सरकारी नौकर होना चाहता हूं। चरित्र अपने पास हो या न, पर जो कागज का अनफोल्डिड पुर्जा हो तो उसके बाद कहीं कोई डर नहीं होता। आदमी बेझिझके कहीं भी हमाम में उतर सकता है अपने दम के हिसाब से। कोई ज्यादा ही चूं चां करे तो दे मारा उसके मुंह पर अपना लेमिनेटिड करवाया ऑरिजनल चरित्र प्रमाणपत्र। बंदा ऑरिजलन हो या न, पर डॉक्यूमेंट ऑरिजनल होने चाहिएं बस! फिर जहां दाव लगा बघार दी शेखी। हमें क्या समझ रखा है यार तूने? जीवन में न सही, तो न सही, पर कागजों में तो हम भी गदराता चरित्र रखते हैं। आदमी में उतनी पावर नहीं होती, जितनी कंबख्त इन कागज के पुर्जो में होती है। कागजों के बिना जीव अस्तित्वहीन है।

कोई भी विशुद्ध चरित्र तब तक कोई मायने नहीं रखता जब तक दिखाने के लिए उसके पास कागज का टुकड़ा न हो। कागज पूरे तो आपका भगवान भी कुछ नहीं बिगाड़ सकते। हां पलिस वाले सौ दो सौ के लिए उसके बाद भी आपका चालान कर दें तो उसकी कोई गारंटी नहीं। इसीलिए तो अनुभवी जीव चरित्र के बदले चरित्र प्रमाणपत्रों को संभाल कर रखने का उपदेश देते हैं। उनका अनुसरण करना या न करना हमारी मर्जी। अतैव, सफल जिंदगी जीने के लिए जिंदगी में चरित्र न संभले तो न सही, पर चरित्र प्रमाणपत्र जरूर संभाल कर रखिएगा। न जाने किस मोड़ पर किस चरित्रहंता से सामना हो जाए? और उनकी दरियादिली कि सौ दो सौ लेकर भी चरित्र प्रमाणपत्र दे दें तो सोचो बंदा नेक है, भगवान से डरने वाला है। जो अपने चरित्र को सौ दो सौ रुपए में आपके हाथों पर रख रहा है। जो भगवान से नहीं डरते, वे पैसे भी खा जाते हैं और काम भी नहीं करते। पट ले कोई उनका जो पटना हो। ह्ववैसे पावरीले और इनके खासों को चरित्र प्रमाणपत्र की जरूरत ही क्या? वे तो कहीं भी हों, अपने जीते जागते चरित्र प्रमाणपत्र खुद ही होते हैं। सेल्फ अटेस्टिड, सेल्फ जेनेरेटिड। दूध दूध का धुला हो या न, पर वे दूध के धुले ही होते हैं। जिस दिन बंदा पावर में शामिल हो गया, समझो उसका दुग्धाभिषेक हो गया। चरित्र प्रमाणपत्र की जरूरत तो उन्हें है जो उनके घरों में बेगार करते हैं, मैंने कहा तो उन्होंने इधर-उधर देखा। जब उन्हें लगा कि हम दोनों के सिवाय वहां कोई तीसरा नहीं तो उन्होंने मेरे दिल पर हाथ रख राहत की सांस ली। खालिस इत्र और धवल चरित्र ऐसे ही होते हैं भाई साहब!

# अंतिम चुनौती पर विजय

रोजगार के लिए आर्थिक अवसरों को कम करने के अलावा, ऊर्जा उपलब्धता में कमी स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में ऐसे सामाजिक परिणामों की ओर ले जाती है, जिन्हें अच्छा नहीं कहा जा सकता। ऊर्जा पहुंच का अभाव समाज के कमजोर वर्गों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। घरों में बिजली आपूर्ति की कमी, लैंगिक असमानता से संबंधित प्रभावों के अलावा, महिलाओं को अधिक कड़ी मेहनत के लिए बाध्य करती है तथा दुनिया के शेष हिस्सों से गैर-विद्युतीकृत आबादी के संपर्क को काट देती है। 2014 तक, भारत में कुल 18,374 गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी। 15 अगस्त, 2015 को, भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से 1000 दिनों के भीतर देश भर में शेष गैर-विद्युतीकृत गांवों को विद्युतीकृत करने का संकल्प लिया।





**विशाल कपूर**
**लेखक विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव हैं**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए एसडीजी-7 लक्ष्यों के तहत निर्धारित प्रमुख परिणामों में एक है - 2030 तक ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करना। ऊर्जा की कमी का लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। रोजगार के लिए आर्थिक अवसरों को कम करने के अलावा, ऊर्जा उपलब्धता में कमी स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में ऐसे सामाजिक परिणामों की ओर ले जाती है, जिन्हें अच्छा नहीं कहा जा सकता। ऊर्जा पहुंच का अभाव समाज के कमजोर वर्गों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। घरों में बिजली आपूर्ति की कमी, लैंगिक असमानता से संबंधित प्रभावों के अलावा, महिलाओं को अधिक कड़ी मेहनत के लिए बाध्य करती है तथा दुनिया के शेष हिस्सों से गैर-विद्युतीकृत आबादी के संपर्क को काट देती है।

2014 तक, भारत में कुल 18,374 गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी। 15 अगस्त, 2015 को, भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से 1000 दिनों के भीतर देश भर में शेष गैर-विद्युतीकृत गांवों को विद्युतीकृत करने का संकल्प लिया। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के तहत एक चुनौतीपूर्ण समय सीमा के भीतर इसे पूरा करना एक विशाल कार्य था। देश के बिजली क्षेत्र द्वारा महीनों के दृढ़ प्रयासों के बाद, 28 अप्रैल 2018 को, मणिपुर के चट्टान वाले पहाड़ों में बसे एक छोटे से गांव, लीसांग में बिजली के पहले बल्ब की रोशनी के साथ, भारत ने 100 शत-प्रतिशत ग्राम विद्युतीकरण के ऐतिहासिक लक्ष्य को हासिल किया।

इस विद्युतीकरण की कहानी को केवल संख्या के आधार पर व्यक्त नहीं किया जा सकता, बल्कि यह धैर्य और परिश्रम के साथ दुर्गम बाधाओं पर विजय प्राप्त करने की कहानी है। ग्रामीण विद्युतीकरण के अंतिम चरण में सबसे दुर्गम इलाके- रेगिस्तान, पर्वत श्रृंखलाएं, नदियां और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र- शामिल थे। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश के अंधेरे कोनों में बिजली पहुंचाना, एक महान कार्य था।

देश के कोने-कोने को रोशन करने के संकल्प के साथ, इस कार्य को पूरा करने के लिए एक देशव्यापी टीम पावर का औपचारिक रूप से गठन किया गया। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक नयी निगरानी प्रणाली विकसित की गई। प्रक्रिया की शुरू से अंत तक निगरानी की गई और सर्वेक्षण, सरकारी खरीद, अवसंरचना निर्माण एवं बिजली-आपूर्ति समेत प्रत्येक विवरण पर ध्यान केन्द्रित किया गया। उन गांवों को विद्युतीकृत करने के लिए अभिनव ऑफ-ग्रिड समाधानों का उपयोग किया गया, जो राष्ट्रीय ग्रिड से नहीं जुड़े थे। कई दूर-दराज के इलाके सड़क मार्ग से भी नहीं जुड़े थे। कई क्षेत्रों में, भारतीय वायु सेना की मदद से गांवों के विद्युतीकरण के लिए आवश्यक उपकरण पहुंचाए गए। यह केंद्र और राज्यों की विभिन्न संस्थाओं और एजेंसियों के बीच निर्बाध सहयोग का एक आदर्श उदाहरण था।

भारत की लगभग दो तिहाई जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। हालांकि, बुनियादी सुविधाओं तक बढ़ती पहुंच के साथ और ग्रामीण भारत के बदलते परिदृश्य को देखते हुए, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच का अंतर धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। बिजली के घरेलू उपकरण, टेलीविजन और मोबाइल के उपयोग समेत आधुनिक सुविधाएं अब शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं हैं। बच्चे पढ़ाई के लिए दिन के उजाले पर निर्भर नहीं रहते। ग्रामीण इलाकों के विकास पर निरंतर ध्यान देने के साथ, हमारे गांव मुख्यधारा से तेजी से जुड़ रहे हैं।

डीडीयूजीजेवाई की सफलता ने घरेलू विद्युतीकरण योजना- सौभाग्य की शुरूआत करने का मार्ग प्रशस्त किया, जिसका उद्देश्य हर घर को विद्युतीकृत करना है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) भारत के ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम को सफलता की एक स्पष्ट कहानी के रूप में पेश करती है और अपने प्रकाशन एनर्जी एक्सेस आउटलुक 2017 में इसे ऊर्जा पहुंच के उज्ज्वल प्रतीक के रूप में रेखांकित करती है। हम आजादी का अमृत महोत्सव- भारत की आजादी के 75 साल, मना रहे हैं, हमें प्रत्येक उपलब्धि को, अंत्योदय के लक्ष्य को हासिल करने के क्रम में भारत द्वारा उठाये गए एक और कदम के रूप में देखना चाहिए।

# अंधेरे से निकल कारोबारी दुनिया में आएं मुस्लिम युवा

मुसलमानों के कथित नेता यही चाहते हैं कि इनकी कौम अंधकार के युग में ही बनी रहे। वहां से कभी निकले ही नहीं। इसलिए आज के दिन उत्तर भारत के मुसलमानों में जीवन में आगे बढ़ने को लेकर उस तरह का कोई जज्बा दिखाई नहीं देता जैसा हम गैर- हिन्दी भाषी राज्यों के मुसलमानों में देखते हैं। उत्तर भारत के मुसलमान अब भी सिर्फ नौकरी करने के बारे में ही सोचते हैं। जो कायदे से शिक्षित नहीं हैं, वे कारपेंटर, पेंटर, वेल्डर या मोटर मैकनिक बनकर खुश हो जाते हैं। शिक्षित मुसलमान अजीम प्रेमजी (विप्रो), हबील खुराकीवाला (वॉक फार्ड) या युसूफ हामिद (सिप्ला) बनने के संबंध में क्यों नहीं सोचते? यह सच में बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र, गुजरात, बैंगलुरू यानी कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना आदि का मुसलमान बिजनेस में भी अब लंबी छलांगें लगा रहा है। उसे सफलता भी मिल रही है।





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

यकीन मानिए कि कभी-कभी बहुत अफसोस होता कि मुसलमानों को उनके रहनुमाओं ने हिजाब, बुर्का, उर्दू जैसे खतरे के वहम में फंसा कर रखा हुआ है। यह बात उत्तर भारत के मुसलमानों को लेकर विशेष रूप से कही जा सकती है। मुसलमानों के कथित नेता यही चाहते हैं कि इनकी कौम अंधकार के युग में ही बनी रहे। वहां से कभी निकले ही नहीं। इसलिए आज के दिन उत्तर भारत के मुसलमानों में जीवन में आगे बढ़ने को लेकर उस तरह का कोई जज्बा दिखाई नहीं देता जैसा हम गैर- हिन्दी भाषी राज्यों के मुसलमानों में देखते हैं। उत्तर भारत के मुसलमान अब भी सिर्फ नौकरी करने के बारे में ही सोचते हैं। जो कायदे से शिक्षित नहीं हैं, वे कारपेंटर, पेंटर, वेल्डर या मोटर मैकनिक बनकर खुश हो जाते हैं। शिक्षित मुसलमान अजीम प्रेमजी (विप्रो), हबील खुराकीवाला (वॉक फार्ड) या युसूफ हामिद (सिप्ला) बनने के संबंध में क्यों नहीं सोचते? यह सच में बड़ा सवाल है।

महाराष्ट्र, गुजरात, बैंगलुरू यानी कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना आदि का मुसलमान बिजनेस में भी अब लंबी छलांगें लगा रहा है। उसे सफलता भी मिल रही है। आप दिल्ली के इंडिया इस्लामिक सेंटर और मुंबई के इस्लाम जिमखाना के माहौल में जमीन-आसमान का अंतर देखेंगे।

जहां इस्लामिक सेंटर में कव्वाली के नियमित कार्यक्रम होते हैं, वहीं इस्लाम जिमखाना के सदस्य बिजनेस की चर्चा में मशगूल मिलते हैं। दोनों की प्राथमिकताएं ही भिन्न हैं। इन दोनों के माहौल को देखकर ही पलक झपकते ही समझ आ जाता है कि देश के अलग-अलग भागों के मुसलमानों की सोच में कितना फर्क है। जहां विप्रो आई टी सेक्टर की कंपनी है, वहीं वॉककार्ड तथा सिप्ला फार्मा कंपनियां हैं। इन सबमें हजारों पेशेवर भी काम करते हैं और इनका सालाना मुनाफा भी हजारों करोड़ रुपए का है।

आपको गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में दर्जनों उत्साही मुस्लिम कारोबारी तथा आंत्रप्योनर मिल जाएंगे। पर आपको दिल्ली और उत्तर भारत में कोई बहुत बड़ी नामवर कंपनी नहीं मिलेगी जिसका प्रबंधन मुसलमानों के पास हो। राजधानी दिल्ली में कुछ दशक पहले तक देहलवी परिवार शमा प्रकाशन चलाता था। इसकी शमा, सुषमा, बानो समेत बहुत सी लोकप्रिय पत्रिकाएं होती थीं।

फिल्मी पत्रकारिता में इनका एक मुकाम होता था। शमीम देहलवी के बाद कुछ सालों तक इन पत्रिकाओं को देहलवी परिवार की सदस्य सादिया देहलवी ने भी देखा। पर ये अपने को वक्त के साथ बदल नहीं सके। नतीजा ये हुआ कि शमा प्रकाशन बंद हो गया। अब राजधानी के कनॉट प्लेस में चल रहे मरीना होटल की बात कर लेते हैं। इसका स्वामित्व भी एक मुस्लिम परिवार के पास है। लेकिन इसके मालिकों ने इसे रेंट पर किसी अन्य कंपनी को दिया हुआ। यानी जिनका होटल है वे रेंट लेकर ही खुश हैं। जबकि किराएदार हर साल मोटा मुनाफा कमाता है। रूह अफजा शर्बत बनाने वली कंपनी हमदर्द ने भी अपने को समय के साथ नहीं बदला। इनके दिल्ली के आसफ अली रोड के दफ्तर में जाकर लगता है

कि ये आधुनिक बनने के लिए तैयार ही नहीं है। इसे बुलंदियों पर पहुंचाया था हकीम अब्दुल हामिद ने। पर उनके निधन के बाद उनका कारोबार बिखरता सा जा रहा है। ये स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। काश. हमदर्द मैनेजमेंट ने सिप्ला लिमिटेड से कुछ सीखा होता। सिप्ला भारत की बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी है। सिप्ला हृदय रोग, गठिया, मधुमेह, आदि के इलाज के लिए नामी दवाएं विकसित और निर्माण करती है।

इसकी स्थापना ख्वाजा अब्दुल हमीद ने 1935 में मुंबई में की थी। इसकी एक फैक्ट्री में महात्मा गांधी 1940 के दशक में आए थे। हमीद साहब राष्ट्रवादी विचार के मुसलमान थे। जहां तक विप्रो लिमिटेड की बात है तो यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी है। आज इसकी टर्न ओवर कोई 600 अरब रुपये प्रतिवर्ष है और मुनाफा कोई 70 अरब रुपये। दरअसल 1977 में जनता सरकार के समय विदेशी कंपनियों के भारत छोड़ने के आदेश के बाद विप्रो के व्यवसाय में असरदार इजाफा हुआ था। आज यह एक बहु व्यवसाय तथा बहु स्थान कंपनी के रूप में उभरी है।

आप उत्तर भारत के आबादी के लिहाज से दो बड़े राज्यों-उत्तर प्रदेश तथा बिहार पर भी नजर डालिए। आपको यकीन मानिए कि हिमालय ड्ग्स के अलावा कोई भी बड़ी कंपनी नहीं मिलेगी जिसका अपनी दुनिया में नाम हो और जिसका मैनेजमेंट किसी मुसलमान व्यवसायी के पास हो। आप जब इस विषय पर किसी मुस्लिम बुद्धीजीवी से बात करते हैं तो वह आमतौर पर एक घिसा-पिटा उत्तर देता है कि देश की आजादी के समय उत्तर भारत का एलिट सरहद के उस तरफ चला गया था। उस समय का असर अब भी दिखाई देता है। कहना न होगा कि इस तर्क को आजादी के 75 सालों के बाद भी मानना असंभव है। इस दौरान देश-दुनिया बदल गई।

पर कुछ लोग अब भी 1947 में ही जी रहे हैं। वे आगे बढ़ने या सोचने के लिए तैयार नहीं हैं। मुस्लिम समाज के चिंतकों, शिक्षकों, संस्थानों को अपने समाज के नौजवानों को प्रेरित करना होगा कि वे नौकरी या छोटा-मोटा काम करके जिंदगी गुजारने की सोच से बाहर निकलें। ये नौकरी करने से अधिक नौकरी देने का वक्त है। इसलिए पढ़े-लिखे मुसलमान युवक-युवतियों को किसी नए आइडिया के साथ कोई नया काम करने के बारे में सोचना होगा। उन्हें समझना होगा कि जब उन्हीं के समाज के नौजवान देश के अन्य भागों में अपने लिए बिजनेस की दुनिया में अपनी प्रतिष्ठित जगह बना रहे हैं तो वे भी किसी से कम नहीं हैं।

वे भी सफल हो सकते हैं। नया काम-धंधा शुरू करने वालों को लोन मिलने में भी अब कोई दिक्कत नहीं है। उन्हें बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से सस्ती ब्याज दरों पर लोन भी मिल रहा है। अब गेंद मुस्लिम नौजवानों के पाले में है कि वे आगे आएं और देश की ताकत बनें। उनके पास दोनों विकल्प मौजूद हैं। वे छोटी-मोटी नौकरी करके भी जिंदगी गुजार सकते हैं। अगर वे चाहें तो कुछ बड़ा भी कर सकते हैं। उन्हें रिस्क लेने से भागना या घबराना नहीं चाहिए।

# भुगतान संतुलन का सुप्रबंध हो

डा. वरिंदर भाटिया

आठ अप्रैल 2022 को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.471 बिलियन डॉलर की कमी के साथ 604.004 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। विश्व में सर्वाधिक विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों की सूची में भारत चौथे स्थान पर है। इस सूची में चीन पहले स्थान पर है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। यह ऐसा पांचवां महीना है जिसमें गिरावट दर्ज की गई है। याद रहे विदेशी मुद्रा भंडार का प्रयोग विदेशी भुगतान के लिए किया जाता है। इसकी कमी से देश अनेक आर्थिक मुश्किलों का सामना करते हैं। यह हमारी भुगतान को लेकर पैदा हो सकने वाली चिंता है। एक देश का विदेशी मुद्रा भंडार न केवल वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात से संचित होता है, बल्कि विदेशी निवेश, वाणिज्यिक उधारियां या विदेशी सहायता के रास्ते पूंजी प्रवाह से भी प्राप्त होता है। इसी वजह से कई वर्षों से चालू खाता घाटा होने के बावजूद भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बना हुआ है क्योंकि अधिकांश वर्षों में भारत में शुद्ध पूंजी प्रवाह, चालू खाता घाटे से ज्यादा रहा है। यही पूंजी प्रवाह का अधिशेष विदेशी मुद्रा भंडार के निर्माण में सहायक होता है। यूक्रेन युद्ध के वास्तविक प्रभाव सामने आने से पहले ही पांच महीने में इसमें 35 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। भारत का विदेशी क्षेत्र फिलहाल स्थिर नजर आ सकता है, लेकिन यह मानकर नहीं बैठ जाना चाहिए कि यह संकटों से अछूता रहेगा। कोरोना महामारी के बाद वैश्विक उत्पादन के धीरे-धीरे सामान्य होने की कोशिशों को बढ़ रही खाद्य और ऊर्जा मुद्रास्फीति का तगड़ा झटका लगा है। खाद्य और ऊर्जा मुद्रास्फीति को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख ने विश्व अर्थव्यवस्था के लिए स्पष्ट और साक्षात खतरा करार दिया है। यूक्रेन संघर्ष से हुए नुकसान का पूरा आकलन किया जाना अभी बाकी है। सच यह है कि भारत समेत ज्यादातर अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष के समाधान से ऊर्जा और खाद्य कीमतों में नरमी आने की उम्मीद के आसरे बैठी हैं। सरकारों में ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर लादने को स्थगित करने की प्रवृत्ति होती है। यह एक प्रेशर कुकर को पूरी आंच पर ज्यादा समय तक रखे रहने जैसा है। दक्षिण एशिया और लेटिन अमेरिका की छोटी अर्थव्यवस्थाएं पहले ही विदेशी मुद्रा संकट के मुहाने पर पहुंच चुकी हैं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर ऊर्जा और खाद्य की शुद्ध आयातक हैं। पहली बात, कई अर्थशास्त्री वर्तमान वित्त वर्ष में भुगतान संतुलन के नकारात्मक रहने का अनुमान लगा रहे हैं। हाल के वर्षों में भारत का चालू खाते का घाटा 1-1.5 फीसदी के आसपास (मोटे तौर पर 40 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा है, जिसकी पर्याप्त से अधिक भरपाई कहीं ज्यादा विदेशी पूंजी प्रवाह से हो गई। दमदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और स्टॉक मार्केट में सकारात्मक विदेशी संस्थागत निवेशकों के पोर्टफोलियो निवेश का इसमें हाथ रहा। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ता चला गया। लेकिन इस वित्तीय वर्ष में समीकरण बदल गया है। विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्डों में सुरक्षित शरणस्थली तलाश रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व और ओईसीडी देशों के अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा अपनी आसान पूंजी की नीति को धीरे-धीरे वापस लेने से स्थिति और गंभीर हो गई है। याद कीजिए, लगभग शून्य ब्याज दरों पर यह आसान पूंजी 2020-21 में भारत के टेक (तकनीक) और ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) क्षेत्र की ओर बड़े पैमाने पर मुखातिब थी, जो विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी वृद्धि कर रहा था। इन सुहाने दिनों का अंत हो गया है। अगर मौजूदा रुझानों के हिसाब से देखें, तो 2022-23 में पूंजी के आगमन में तेज गिरावट आएगी और व्यापार घाटा लगभग दोगुना हो जाएगा। ऊंची ऊर्जा और वस्तु (कमोडिटी) कीमतों के कारण भारत का आयात निर्यात की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ रहा है। मार्च में इसने 18.5 अरब अमेरिकी डॉलर के शीर्ष को छू लिया। वार्षिक तौर पर इसके 210 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाने की संभावना है। अगर विदेश में रह रहे भारतीयों द्वारा हर साल लगभग 90 अरब डॉलर के रेमिटेंस को आकलन में शामिल करते हुए कहा जाए, तो चालू खाते का घाटा 120 अरब डॉलर के अभूतपूर्व शिखर तक या जीडीपी के 3.5-4 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। भुगतान संतुलन के बने रहने के लिए भारत को इस पैमाने के पूंजी निवेश की दरकार होगी। ऐसी स्थिति में जब ज्यादातर बड़े केंद्रीय बैंक आसान पूंजी को वापस ले रहे हैं, क्या अगले दस महीनों में ऐसा हो पाना मुमकिन है? ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का आकलन है कि भुगतान संतुलन नकारात्मक रहेगा। उदाहरण के लिए अगर अपने चालू खाते के घाटे को पाटने के लिए भारत को 120 अरब डॉलर की जरूरत होती है, लेकिन शुद्ध पूंजी निवेश के तौर पर इसे सिर्फ 50 अरब डॉलर की ही प्राप्ति होती है, तो बचे हुए 70 अरब डॉलर के भुगतान के लिए आरबीआई के खजाने से पैसे लेने के अलावा और कोई चारा नहीं होगा। ऐसा निश्चित लगता है कि अगले 11 महीनों में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार और नीचे आएगा। समस्या यह है कि ऐसा नकारात्मक माहौल बनने से पूंजी का पलायन और भी तेज हो सकता है। मिसाल के लिए, भुगतान संतुलन के घाटे को पूरा करने के बाद भी आरबीआई के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद मुद्रा कमजोर हो सकती है और इसे समर्थन देने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार में हाथ डालना पड़ सकता है। इन हालात में विश्वास दरक सकता है और जोखिम के दूसरे कारक खतरनाक नजर आने लग सकते हैं। मिसाल के लिए रेसिडुअल मैच्योरिटी आधार पर भारत का लघु आवधिक विदेशी कर्ज (जिनमें अगले 12 महीने में देय होने वाली दीर्घावधिक कर्ज और एक साल से कम समय में देय छोटे मियाद वाले कर्ज की देनदारियां शामिल हैं) जून 2021 के अंत में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का 41.8 फीसदी था। यानी जून 2022 तक 250 अरब डॉलर के छोटे मियाद वाले कर्ज का भुगतान किया जाना है। इस बात की संभावना है कि जून 2022 तक देय होने वाले कुछ लघु कर्ज, अगर उन्हें आगे बढ़ाया जाना संभव न हुआ, का भुगतान विदेशी मुद्रा भंडार से किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चाइनीज मांझे से कटा छात्र का गर्दन

अमरोहा।चाइनीज मांझे की चपेट में आकर एक स्कूली छात्र की गर्दन में गहरा घाव हो गया। आनन-फानन परिजन उसे लेकर चिकित्सक के यहां पहुंचे। डाक्टर ने बताया कि बच्चे की सांस की नली बच गई है। अगर सांस की नली कट जती तो खतरा काफी बढ़ सकता था। यह घटना बीते दिन मोहल्ला कोट की है। मोहल्ला कोट निवासी हर्षित भारद्वाज (14) पुत्र अभिषेक भारद्वाज हिल्टन कान्वेंट स्कूल का नौवीं कक्षा का छात्र है। बीती शाम वह किसी घरेलू काम से बाजार जा रहा था तो रियासत मंदिर मोहल्ला कोट के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। उसकी गर्दन में गहरा घाव हो गया और गर्दन से खून बहने लगा। परिजन उसे लेकर प्राइवेट डॉक्टर के यहां पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत,मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

हसनपुर। घरेलू विवाद के बाद विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले में तहरीर दे दी गई है। घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के मटैना गांव की है। यहां पर किसान बलराम प्रजापति का परिवार रहता है। उनकी 30 वर्षीय पत्नी मानवती की बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मायके वाले पहुंच गए। उन्होंने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत किया। बाद में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ससुराल वालों का कहना है कि घरेलू क्लेश के चलते विवाहिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान दे दी है।विवाहिता के तीन बच्चे हैं। जिनका रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पीके चौहान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### सरकारी तालाब पर अवैध रूप से मकान बनाकर किया कब्जा

स्योहारा। तुसीदास पुत्र बाबु ग्राम जमालपुर महिपत थाना स्योहारा खसरा नं 55 है जो सरकारी तलाब का अंश है उस पर अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा कर रखा है जो अपनी गुडा गर्दी के बल पर पुलिस प्रशासन से भी नहीं डरता है जबकि मुख्यमंत्री के आदेश है कि ग्राम समाज व सरकारी तलाब जमीन पर अवैध कब्जा तुरंत हटवाया जाये। अब देखना है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाही करता है।

### जजी परिसर में वकीलों के चैंबरों में लगी आग

बिजनौर। जिला न्यायालय के वकीलों के चेंबर में भीषण आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को जजी परिसर में बने अधिवक्ताओं के चैंबरों में भीषण गर्मी व शॉट सर्किट से आग लग गयी। जिससे भीषण रूप ले लिया। जिससे कोर्ट परिसर में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। जिससे करीब आधा दर्जन वकीलों के चैम्बर जलकर राख हो गये। वहीं सूचना देने पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग की टीम आग को बुझाने में जुट गयी। यह मामला बिजनौर जनपद न्यायालय कोर्ट का बताया जाता है।

# विधायक एवं डीएम ने किया गौशाला निर्माण स्थल का निरीक्षण,कार्य में तेजी लाने के निर्देश

रहरा, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के साथ विकासखंड गंगेश्वरी के रहरा गंवा मार्ग पर ग्राम गुरैठा में गौ संरक्षण के लिए विकसित किए जा रहे 600 बीघे के नंदी अभ्यारण का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने विकसित किए जा रहे इस नंदी अभ्यारण में चल रहे जेसीबी से खाई खोदने के कार्य का भ्रमण कर चारों ओर निरीक्षण किया और खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी को कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बरसात के पहले यह कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।यह जिले का सबसे बड़ा ड्रीम प्रोजेक्ट है जो कि गौ संरक्षण के लिये नंदी अभयारण्य के रूप में विकसित किया जाएगा।कहा इसके चारों ओर खाई के ऊपर बांस लगाए जाएंगे और अभ्यारण के चारों ओर नींबू करौंदा सहजन जैसे फलदार वृक्ष व बीच में बरगद पीपल शीशम पिलखन जैसे छायादार वृक्ष भी लगाए जाएंगे।

कहा कि इस अभ्यारण्य के अंदर सुपर नेपियर घास लगाई जाएगी जोकि पशुओं को करने के लिए प्रयोग में आएगी ।

उन्होंने कहा कि इसके अंदर चार समरसेबल लगाए जाएंगे जोकि घास को हरी-भरी बनाने में व पशुओं को पीने के लिए भी पानी की पूर्ति करेंगे।अभयारण्य के अन्दर 04 तालाब भी खुदवाया जाएगा।कहा कि अभ्यारण में आवश्यक जगहों पर पानी के लिए नालियां बनाई जाएंगी जिससे कि पशुओं को पानी पीने की किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और चरही हौद भी बनवाया जाएगा।अभयारण्य में आवश्यक जगह पर टीन सेड की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिया है ताकि पशु गर्मी के दिनों में छांव में अंदर बैठ सके । उन्होंने खंड विकास अधिकारी को जल्द से जल्द इसमें कार्यवाही कर कार्य को पूर्ण करने और अधिक से अधिक संख्या में मजदूर व जेसीबी लगाकर कार्य को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं ।प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्री मंसाराम यादव ने बताया कि अभयारण्य के बीचोबीच एक सड़क भी आवागमन हेतु बनाई जाएगी अभयारण्य को पूरी तरह से विकसित किया जाएगा ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक पशुओं को जोकि खुला घूम रहे हैं उन्हें लाकर इस अभ्यारण में रखा जाएगा ताकि किसानों की हो रही फसलों के नुकसान से निजात मिल सके । उन्होंने कहा कि अभ्यारण के चारों ओर बनाई रही जा रही खाई में बांस लगाए जाएंगे।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद शेखर शुक्ल,उप जिला अधिकारी हसनपुर, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी,प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंसाराम यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**हसनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मटेना निवासी बलराम की शादी तीन वर्ष पूर्व थाना सैदनगली के गांव तरारा निवासी मानवती से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही दोनों में अनबन होने लगी। बुधवार शाम करीब आठ बजे मानवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही मायकेवाले वहां पहुंच गए और मानवती की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने तहरीर लेकर मानवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पीके चौहान ने बताया कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मानवती के मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं।खबर लिखे जाने तक फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# अल्लाहताला का बंदों को दिया इनाम है ईदःनईम लाओजी

नौगावां सादात, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व चैयरमैन/वरिष्ठ समाजसेवी नाईम हसन लाओजी बीड़ी वाले ने प्रातः किरण संवाददाता से ईदुल फितर के मुबारक मौके पर अपने खयालात का इजहार करते हुए बताया कि ईद-उल-फित्र मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह अल्लाहताला की तरफ से बंदों के लिए खुशी का मुकर्रर दिन है।

रमजान में की गई इबादत के बदले इसे रोजेदारों और बंदों के लिए अल्लाहताला की तरफ से इनाम देने का दिन है। मुसलमान रमजान के महीने में अल्लाहपाक को राजी करने के लिए उसके हुक्म का पालन करता है। रोजा रखता है, पांच वक्त की नमाज पढ़ता है, जकात और फितरा देकर गरीबों, यतीमों और मिस्कीनों की मदद करता है। अपने गुनाहों की माफी मांगता है और नेक काम कर अल्लाह की रजा हासिल करना चाहता है।

इसी इबादत से खुश होकर अल्लाहताला ने बंदों के लिए इनाम के तौर पर ईद का त्योहार रखा है, जिससे वह खुशी मनाएं। इस इनाम के दिन को ही ईद कहते हैं। यह इनाम गुनाहों से माफी और जन्नत में दाखिल होने की शक्ल में है। ईद के दिन अच्छे कपड़े पहनना, गुस्ल (नहाना), खुशबू लगाना, गरीबों को इस खुशी में शामिल करने के लिए सदका-ए-फित्र देना, ईद की नमाज के पहले मीठी चीज खाना और ईदगाह जाते हुए नारा-ए-तकबीर- अल्लाह हू अकबर बोलना सुन्नत-ए-रसूल है ईद में मर्दों की तरह औरतों के लिए भी सुन्नत है कि वह गुस्ल करें, उम्दा कपड़े पहनें और ईदगाह में नमाज हो जाने के बाद अपने घरों में तन्हा-तन्हा नफिल शुक्राना की नमाज पढ़ें।

# जकात का पैसा सही लोगों तक पहुंचना जरूरीःडॉ इस्माईल सैफई

मण्डी धनौरा, प्रात : किरण संवाददाता



मण्डी धनौरा। रमजानुल मुबारक का पाक महीना अब हमसे अलविदा कहने को है, रमजान का तीसरा अशरा भी खत्म हो रहा है। हमने रहमत मगफेरत ह्यगुनाहों की माफी बरकत और जहन्नम से बचाने की दुआएं मांगी। अल्लाह से मुखातिब होकर सच्चे दिल से हर जायज उचित मुराद पाने की दुआएं मांगी। यह बातें इस्माईल हास्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर इस्माईल सैफी ने कही।उन्होंने प्रातः किरण संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा कि हम रमजान के महीने में नेक आमाल ह्यकामह्य करते हैं। गरीबों, यतीमों सायलों ह्यफकीर और परेशान लोगों को सदका खैरात फितरा और जकात देते हैं। अल्लाह के हुक्म से रमजान के महीने में वह जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बन्द कर दिए जाते हैं। शैतान को कैद कर दिया जाता है ताकि वह नेक बन्दों की इबादत में वसवसा न डाले। अगर हम रहमत व बरकत के खजाने को अपनी झोली में न डाल सकें, गुनाहों की मगफिरत ह्यमाफी से महरूम रह गए, जहन्नम की आग से बचने का रास्ता न ढूंढ पाए तो शायद हमसे बदनसीब और बदकिस्मत कोई न हो। हम खाने के पैकेट तकसीम करते हैं, लेकिन हम गौर करें कि हमारे घर और पास पड़ोस की बहन, बेटियां और भाई कहीं इससे महरूम न रह जाएं, जिसके वाकई वे हकदार हैं। उन्होंने ईदुलफितर का त्योहार अदा करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिनको पेट का दाना और तन का कपड़ा मयस्सर नहीं है, हम गरीबों की मदद करेंगे तो अल्लाह पाक हमारी जायज मुरादों को पूरी करेगा। डॉ सैफी ने कहा कि ईद नजदीक है इसलिए उलेमाओं ने भी शरीयत हुक्म के मुताबिक पहले अजीज जरूरतमंद और बाकी अन्य को जकात देने को कहा है। उलेमा ने जकात के बारे में बताया है।अफजल है कि जकात पहले अपने अजीज जरूरतमंदों को दे।जकात की अहमियत को कुरआन में ये कह कर बयान किया गया है कि जिसने अपने माल की जकात नहीं दी वो जन्नत में नहीं जाएगा। कुरआन में 82 बार आदेश दिया गया है ह्यनमाज कायम करो और जकात दो.ह्न आम तौर पर रमजान के महीने में साहिब-ए-निसाब (अमीर) मुसलमान जकात देते हैं।जकात व फितरा की रकम भाई-बहन, चाचा, मामू, खाला, फूफी, सास-ससुर, बहु और दामाद को भी दी जा सकती है। बशर्ते ये लोग शरई मालदार न हो। मां-बाप, औलाद, दादा-दादी, नाना-नानी, पोता-पोती, नवासा-नवासी को ये रकम नहीं दी जा सकती। यतीम खानों और मदरसों में भी ये रकम दे सकते हैं।

## मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर के मेन रास्ते पर जलभराव की वजह से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद भी समस्या समाधान न होने पर उनमें आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों का गंदा पानी सड़क पर भर रहा है। इस संबंध में प्रधान से लेकर अधिकारियों तक कई बार समस्या निस्तारण की गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। रात के समय आने-जाने में बेहद परेशानी होती है। बाइक आदि वाहन आए दिन रास्ते में गिरते रहते हैं। कई राहगीर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीण संजय सिंह, वीर सिंह, वीरपाल सिंह, कुंवर पाल सिंह, नन्हे, विजयपाल सिंह, वीर सिंह व योगेंद्र सिंह आदि ने चेतावनी दी है कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो एसडीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक पर भी आंदोलन किया जाएगा।

# भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विवेक कॉलेज में शुरू हुआ

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी बिजनौर द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मुरादाबाद रोड स्थित विवेक कॉलेज में किया गया।

जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल एवं जिला अध्यक्ष सुभाष बाल्मीकि द्वारा किया गया प्रशिक्षण शिविर में भारतीय जनता पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारियों क्षेत्रीय पदाधिकारियों प्रदेश पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं प्रमुख कार्यकताओं ने भाग लिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में भाजपा इतिहास और विकास विषय पर मुख्य वक्ता मोहित बेनीवाल द्वारा अपने अनुभव एवं मार्गदर्शन द्वारा उपस्थित समस्त कार्यकताओं को संबोधित कर लाभान्वित किया।

प्रशिक्षण शिविर के जिला संयोजक प्रमोद चैहान रहे प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि हरजिंदर कौर भूपेंद्र चैहान विनय राणा मुकेन्द्र त्यागी विवेक कर्णवाल विधायक सूची चैधरी ओम कुमार अशोक राणा कुमार सुशांत समस्त ब्लाक प्रमुखगण वेद प्रकाश विश्वकर्मा प्रमोद चैहान पूनम गोयल संगीता अग्रवाल सुभाष चैहान अरविंद गहलोत मोनिका यादव सी पी सिंह,बलराज त्यागी तरुण राजपूत राजन गोल्डी पुष्कर सिंह संदीप तायल रुस्तम यादव विक्रांत चैधरी विपुल शर्मा सुधीर भुईयार सरदार मलकीत सिंह राजीव लोचन संदीप चैधरी दिनेश सैनी नरेश भाटी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



● भाजपा के सभी विधायक व पदाधिकारी रहे मौजूद

# फसल बीमा पाठशाला में कृषकों की समस्याओं का निराकरण किया



अफजलगढ़, प्रात : किरण संवाददाता

गांव दुलीचंदपुर में फसल बीमा पाठशाला में कृषको की समस्याओं का निराकरण किया गया। एडीओ कृषि रक्षा सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया की आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग किसान भागीदारी, प्राथमिकता हमारी,के उद्देश्य से 25 अप्रैल से 1 मई तक फसलबीमा पाठशालाओ का आयोजन कर रहा है। बुधवार को गांव दुलीचन्दपुर ग्राम प्रधान रमेश सिंह के आवास पर फसलबीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों को बताया की पाठशाला का मुख्य उद्देश्य पीएम किसान सम्मानिधि योजना के पात्र किसानों की जन सेवा केंद्रों के माध्यम से ईकेवाईसी कराना,किसान कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा जिन किसानों ने पंजीकरण करा लिया है उनका सत्यापन आदि कराना है। कृषि विभाग किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पाठशालाओ के माध्यम से प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कृषक भाई निसंकोच इन पाठशालाओ में अपनी समस्याओं व शंकाओं का समाधान करा सकते है। बुधवार को भी ब्लॉक की कई अन्य पंचायतो में भी फसलबीमा पाठशालाओ का आयोजन कराया गया। इस अवसर कृषि विभाग के बृजभूषण सिंह, बलकरण सिंह, इफ्तिखार आरिफ तथा मुनेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

## बाइक सवार कंटेनर की चपेट में आकर घायल हुआ

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित भूतपुरी के समीप एक बाइक सवार कंटेनर की चपेट में आकर घायल हो गया पुलिस की मदद से घायल को 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जानकारी अनुसार जमालुद्दीन पुत्र असगर निवासी मौहम्मदपुर थाना स्योहारा अपनी भाई की पत्नी व बच्चे के साथ बाइक से घोसियावाला जा रहा था जब उसकी बाइक भूतपुरी पुल के समीप पहुंची तो कंटेनर की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज कमल सिंह ने घायल को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया घायल को गंभीर अवस्था देखते हुए हेयर सेंटर रेफर कर दिया गया पुलिस ने कंटेनर सहित चालक को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उधर इस संबंध में कोतवाल मनोज कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# शासन की सख्त गाइड लाइन, ईदगाह व मस्जिद परिसर के बाहर नमाज न हो

नहटौर, प्रात : किरण संवादाता

शासन की सख्त गाइड लाइन के अनुसार ईदगाह और मस्जिद परिसर के बाहर नमाज न होने पर कोतवाल ने उलेमाओं और जिम्मेदार लोगो की बैठक बुलाई और उनसे पालन करने पर जोर दिया। थाना प्रांगण में आयोजित बैठक में कोतवाल सतेंद्र सिंह ने कहा की शासन की गाइडलाइन आई है की अलविदा जुमें की मस्जिद और ईद की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर अदा होगी।

यदि कोई इसका पालन नही करेगा और मस्जिद या ईदगाह परिसर से बाहर नमाज अदा करते हुए मिलेगे तो उनके साथ उस ईदगाह या मस्जिद की कमेटी के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने नमाज परिसर के अंदर ही अदा करने की अपील की। इसपर उलेमाओं सहित जिम्मेदार लोगो ने कोतवाल को भरोसा दिलाया की नमाज शासन की गाइड लाइन अनुसार ही अदा होगी तथा लोगो से ईद की नमाज अपनी मस्जिदों में भी अदा करने पर जोर दिया। बैठक में चेयरपर्सन पुत्र राजा अंसारी, जमीयत के नगर सदर कारी मो हारून, मौलाना नफीस कासमी, हाजी आफाक सिद्दीकी, खुर्शीद आलम अंसारी, हाफिज सत्तार, मुफ्ती अर्थ, डा परवेज आलम, सभासद हाजी शाह आलम, शमीम अंसारी, नबील अहमद, महरबान अंसारी आदि बड़ी संख्या में उलेमा और जिम्मेदार लोग मौजूद थे।



● कोतवाल ने उलेमाओं व जिम्मेदार लोगों की बैठक बुलाई -पालन करने पर जोर दिया

### नगर के उलेमाओं ने लोगो से अपनी अपनी मस्जिदों में ही ईद की नमाज अदा करने पर जोर दिया

**नहटौर।** नगर में ईद की नमाज सदिकबद मार्ग स्थित कदीमी ईदगाह और बाईपास स्थित मरकजी ईदगाह सहित मोहल्ला नोधा स्थित मिया साहेबान और जामा मस्जिद में होती है लेकिन नगर की आबादी कई गुना बढ़ने और आसपास के उन गावों के लोग जिन गावो में ईद की नमाज नही होती वह भी नगर की ईदगाहों में नमाज अदा करने आते हे जिस कारण दोनों ईदगाहों में नमाजियों की तादाद ज्यादा होने के कारण कदीमी ईदगाह में नमाजी धामपुर मार्ग तक आ जाते है और मार्ग पर ही नमाज अदा करते हे। शासन की गाइडलाइन के अनुसार इस बार यह नही हो पायेगा इसलिए नगर के उलेमाओं ने लोगो से अपनी अपनी मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा करने पर जोर दिया है।

# जिला बिजनौर का वातावरण औद्योगिक विकास के लिए अत्यन्त अनुकूलः डीएम

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जिला बिजनौर का वातावरण औद्योगिक विकास के लिए अत्यन्त अनुकूल है, यहां राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों से परिपूर्ण आवगमन की सुविधा से संतृप्त शांत वातावरण में औद्योगिक की स्थापना कर उद्योग बन्धु ज्यादा लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के भौगोलिक, प्राचीन इतिहास, धार्मिक, पौराणिक एवं सांस्कृति धरोहर से सम्पन्न भूमि में पर्यटक के आकर्षण एवं उनकी सुविधा के लिए भी यहां भिन्न भिन्न प्रकार के उद्योग स्थापित किए जाने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नए उद्योगों की स्थापना के लिए विशेष योजनाएं एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिनसे उद्योग बन्धु लाभान्वित हो कर औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अपना योगदान अदा कर सकते हैं। उन्होनें कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए अति संवेदनशील और गंभीर है और उद्योग प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होनें उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग बन्धुओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें, ताकि उनमें शासन एवं प्रशासन के प्रति विश्वास में और अधिक वृद्धि हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, जिले के समस्त उधोग बन्धु, व्यापार बन्धु मौजूद थे।



● जिला उद्योग बंधुओं की बैठक की आयोजित

# लगातार गहराता जा रहा विद्युत का संकट



नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

लगातार गहराते विद्युत संकट को गंभीरता से लेते हुए नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी से अपने आवास पर वार्ता की और पश्चिमांचल विद्युत खंड के एम. डी. को संबोधित एक पत्र अधिशासी अभियंता के माध्यम से भेजा।

पत्र के द्वारा विधायक हाजी तसलीम अहमद ने विद्युत संकट के दौरान नजीबाबाद में शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति देने तथा विद्युत आपूर्ति में हर संभव सुधार करने की मांग की है। हाजी तसलीम अहमद ने रमजान माह की सेहरी में रात्रि 2 बजे से 6 बजे तक तथा शाम को इफ्तारी के समय 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक विद्युत कटौती न करने की मांग की। इसके साथ ही चांद रात व ईद पर पूरे दिन आपूर्ति देने की भी मांग की है। इस मौके पर समाजसेवी हाजी दिलशाद, सपा नेता मुन्नवर अली, सपा नेता वसीम अहमद एडवोकेट, आसिफ मुत्तकी, अब्दुल वाहिद सदर, जाहिद अंसारी पूर्व प्रधान, शद्दन सभासद, आफताब अहमद, डॉक्टर वसीम बारी, शाहनवाज सैफी, जीशान मुल्तानी, मेहताब प्रधान, मंसूर कुरैशी, अहसान सैफी, हाजी लालू आदि मौजूद रहे।

## जंगली कुत्तों के पीछा करने पर बारहसिंगा आबादी में घुसा

**मंडावर।** जंगली कुत्तों के पीछा करने पर एक बारहसिंगा आबादी में आ गया जिसमें गांव वालों ने उसे कुत्तों से बचाते हुए एक घर में बंद कर लिया और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी मोके पर पहुंच वन विभाग की टीम के लोगों ने उसे जंगल में छोड़ राहत की सांस ली। मंगलवार की शाम एक बारहसिंगे का जंगली कुत्तों ने पिछा किया जिसमें बारहसिंगा डर के कारण भागते हुए थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर गांव में आ गया जिसमें गांव वालों ने जब बारहसिंगा को देखा तो उन्होंने उसकी जान बचाने का प्रयास किया और उसे घेरकर एक मकान में बंद कर दिया और वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी मोके पर पहुंचे वन विभाग की टीम के चंद्रमोहन सिंह और ताजिम ने बारहसिंगे को मकान से ले जाकर जंगल में छोड़ दिया और राहत की सांस ली अगर बारहसिंगा आवादी की और न भागता तो जंगली कुत्ते उसे अपना शिकार बना लेते ।ऐसा हुआ जैसे जाके राखो साइयां मार सके ना कोई। जिसको बचाने वाला ऊपर वाला है उसे कोई नहीं मार सकता।

# पुलिस परिवार केन्द्र ने पांच परिवारों को एक साथ रहने के लिए राजी किया



बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस परिवार केन्द्र की ओर से परिवारों को लगातार टूटने से बचाया जा रहा है। इसी कडी में गुरूवार को 05 परिवारों को एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक कर सुनवाई की गई। इस बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र में 07 मामलों को सुना गया, इसमें आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से परिवार टूटने के कगार पर था। परिवार परामर्श केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी व विभिन्न क्षेत्रों से नामित सदस्यों की ओर से दोनों पक्षों की बातो को विधिवत सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझ-बूझ से पति-पत्नि के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर करते हुए 05 परिवार का आपसी समझौता कराया गया । उक्त जोड़े ने फिर से एक साथ जीवन व्यतीत करने हेतु अपनी सहमति जताई। परिवार परामर्श के सदस्यों द्वारा दम्पत्ति जोड़े को हंसी खुशी एक साथ विदा किया गया एवं अन्य मामलों में अगली तारीख दी गई है। परिवार परामर्श के दौरान श्री अजय कुमार शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, उ0नि0 सपना रानी, महिला आरक्षी शिवाली, रुबी पुण्डीर, रीना पुण्डीर, रचना बालियान, पूनम उपस्थित रहें ।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रमजान का महीना गुनाहों से तौबा करने और बख़्शीश का महीना है: अरमान उल हक

संभल। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना होता है रमजान में तीस दिनों तक रोजे रखे जाते हैं रमजान का महीना जाने अनजाने में किए गए गुनाहों से तौबा करने और बख़्शीश का महीना है माहे रमजान में रोजा रखना अच्छी ज़िन्दगी जीने की तरबियत है।इसमें इबादत कर अल्लाह की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर रोजेदार को एक नेक इंसान के किरदार के लिए हर जरूरी तरबियत देता है यह बात प्रेस वार्ता के दौरान नगर पंचायत नरौली में समाजसेवी/पत्रकार मौहम्मद अरमान उल हक ने अपने संबोधन में कही। अरमान उल हक साहब ने बताया अब माहे रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा चल रहा है तीसरा अशरा इक्कीस वें रोजे से शुरू होकर उनतीस वें या तीसवें रोजे तक चलता है।तीसरे अशरे का उद्देश्य दोजख से निजात पाना है यकीनन रोजे की सत्ताईसवी रात ही शब ए कद्र यानी इज्जत और अजमत वाली रात है। माह-ए-रमजान में शब-ए-कद्र ऐसी ही खास और मुकद्दस रात है जिसमें मजहब-ए-इस्लाम की पाकीजा किताब कुरआन-ए-पाक तमाम दुनिया और इंसानियत के लिए रहनुमाई रौनक और रहमत की रोशनी तो है ही समाजी ज़िन्दगी का पाकीजा आईना भी है तीसवें पारे की सुरह कद्र की पहली आयत में ज़िक्र है कि मजहब ए इस्लाम की सबसे बड़ी इस्लामी किताब कुरआन-ए-पाक के लिए शब-ए-कद्र में नाज़िल किया गया शब-ए-कद्र में इबादत का सबाब हजार महीनों से ज्यादा बेहतर है।

### ऑनर किलिंग में नवविवाहिता को गोली मारने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

मैनपुरी। युवती को प्रेम विवाह करना कितना भारी पड़ा कि उसे अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकानी पड़ी आपको बता दें मैनपुरी थाना क्षेत्र के पुरोहिताना मोहल्ला निवासी करन और फरुर्खाबाद जनपद के कायमगंज निवासी कोमल का एक दूसरे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कोमल की मां इस रिश्ते से सहमत थीं । इसी के चलते दोनों की आठ माह पूर्व कोर्ट मैरिज भी हो चुकी थी। और इसी 20 अप्रैल को बाकायदा कायमगंज में बारात भी गई थी और दोबारा शादी होकर आई थी। पर लड़की के भाई करन और उसके चाचा इस रिश्ते से सहमत नहीं थे इसी बात पर नाराज होकर इसी 26 अप्रैल को लड़की के भाई तथा चाचा ने कोमल और उसके पति करन को गोली मारी कोमल की मौके पर ही मृत्यु हो गई पति करण की गंभीर अवस्था को देखते हुए अभी भी इलाज चल रहा है और यहां तक की कोमल की सास को भी तमंचे की बट से काफी मारा पीटा । इस घटना को संज्ञान में लेते हुए मैनपुरी पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय ने तत्काल पुलिस टीमें लगा दी और आज सुबह सिंधिया तिराहे से करन, धर्मवीर, गौरव और सनी को गिरफ्तार कर लिया इनके कब्जे से दो तमंचे और तीन कारतूसों को बरामद किया है । अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने पच्चीस हजार का ईनाम भी देने की घोषणा की है।

### न्यायिक कार्यों का समय बदला

मैनपुरी। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय अनिल कुमार ने बताया कि जनपद में 1 मई 2022 से 30 जून 2022 तक प्रधान परिवार न्यायालय एवं अतिरिक्त परिवार न्यायालय के लिए न्यायिक कार्यों का समय प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक होगा, मध्यान्तर अवकाश का समय प्रातः 10.30 से 11 बजे तक होगा। उन्होंने सम्बन्धित से कहा है कि आदेश की प्रति मुख्यालय स्थित समस्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्षों तथा तहसील स्थित अधिवक्ता संघ के अध्यक्षों को सूचनार्थ प्रेषित की जाये, केद्रीय नाजिर आदेश की प्रति सूचना पट पर चस्पा करायें तथा समय से न्यायालय भवन का खुलवाना व बन्द करवाना सुनिश्चित किया जाये।

# स्मार्ट फोन और टैबलेट देकर युवाओं को बनायेंगे स्मार्ट :सीएम



- भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को करना होगा तैयार
- सीएम ने 886 छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्ट फोन व टैबलेट

**लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को फ्री स्मार्ट फोन और टैबलेट देकर स्मार्ट बनाया जायेगा। उन्होंने कहा हमें समय के अनुसार चलना होगा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करना होगा। देश में कोविड-19 महामारी के दौरान शिक्षा सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक थी। जब सामान्य कक्षाएं, परीक्षाएं व प्रैक्टिकल सब रोक दिए गए थे। उसी समय मैंने एक करोड़ विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट देने का फैसला लिया था। जिससे उनकी पहुंच अपनी आनलाइन कक्षाओं तक बनी रहे और वे इसका उपयोग परीक्षा की तैयारियों में भी करें। सीएम ने गुरुवार को डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 886 छात्र-छात्राओं को मुफ्त स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किये । इस मौके पर सीएम ने डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग के नये भवन की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि शरीर की बनावट से नहीं ज्ञान से पहचान बनती है। तुलसीदास और सूरदास ऐसे उदाहरण हैं जो हमारी संस्कृति को बताते हैं। दिव्यांगजनो ने अपनी प्रतिभा का बखान किया है। उत्तर प्रदेश सबसे ऊजार्वान प्रदेश है। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय दुनिया का सबसे बड़ा विवि है। सामान्य और दिव्यांग मिलकर विवि को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध कवि सूरदास का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी को उसके रूप से नहीं बल्कि गुण से आंकना चाहिए। वह दृष्टिहीन थे, लेकिन अमर रचना करके अपने को अभी भी लोगों के मन में रखे हैं। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष पहले राज्य में दंगा और उपद्रव होता था, लेकिन आज उसके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला दूसरा राज्य बन गया है और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों ने मुझसे कोविड के दौरान सवाल किया था कि मैं घर लौट रहे एक करोड़ प्रवासी श्रमिकों का प्रबंधन कैसे करूंगा, लेकिन मैंने हमेशा कहा कि हमारे पास 25 करोड़ लोगों की ताकत है। हम एक करोड़ लोगों को आसानी से समायोजित कर सकते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य ने प्रवासी कामगारों की स्किल मैपिंग कर उन्हें यहां रोजगार देने का प्रयास किया है। जिन राज्यों ने प्रवासी कामगारों को छोड़ दिया, वहां भी काफी औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और ठप पड़ी हैं, लेकिन हमारे पास कुशल जनशक्ति की कमी नहीं है। टैबलेट वितरण में हुई देर को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निर्माण में देर हुई है क्योंकि चीन में कोविड-19 के कारण लॉकडाउन है और रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है। इस वजह से इन उपकरणों में आवश्यक चिप का निर्माण नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में एक लाख 651 टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरित किया जा चुका है। पीएम की डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर रहे है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सभी छात्रों को टैबलेट व फोन देंगे। विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतर्गत अध्ययनरत अंतिम वर्ष के विद्यार्थीगण को तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण किया गया। 25 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने टैबलेट और स्मार्ट फोन दिया। कुल 886 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में टैबलेट व स्मार्ट फोन बांटे गये। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशक सत्य प्रकाश पटेल, अपर मुख्य सचिव हेमंतराव, अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह व कुलसचिव अमित कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने धार्मिक स्थलों से उतरवाए लाउडस्पीकर



**मंडावर, प्रात : किरण संवाददाता**

पुलिस ने कस्बे व क्षेत्र के मंदिरों व मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाने का काम शुरू कर दिया। पुलिस ने मंदिरों व मस्जिदों के संचालकों को उत्तर प्रदेश सरकार की नई गाइडलाइन के मुताबिक हिदायत दी कि मंदिर या मस्जिद पर बजने वाले लाउडस्पीकर की आवाज उस स्थल के परिसर के बाहर नहीं जानी चाहिए। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि शासन के आदेशों के अनुसार मंदिरों व मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों को उतरवा दिया गया है। जो बचे हैं उन्हें भी उतरवा दिया जाएगा।

## स्कूलों में समूह बनाकर हो रहा वैक्सीनेशन : डीएम



**लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता**

- डीएम ने काल्विन ताल्लुकेदार कालेज स्थित वैक्सीनेशन सेंटर का किया औचक निरीक्षण

कोरोना से बचाव के लिए स्कूलों का समूह बनाकर वैक्सीन लगाई जा रही है। गुरुवार को डीएम ने काल्विन ताल्लुकेदार कालेज स्थित वैक्सीनेशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वैक्सीनेशन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि 14 से 17 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण लगभग पूरा हो गया है। कई बच्चों के दोनों डोज भी लग चुके हैं। इसी तरह 12 से 14 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण क्लस्टर योजना के मुताबिक चल रहा है। डीएम ने बताया कि इस कॉलेज के सभी बच्चों को टीका लग चुका है। उन्होंने कहा कि कोई भी 12 से 14 साल का बच्चा छूटने न पाए इसलिए क्लस्टर यानी समूह बनाए जा रहे हैं। आठ से 10 स्कूलों का एक क्लस्टर बनाकर बच्चों को वैक्सीन लगाई जा रही है। डीएम ने बताया कि अगले 10 दिनों में सभी बच्चों का टीकाकरण पूरा हो जाएगा। काल्विन निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों से बात की और उनका उत्साह बढ़ाया।

## अदनान सैफी व सुमय्या सैफी ने जिंदगी का पहला रोजा रखा -पूरे दिन की खुदा की इबादत

**नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



मुकददस रमजान माह में भीषण गर्मी के चलते अदनान सैफी व सुमय्या सैफी ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा और पूरे दिन घर में रहकर खुदा की इबादत की। मौहल्ला जाब्तागंज निवासी रियासत सैफी के बेटे अदनान सैफी व सुमय्या सैफी ने जिदंगी का पहला रोजा रखा। भीषण गर्मी में भूख और प्यास के चलते जहां बड़े रोजा रखने से कतरा रहें है वहीं अदनान और सुमय्या ने रोजा रखकर ऐसे लोगो को रोजा रखने की प्रेरणा दी। मासूम बच्चो के रोजा रखने पर उनके माता मिता दादी और रिश्तेदारो ने बच्चों को दुआओं से नवाजा और उनके रौशन मुस्तकबिल की दुआ की।

## 16 जिलों की स्थितियों का अध्ययन करेगी एलयू की टीम

**लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता**

- गांव में उर्जा, स्वच्छ पेयजल, और कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था का किया जायेगा आकलन

लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज कार्य विभाग जल्द ही उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में सतत गांव बनाने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा अदा की गई भूमिकाओं एवं कार्यों का अध्ययन करने जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, हैदराबाद द्वारा चयनित देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में उत्तर प्रदेश से एकमात्र लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अध्ययन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो.राकेश द्विवेदी ने बतौर परियोजना निदेशक यह बताया कि अध्ययन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पूर्वी और केन्द्रीय क्षेत्रों से 8-8 जिलों का चयन किया जाएगा। जिनसे कुल 64 उच्च शिक्षण संस्थानों का चयन करके उनके द्वारा गावों को सतत बनाने की भूमिका का अध्ययन करते हुए समुदाय की आवश्यकता एवं समस्याओं की पहचान, गांव में सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं गांवों में अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था का आकलन किया जाएगा। अध्ययन के अंतर्गत सतत गांव को बनाने के लिए तीन मुख्य तत्व स्थानीय भागीदारी प्रक्रिया, प्राकृतिक संसाधनों का पुनःस्थापन एवं सतत गांव बनाने के लिए केंद्रित प्रणाली का अध्ययन क्रियात्मक शोध के द्वारा किया जाएगा।

अध्ययन के अंतर्गत भारतीय परिपेक्ष्य में शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक उत्तरदायित्वों में शामिल शिक्षकों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी द्वारा गहन साक्षात्कार, वैयक्तिक अध्ययन एवं केन्द्रित समूह चर्चा द्वारा यह जानने का प्रयत्न किया जाएगा कि वह किस प्रकार अपने आसपास के गांवों को सुगम एवं सतत भविष्य प्रदान करने में अपना योगदान कर सकते हैं।

### भाजपा को फिर से सत्ता में लाने एवं मुस्लिम समाज पर हो रही जुल्म ज्यादती के लिए सपा ही जिम्मेदार :मायावती

# सपा कभी सत्ता में नहीं आने वाली अखिलेश विदेश भागने की फिराक में :मायावती

**लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता**




- बसपा प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी आदित्यनाथ से मिला। बीएसपी सुप्रीमो ने आशा व्यक्त की कि सीएम इस और उचित कदम उठाएंगे

बीएसपी सुप्रीमो एवम् उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपी में बीजेपी को फिर से सत्ता में वापस लाने के लिए सपा ही पूरे तौर पर जिम्मेदार है।कमजोर वर्गों एवम् मुस्लिम समाज के लोगों के ऊपर आय दिन हो रहे जुल्म ज्यादती के लिए सपा मुखिया ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार व कसूरवार भी हैं। किन्तु अभी भी वह किस्म किस्म की अफवाहें फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

मायावती ने दावा किया कि आने वाले वक्त में दलितों - मुस्लिमों - पिछड़ों के सहयोग से वह यूपी की सीएम ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री भी बन सकती है क्योंकि इन वर्गों के वोटों में बहुत बड़ी ताकत है। उन्होने कहा कि सपा अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुझे राष्ट्रपति बनाने का जो सपना देख रही है उसे उन्हें भूलना चाहिए। सपा वाले मुझे राष्ट्रपति बनाने का सपना इसलिए देख रहे हैं जिससे उनके लिए यूपी में सीएम बनने का रास्ता साफ हो जाए, जो कदापि संभव नहीं हो सकता। उन्होने यह भी कहा कि आगे सपा कभी भी यहां सत्ता में आसीन नहीं हो सकती है। इसलिए अब अखिलेश विदेश भागने की फिराक में हैं।

बीएसपी को सत्ता में आने से रोकने के लिए सपा व बीजेपी ने अंदर अंदर मिलकर इस चुनाव को पूरे तौर पर हिन्दू मुस्लिम रंग दिया जिसके कारण बीजेपी फिर से सत्ता में वापस आयी।इसके लिए सपा ही जिम्मेदार है।

उन्होंने बसपा सरकार में महान संतों एवम् महापुरुषों आदि के आदर सम्मान में बनवाए गए भव्य स्मारक व पार्कों के रख रखाव में अपेक्षा का आरोप लगते हुए कहा कि अब इन पार्कों एवम् स्मारकों की हालत काफी खराब होती जा रही है।इस मामले में फिर से वर्तमान भाजपा सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए उन्होंने बीएसपी प्रतिनिधिमंडल के रूप में राज्य सभा सांसद एवं बसपा महासचिव एससी मिश्रा एवं बीएसपी विधान मंडल दल के नेता उमाशंकर को चिट्ठी लेकर भेजा। बसपा प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी आदित्यनाथ से मिला। बीएसपी सुप्रीमो ने आशा व्यक्त की कि सीएम इस और उचित कदम उठाएंगे।

## गंगा-जमुनी संस्कृति व आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने को किया सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन

**नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



नगर की गंगा जमुनी संस्कृति और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने को लेकर पूजा अस्पताल में सामुहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें नगर के राजनैतिक समाजिक संगठनो के लोगो चिकित्सको मीडिया कमिर्यो ने शिरकत की। बुधवार को नगर के पूजा अस्पताल में सामुहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विधायक हाजी तसलीम अहमद समेत नगर के गणमान्य लोगो चिकित्सको मीडिया कर्मियो ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि नजीबाबाद शहर की गंगा जमुनी संस्कृति दूर दूर तक जानी जाती है। यहां पर सर्व समाज के लोग आपस में प्यार और मुहब्बत के साथ रहते आ रहे हैं। अस्पताल के एमडी डा. संदीप अग्रवाल, डा. राखी अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर विधायक हाजी तसलमी अहमद, डा. दिलशाद अहमद, डा. वीके अग्रवाल, डा. बुरहान, डा. नौमान, डा. परवेज, जाहिद प्रधान, मौ. अस्लाम, सुभाष सिंह, कमल कुमार, डा. वसीम, जावेद के अलावा मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

## विकासखंड बनिया खेड़ा का जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किया औचक निरीक्षण

**संभल, प्रात : किरण संवाददाता**



जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी उमेश कुमार त्यागी ने विकासखंड बनिया खेड़ा का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने ब्लॉक परिसर का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई की व्यवस्था को देखकर नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साफ सफाई एवं शौचालय को ठीक कराया जाए। एवं उन्होंने ब्लॉक परिसर के सभी पटलों का निरीक्षण किया। एवं साफ सफाई की व्यवस्था को विस्तार पूर्वक देखा जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त पटलों पर भी साफ सफाई की कमी पाई गई पुरानी सामग्रियां एवं कूड़ा करकट आदि देखने को मिला। और उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे कार्यालय की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कराते हुए समस्त पटलो एवं अधिकारियों को बैठने की जगह निर्धारित करते हुए लिपिक, लेखाकार एवं विभिन्न योजना के अंतर्गत तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर इत्यादि के लिए क्यूबिकल बनवाए जाएं। जिसमें प्रत्येक क्यूबिकल में संबंधित पटल का नाम एवं उस पटल पर दी जाने वाली योजनाओं के अंतर्गत सेवाओं एवं योजनाओं को अंकित किया जाए। और उन्होंने कहा कि खंड विकास परिसर में स्थित सभागार में अधिकारियों को बैठने के लिए क्यूबिकल बनाए जाएं। ब्लॉक परिसर में जो खुला स्थान हैं वहां पर छायादार पौधे लगाए जाएं। आगंतुकों के लिए बैठने के लिए शेड एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए एवं मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विकासखंड में नेडा विभाग के माध्यम से सोलर पैनल लगाए जाएं। जिससे कि विद्युत आपूर्ति की खपत कम हो सके इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड में कृषकों के प्रशिक्षण एवं उनके द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयोग प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि जैसी क्रियाकलापों की अच्छी फोटोग्राफ उनके गांव के नाम से प्रदर्शित किए जाए। ताकि विकास खंड कार्यालय में आते ही वहां की गतिविधियों की जानकारी हो और उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की तैनाती एक खंड विकास से दूसरे विकासखंड में तैनाती है तो उन अधिकारियों के कार्य दिवस तय किए जाएं।

## हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त गण को आला कत्ल के साथ किया गिरफ्तार

**चंदौसी, प्रात : किरण संवाददाता**



थाना चंदौसी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे लाइन के पास विनोद कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना बहजोई जनपद संभल का शव मिला था। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अभियुक्त गण द्वारा वादी के पुत्र की हत्या कर देने के संबंध में थाना चंदौसी पर रविंद्र कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

थाना चंदौसी पुलिस द्वारा चंदौसी धन्नूमल चौराहे के पास से हत्या में वांछित अभियुक्त रविंद्र पुत्र प्यारेलाल निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना बहजोई जनपद संभल को आलाकत्ल ईट (दो भाग)के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में बताया है कि 24 अप्रैल को रात्रि करीब 11:30 बजे मृतक विनोद को नशा करने के बहाने से अपने साथ बहजोई के शादी समारोह में लेकर चंदौसी मौला गढ़ पर आया था पहले मौला गढ़ रेलवे लाइन के पास श्मशान घाट के पास बनी मड़ैया से कुछ दूर पर बैठकर मैंने व विनोद ने शराब पी थी ।फिर वही पर मैंने अपने भाई राहुल को बुला लिया था ।जब हमें लगा कि विनोद नशे में हो गया है तो मैंने व मेरे भाई राहुल ने विनोद के सिर पर रात्रि में बारी-बारी से वार कर विनोद को मौत के घाट उतार दिया।

विनोद के शव को सफेद टाट के बोरे में लपेटकर रेलवे लाइन पर फेंक दिया था। हम लोग विनोद से काफी परेशान थे क्योंकि विनोद मेरी भाभी जो विधवा है । उस पर बुरी नियत रखता था। हम लोग अपने घर की इज्जत को लेकर विनोद के कारण काफी परेशान थे। विनोद नशे का आदी था और वह नशा करके हमारे घर आ जाता था। हमने विनोद को काफी समझाया वह नहीं माना और 24 अप्रैल को विनोद को ईट से मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

## सफाई कर्मचारी की लापरवाही से गांव में फैली गंदगी ग्रामीणों में बीमारियों का डर

**संभल, प्रात : किरण संवाददाता**



असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुकनाला में नालियां चोक होने से गांव में फैली गंदगी गांव में फैली गंदगी को देख ग्रामीणों मैं बीमारियों का डर आपको बता दें कि इस समय माहे रमजान का महीना चल रहा है जिसको लेकर सभी मुस्लिम समुदाय में रोजा नमाज जैसी इबादत को सबसे ज्यादा माना जाता है और सभी लोग अपने घरों को साफ सुथरा रखते हैं वही एक और गांव में फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान है नालियों में कचरा एवं गंदा पानी भरा हुआ है जिसको लेकर नमाजी मस्जिद में नमाज के लिए जाते हैं तो गंदे पानी के छींटे वगैरा उनके ऊपर आने से नमाज नहीं हो पाती है उसी और सफाई कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान गांव में फैली गंदगी से बेखबर है ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से नालियों की सफाई नहीं हुई जिसको लेकर नालियां चौक हो गई और नालियों का पानी रास्तों में चलने लगा है इसी कारण गांव में गंदगी बढ़ती जा रही है जिससे डेंगू मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों का फैलना खतरे से खाली नहीं है।

## जादू कलाकारों के हाथ की सफाई की वह विधा है, जिसके सम्मोहन से दर्शकों को आनंद की सुखद अनुभूति प्राप्त होती है: कृष्णा

**मैनपुरी, प्रात : किरण संवाददाता**

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदशर्नी के कादंबरी रंगमंच पर सूचना विभाग के संयोजकत्वो में आयोजित जादूगर देव एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा जादू का रंगीन मायाजाल, भजन पार्टी तथा लोकगीत कायर्क्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि जादू कलाकारों के हाथ की सफाई की वह विधा है, जिसके सम्मोहन से दशर्कों को आनंद की सुखद अनुभूति प्राप्त होती है, हमारे देश में जादू की पुरानी प्रथा है और इस प्रथा को हमारे कलाकारों ने जीवित रखा है आज भी लोग इनकी विद्या को पसंद करते हैं इस विधा से जुड़े कलाकार काफी मेहनत कर लोगों का स्वस्थ मनोरंजन कराते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2022



## संक्षिप्त खबर

### पुलिस उपायुक्त मुकेश मल्होत्रा राष्ट्रपति पुलिस पदक से किए गए सम्मानित



फरीदाबाद। महामहिम बंडारु दत्तात्रेय राज्यपाल हरियाणा ने सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर फरीदाबाद के सैन्ट्रल के पुलिस उपायुक्त मुकेश मल्होत्रा को राष्ट्रपति पुलिस पदक लगाकर सम्मानित किया है। पुलिस उपायुक्त सैन्ट्रल श्री मुकेश मल्होत्रा ने पुलिस विभाग में वर्ष 1989 मे बतौर एएसआई पर जॉइनिंग की थी। पुलिस उपायुक्त सैन्ट्रल मूल रुप से पानीपत जिले के रहने वाले है। लगातार अच्छे कार्य के साथ उन्होने वर्ष 2008 में डीएसपी का कार्यभार अम्बाला जिले में सम्भाला था। इसके साथ ही एएसपी का पद वर्ष 2019 को पंचकूला में सम्भाला था। वर्तमान में फरीदाबाद के सैन्ट्रल जॉन में डीसीपी पद का कार्यभार संभाल रहे हैं। पुलिस उपायुक्त सैन्ट्रल ने खोरी गांव में हुई तोड़फोड़ में लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी का कार्यभार संभाला था। जिसको उन्होने शांति पूर्ण तरीके से ड्यूटी का निर्वाहन किया था। डीसीपी मुकेश मल्होत्रा को राज्यपाल के द्वारा राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किए जाने पर पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### क्रिकेटर अमित वशिष्ठ की स्मृति में किया पौधारोपण

गुरुग्राम। प्रदेश के प्रसिद्ध रणजी खिलाड़ी रहे स्व. अमित वशिष्ठ की तीसरी बरसी पर वीरवार को अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के तत्वावधान में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। संस्था के प्रधान जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर 52 में किया गया। बड़ संख्या में फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि अमित वशिष्ठ का जन्म 30 दिसम्बर 1991 में हुआ था। उन्होंने हरियाणा की ओर से रणजी ट्राफी में 2008 से 2010 तक अंडर 19 में एक ऑलराउण्डर के रुप में क्रिकेट खेला था। अंडर 23 में उन्होंने 2014 से 2016 तक रणजी ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। वर्ष 2019 की 29 अप्रैल को पटियाला में एक सडक दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। इस क्रिकेटर की स्मृति में हर वर्ष संस्था इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने बताया कि संस्था विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी करती है। इस अवसर पर संजय शर्मा, मंदीप तालू, जयवीर लंगायन, लवली शर्मा, करण, बच्चाराम, फातेराम आदि भी मौजूद रहे और क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए यज्ञ का आयोजन भी किया।

### लेजर लैंड लैवलिंग द्वारा समतल करवाने के लिये सर्विस प्रोवाईडर्स से किए जा रहे हैं आवेदन पत्र आमंत्रित

पंचकूला। कृषि विभाग, हरियाणा की अभियन्त्रण शाखा द्वारा जिला में किसानों के खेतों को लेजर लैण्ड लैवलिंग द्वारा समतल करवाने के लिये सर्विस प्रोवाईडर्स से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुये सहायक कृषि अभियंता श्री ओम प्रकाश महिवाल ने बताया कि आवेदन करने के लिये प्रार्थी के पास 50 हार्स पावर से अधिक क्षमता का टैक्टर (जो कि वर्ष 2017 से पुराना न हो) होना चाहिए।

# अलीगढ़ रोड पर डिपो होल्डर की मनमानी से लोग परेशान

पलवल, प्रातः किरण संवाददाता



● उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार कर धमकाने के है आरोप

अलीगढ़ रोड पर ओरिंटल बैंक के सामने स्थित डिपो होल्डर की मनमानी का मामला सामने आया है। डिपो होल्डर उपभोगताओं को राशन नहीं बाँट कर उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार कर अपनी ऊपर तक पहुँच का हवाला देते हुए उसका कुछ नहीं नुकसान होने की धमकी देता नजर आता है।

उपभोक्ताओं ने डिपो होल्डर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उसकी मनमानी का विरोध करने पर उन्हें धमकी देता है कि जिससे भी शिकायत करनी है कर लो कोई उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं पायेगा बताया जा रहा है कि राजनीतिक आकाओं के आशीर्वाद के चलते डिपो होल्डर अपने इस व्यवहार को अपनाये हुए है। परेशान लोगों में कुसुम, राजकुमार, शीला, बच्चू सिंह और कौशल सहित अन्य ने बताया कि अलीगढ़ रोड स्थित श्रवण कुमार डिपो होल्डर की राशन की दुकान अक्सर बंद रहती है राशन धारक यहां केवल चक्कर ही लगाते रह जाते है। डिपो होल्डर की मनमानी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह डिपो बंद रखता है और फोन करने पर राशन धारकों के फोन ही नहीं उठाता। जिसकी वजह से राशन कार्ड धारक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से कई बार वंचित भी रह जाते है। उपभोगताओं ने डिपो होल्डर श्रवण पर आरोप लगाते हुए कहा कि डिपो होल्डर उन्हें कभी भी समय से राशन नहीं देता कई कई चक्कर काटने के बाद जब विरोध किया जाता है तब कहता है कि जिससे मर्जी शिकायत कर लो कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। इसलिए विभाग के अधिकारियों को इस डिपो होल्डर के लिए सख्त कदम उठाना चाहिए ताकि उन्हें भी राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल पाए।वहीं इस पूरे मामले को लेकर जब फूड एंड सप्लाई अधिकारी योगेश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लगातार उनकी टीम डिपो होल्डरों पर नजर बनाए हुए हैं इस शिकायत पर भी वह कार्यवाही करेंगे।

### 900 मीटर इलाके में पेयजल समस्या का जल्द होगा समाधानः नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रातः किरण संवाददाता

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल अशोक विहार जे-ब्लॉक में आरडब्ल्यूए के बुलावे पर पहुंचे। यहां लोगों ने उनके समक्ष क्षेत्र में पानी की समस्या रखी। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने तुरंत नगर निगम अधिकारियों से सम्पर्क साधा।

नवीन गोयल ने कहा कि आयुद्ध डिपो क्षेत्र के 900 मीटर दायरे में बसी कालोनी अशोक विहार के जे-ब्लॉक में पेयजल को लेकर बनी समस्या का जल्द से जल्द समाधान होगा। इसके लिए उन्होंने नगर निगम के एसडीओ को साथ लेकर क्षेत्र का दौरा करके स्थिति का आंकलन किया है। नवीन गोयल ने कहा कि जे-ब्लॉक के निवासियों ने उन्हें पेयजल समस्या से अवगत कराया है। क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।

उनकी परेशान को महसूस करते हुए उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को भी मौके पर बुलाकर पेयजल की समस्या से अवगत कराया। नगर निगम के एसडीओ को साथ लेकर गुरवार को क्षेत्र का दौरा भी किया। इस दौरान पेयजल की सप्लाई को लेकर पूरी जानकारी अधिकारियों ने हासिल की। इसके बाद यहां का एस्टीमेट तैयार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जे-ब्लॉक में पेयजल की सप्लाई सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।

## कांग्रेस और भाजपा नेता ने चलाये एक दूसरे पर शब्द बाण



पलवल, प्रातः किरण संवाददाता

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर होडल से चार बार विधायक रह चुके उदय भान को बनाए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ही नहीं बल्कि बीजेपी नेताओं में भी हलचल मची है। पक्ष और विपक्ष के दोनों ओर से नेताओं के एक दूसरे पर ऐसे ऐसे तंज कसे जा रहे हैं। जिन्हें सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। बुधवार को कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के निवास स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पहुंचे जहां कांग्रेस नेताओं द्वारा बीजेपी पर लानत और चौथ वसूली वाले विधायक जैसे शब्दों के बाण चलाए गए। साथ ही भाजपा के विनाश का बिगुल होडल से फूंके जाने की जाने की बात कही गई वहीं दूसरी ओर होडल से भाजपा विधायक और भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन जगदीश नायर ने पलवल विश्राम गृह में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता के दौरान नायर ने कांग्रेस कार्यकाल और भाजपा कार्यकाल की तुलना करते हुए इलाके में कराए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी वहीं इस मौके पर वह कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बोले नाव जब डूबने लगती है तो वह किनारे की ओर आती है और कांग्रेस की नाव हरियाणा के किनारे यानी उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर बसे होडल में पहुंचकर डूबने वाली है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अंत आ चुका है इसलिए उनकी पिंडदान की तैयारी बृज क्षेत्र होडल से की जा रही है। अब देखने वाली बात तो यह है जहां कांग्रेस पार्टी के नेता पलवल क्षेत्र से प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर इस क्षेत्र को विशेष महत्व मिलने का डंका पीट रहे हैं।

## जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से मिलेगा पानी : डा. बनवारी लाल

नूंह, मेवात, प्रातः किरण संवाददाता



**बैठक**

● सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित रहे परिवादों का अगली बैठक से पूर्व समाधान करना सुनिश्चित करें।

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा है कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से पानी मिलेगा। जो घर रह गए है वे नल के लिए आवेदन कर सकते है। डा. बनवारी लाल वीरवार को नूंह जिला सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। परिवेदना समिति की बैठक में कुल 13 परिवाद रखे गए जिनमें से 7 परिवादों का समाधान संबंधित अधिकारियों के जवाब व परिवादी की सुनवाई के साथ कर दिया गया। बाकि 6 परिवादों को अगली बैठक में सुनाई के लिए पेंडिंग रखा गया है। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित रहे परिवादों का अगली बैठक से पूर्व समाधान करना सुनिश्चित करें।

नूंह में आयोजित परिवेदना समिति की बैठक में सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल के पहुंचने पर उपायुक्त अजय कुमार ने स्वागत किया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभांवित करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। समुचित विकास के साथ सरकार योजनाओं को धरातल पर लागू करते हुए पात्र लोगों को लाभांवित कर रही है।सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो भी परिवाद रखे जाते हैं। उन परिवादों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाया जाता है। प्रशासन की ओर से संबंधित विभागीय अधिकारी व परिवादी के आपसी तालमेल के साथ परिवादी को संतुष्ट करते हुए समाधान किया जाता है। इस मौके पर विधायक नूंह आफताब अहमद, विधायक फिरोजपुर-झिरका मामन खान, उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका, एसडीएम सलोनी शर्मा, मनीषा शर्मा, सुरेन्द्रपाल, रणबीर सिंह, सचिव आरटीओ जितेश मल्होत्रा, सिविल सर्जन डा. सुरेन्द्र यादव, डीएसपी हवा सिंह, डीडीपीओ राकेश मोर, डीईओ डा. अब्दुल रहमान, डीईईओ मुकेश कुमार सहित भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, भानीराम मंगला, सुरेन्द्र आर्य, जाहिद बाई व अन्य ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें।

### उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नपा ने संभाली मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था

पुन्हाना, प्रातः किरण संवाददाता

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा पुन्हाना में दी जा रही इफ्तार पार्टी की तैयारियों को लेकर शहर के मुख्य मार्गो को नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह चमकाने में लगा हुआ है। हर समय गंदगी में छाया रहने वाले पुन्हाना में पिछले तीन दिनों से मुख्य मार्ग की सफाई बरकरार है। हालांकि मुख्य मार्ग साफ कराने में मशगूल नगर पालिका प्रशासन शहर के काफी मोहल्लों और वार्डो को साफ कराना भूला हुआ है। बहरहाल लोगो में चर्चा है कि ऐसे ही प्रदेश के राजनेता और मंत्री आते रहे तो मुख्य मार्गो की दशा भी सुधर जाए। आपको बता दें कि पुन्हाना नगरपालिका भले ही सरकार और जिला प्रशासन के सामने नम्बर बनाने में आगे हो, लेकिन धरातल पर पुन्हाना नगरपालिका प्रशासन की कोई सच्चाई नहीं मिलती। सफाई व्यवस्था के नाम पर नम्बर बनाने वाली नगरपालिका पुन्हाना का शायद ही ऐसा कोई वार्ड या मोहल्ला हो, जहां सफाई व्यवस्था रहती हो। हर वार्ड व मोहल्ले में गंदगी के ढेर व नालियां सफाई के अभाव में उफान मारती दिखाई देती है। सड़को पर गन्दा पानी बहता दिखाई देता है, जिसमें अक्सर आमजन व स्कूली छात्र छात्राएं ऐसे बहते गन्दे पानी का सामना करते है। ऐसा नही है नगरपालिका प्रशासन को शहर की सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ना हो, लेकिन पुन्हाना नगरपालिका लोगो की समस्याएं सुनने को तैयार नही रहती। बहरहाल पुन्हाना के मुख्य मार्गो पर चल रही सफाई व्यवस्था को लेकर हर आमजन के जुबां पर चर्चा है कि सरकार के मंत्री विधायक अगर पुन्हाना में ऐसे ही आते रहे तो और कुछ विकास हो ना हो कम से कम सफाई व्यवस्था तो चलती रहे।

## पुलिस चौकी प्रभारी ने यातायात नियमों के प्रीति बच्चों और उनके माता-पिता को किया जागरूक



फरीदाबाद, प्रातः किरण संवाददाता

डीसीपी मुकेश मल्होत्रा के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 14 प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने चौकी के एरिया में स्थित डीएवी स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के लिए जागरूक किया है। आज पुलिस चौकी सेक्टर 14 प्रभारी और डीएवी स्कूल प्राध्यापिका अनिता गौतम की उपस्थिति में स्कूल के सभागार में बच्चों के साथ मीटिंग लेकर यातायात नियमों की जानकारी दी तथा 18 वर्ष से कम उम्र होने पर वाहन न चलाने की बात करते हुए वाहन (मोटरसाइकिल) चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें की बात पर जोर दिया। बाइक या गाड़ी चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने में ही आप और सामने वाला सुरक्षित है। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाने से एक्सीडेंट के दौरान सिर में गंभीर चोट लग सकती है। जिससे जान माल की हानि होने का अधिक खतरा बढ़ जाता है। इस अवसर पर स्टीलबर्ड हेलमेट कंपनी के अधिकारी द्वारा हेलमेट भी वितरत किये गए। जिसमें चौकी प्रभारी ने बच्चों को सम्मानित भी किया है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे गाड़ी में बैठे हैं और आपके सीनियर गाड़ी चला रहे हैं तो आप उन्हें सीट बेल्ट लगाने की और यातायात नियमों के पालन करने की जानकारी दे सकते हैं। चौकी प्रभारी ने बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता को भी यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना क्लब का उद्देश्यः अनीता जैन

पलवल, प्रातः किरण संवाददाता



इनर व्हील क्लब तेजस्विनी की ओर से भोला नाथ ट्रस्ट थाई मोहल्ला में सिंगर कंपनी के सहयोग से आत्मनिर्भर इनर व्हील सिलाई सेंटर की शुरूआत की गई। सिलाई सेंटर का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अनीता जैन ने किया व अध्यक्षता क्लब की प्रधान कुसुम गौर ने की। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई सिखाई जाएगी डिस्ट्रिक चेयरपर्सन अनीता जैन ने कहा कि क्लब का उद्देश्य रहता है कि किसी भी बेसहारा की मदद हो सके, महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसी कड़ी में सिलाई सेंटर की शुरूआत की गई है और यदि महिलाओं ने इसमें रुचि दिखाई तो जल्द ही पलवल में महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर, लाइब्रेरी व कंप्यूटर सेंटर की भी शुरूआत की जाएगी। ताकि महिलाओं व बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। सिंगर कंपनी के सहयोग से इस सेंटर को संचालित किया जा रहा है, ताकि इसमें सिलाई सीखने वाली महिलाओं को कंपनियों में आसानी से रोजगार भी दिलाया जा सके। क्लब की प्रधान कुसुम गौर ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इनरव्हील क्लब तेजस्वी की ओर से यह कदम उठाया गया है और यदि इसमें महिलाओं ने उत्साह दिखाया तो क्लब आगे भी इस प्रकार के नित नए-नए कार्य करने को तत्पर रहेगा। कार्यक्रम की सफलता में कंवर कुलदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भोला नाथ ट्रस्ट की ऊषा मंगला, राधे श्याम, राज किशोर मंगला, क्लब की प्रधान कुसुम गौर, सोनू गर्ग, सुमन गर्ग, सीमा गर्ग, प्रीति गुप्ता, ऊषा बैंसला, सरिता गर्ग, मनीषा मंगला, कंचल तायल, श्याम सुंदर तायल, पूजा तायल व शिखा गर्ग मुख्य रुप से मौजूद रहे।

## सूरत नगर में चिकित्सा शिविर में लोगों ने कराई जांच

गुरुग्राम, प्रातः किरण संवाददाता



अपने संबोधन में श्री गोयल ने कहा कि शिविर में बीमारियों की जांच कराकर उचित परामर्श व उपचार लेना चाहिए,

यहां सूरत नगर में गुरवार के चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश पुत्र कैप्टन प्रेम सिंह की ओर से माता जी अंगूरी देवी की याद में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने किया। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को कोरोना से बचने व अन्य बीमारियों से दूर रहने के लिए योग को भी जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया शिविर का उद्घाटन करने पहुंचे नवीन गोयल का शिविर के आयोजक मुकेश व अन्य लोगों ने स्वागत किया। ताकि छोटी-छोटी बीमारियों के लिए हमें बड़े अस्पतालों में ना जाना पड़े। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी फिर से बढ़ रही है। ऐसे में अभी से बचाव करना जरूरी है। खुद को तंदुरुस्त रखने को योग को भी जीवन का हिस्सा बनाएं। मानव रचना मंच के उपाध्यक्ष पूनम वत्स, सूरत नगर फेज-1 के प्रधान व पूर्व पार्षद कैप्टन प्रेम सिंह, उप-प्रधान सिसोदिया, मन्नू, यज्ञ प्रभारी सरला देवी, महिला योग समिति की जिला प्रभारी सुशीला देवी, योग साधक दीपक कुमार, ईश मुनि, संजीव त्यागी, बिंटू, विनोद गहलोत, मनोज कुमार शर्मा, नितिन त्यागी, होशियार सिंह समेत काफी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## ज्ञानचंद गुप्ता ने जनता दरबार आयोजित कर सुनी लोगों की समस्याएं

पंचकूला, प्रातः किरण संवाददाता



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज सेक्टर 17 स्थित अपने निवास पर जनता दरबार आयोजित कर स्थानीय तथा ग्रामीण लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिये। इसके अलावा श्री गुप्ता ने पूर्व के मामलों पर की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। गुप्ता ने कहा कि जनता का हित हम सबके लिए सर्वोपरि है और उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सरकार व जनता के बीच की कड़ी हैं जो जनता की बात सरकार तथा सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि वे जन सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करें और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें ताकि लोगों का सरकार व प्रशासन में विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर जनता दरबार का आयोजन करते रहते हैं, जिनके माध्यम से वे लोगों की समस्याओं का निदान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आयोजित करने से वे लोगों से रू-बरु होने के साथ-साथ उनकी समस्याओं से परिचित होते हैं ताकि उनका समय पर व सही ढंग से समाधान किया जा सके।

## एकलव्य चौक के नाम से जाना जाएगा हीरो होण्डा चौक

गुरुग्राम, प्रातः किरण संवाददाता



साईबर सिटी के सबसे मशहूर हीरो होण्डा चौक का नाम नगर निगम द्वारा बदले जाने के बाद अभी से निगम द्वारा नए नाम एकलव्य चौक के नाम से जाना जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 1990 के दौरान गुडगांव के सैक्टर 34 में हीरो होण्डा कंपनी का प्लाट शुरू हुआ था। तब से ही दिल्ली-जयपुर हाईवे के इस चौक का नाम हीरो होण्डा चौक पड़ गया है। इसके कारण यह चौक इसी नाम से न केवल गुडगांव बल्कि दिल्ली-एनसीआर, भारत के अलावा विश्व के मानचित्र पर भी इसी नाम से जाना जाने लगा। इसके अतिरिक्त इस चौक के पास ही बादशाहपुर ड्रेन होकर गुजरती है। मानसून के दिनों में हर साल भारी जलभराव हो जाने के कारण कई बार आस-पास के क्षेत्र में जलभराव होने के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। वर्ष 2016 में इस चौक पर इतना ज्यादा पानी एकत्रित हो गया था कि गुरुग्राम में महाजाम लग गया। वह महाजाम जिला प्रशासन द्वारा बड़ी मशक्कत करने के बाद करीब 36 घंटे बाद खुल पाया था। सरकार की अच्छी-भली किरकिरी भी हुई थी। इसके बाद फ्लाईओवर का निर्माण किया गया। कुछ हिस्सा फ्लाईओवर का टूटने के कारण गुणवत्ता पर भी काफी चर्चा रही। उस टूट हुए हिस्से को ठीक करने के लिए फ्लाईओवर को बंद करने की नौबत भी आ पड़ी थी। गौरतलब है कि हीरो होण्डा चौक के निकट खांडसा रोड़ पड़ता है। बताते हैं कि पूरे विश्व में एकमात्र एकलव्य का मंदिर इसी खांडसा गांव में स्थित है। एकलव्य का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। गुडगांव का नाम भी महाभारत काल के गुरु द्रोण के नाम से गुरुग्राम रखा गया है। एकलव्य गुरु द्रोण के शिष्य हुआ करते थे। गुडगांव के खांडसा गांव में गुरु दक्षिणा के तौर पर एकलव्य ने अपना अंगूठा गुरु द्रोणाचार्य को दिया था। नगर निगम द्वारा बुधवार को हुई सदन की बैठक में गुडगांव की 15 सडकों एवं मुख्य चौराहों के नाम बदले जाने का प्रस्ताव पास किया गया था, जिनमें एक नाम हीरो होण्डा चौक का नाम बदलकर एकलव्य चौक भी शामिल है।

### ट्रेड यूनियन काउंसिल कमला नेहरू पार्क में मनाएगा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

गुरुग्राम, प्रातः किरण संवाददाता

श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेड यूनियन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें काउंसिल से जुड़े सदस्य शामिल हुए। काउंसिल के सक्रिय सदस्य कामरेड अनिल पंवार ने बताया कि बैठक में आगामी एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। सभी सदस्यों का कहना था कि कोरोना महामारी के 2 साल बाद यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इसलिए अच्छे स्तर पर किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आपसी बातचीत कर निर्णय लिया गया कि श्रमिक संगठन एटक, सीटू, इंटक, एचएमएस, एआईयूटीयूसी तथा स्वतंत्र यूनियनें इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी। कार्यक्रम का आयोजन कमला नेहरू पार्क में जिला स्तर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला व राज्य स्तरीय श्रमिक नेता भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### डीपीआईआईटी सचिव ने स्टार्टअप से टियर-2, टियर-3 शहरों पर खास ध्यान देने को कहा

नई दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) सचिव अनुराग जैन ने स्टार्टअप से टियर-2 और टियर-3 शहरों पर खास ध्यान देने को कहा है, जहां व्यापार के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने स्टार्टअप से समाज के सामने आने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान की तलाश करने का आह्वान भी किया। जैन ने सीआईआई के ग्लोबल यूनिकॉर्न समिट में कहा, हमें ग्रामीण बाजारों, टियर-2 और टियर-3 शहरों को नहीं भूलना चाहिए। ग्रामीण बाजार बहुत तेजी से बढ़ेगा। हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि मेरा समाधान टिकाऊ है या नहीं। उन्होंने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है और यूनिकॉर्न की संख्या में वृद्धि के लिहाज से देश दूसरे नंबर पर है।

### डीपीआईआईटी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों से विभागीय जांच कराने की योजना बनाई

नई दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) विभागीय जांच के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों को शामिल करने की योजना बनाई है। एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, सेवानिवृत्त अधिकारियों की एक समिति तैयार करने का प्रस्ताव है, जिन्हें इस विभाग के साथ ही इससे संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के लिए जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। ज्ञापन के अनुसार, केंद्र सरकार / केंद्र सरकार के स्वायत्त संगठनों / सीपीएसयू (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों) में उप सचिव या उससे ऊपर के पद के सेवानिवृत्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदकों के लिए जरूरी है कि उन्हें किसी अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामले में दंडित नहीं किया गया हो जाना चाहिए और उनका सेवा रिकॉर्ड ईमानदारी के साथ बिना किसी गलती के होना चाहिए। उन्हें किसी भी लंबित जांच में आरोपी नहीं होना चाहिए। नामित जांच अधिकारी को सौंपे गए अनुशासनात्मक मामलों की संख्या एक साल में आठ तक सीमित होगी, जिसमें एक बार में चार से अधिक मामले नहीं होंगे।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना के लिए नागपुर में 58 एकड़ जमीन खरीदी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए नागपुर में 58 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने इस जमीन सौदे की कीमत का खुलासा नहीं किया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को बताया कि इस जमीन को मुख्य रूप से प्लॉट की गई आवासीय इकाइयों के रूप में विकास किया जाएगा। यह परियोजना 15 लाख वर्ग फुट के अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्र की पेशकश करेगी।

# ईंधन कीमतें: स्टालिन ने कर कटौती को लेकर मोदी पर निशाना साधा

चेन्नई, एजेंसी



तमिलनाडु सरकार ने बृहस्पतिवार को केंद्र पर पलटवार करते हुए ईंधन पर लगाए गए उपकर और अधिभार को कम करने की मांग को दोहराया। राज्य सरकार ने कहा कि उपकर और अधिभार को मूल कर दरों के साथ मिलाना चाहिए, ताकि राज्यों को केंद्रीय करों से उनका सही हिस्सा मिल सके। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि केंद्र ने नवंबर, 2021 को ईंधन की कीमतों का बोझ कम करने के लिए उत्पाद शुल्क कम किया था, कुछ राज्यों ने कर कम किया, लेकिन कुछ ने यह लाभ प्रदान नहीं किया।

मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ अपनी बैठक में कहा था कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु ने उनके अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया और जनता पर बोझ बना हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि लोगों को इस मुद्दे के पीछे के तथ्य के बारे में पता है और उनकी सरकार ने पहले ही पेट्रोल पर कर में तीन रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। स्टालिन ने तमिलनाडु विधानसभा में कहा कि 2014 के बाद जब भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने ग्राहकों को लाभ नहीं दिया, बल्कि अतिरिक्त राजस्व अर्जित कर उसे अपने पास ही रखा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क को राज्यों के साथ साझा किया जाता है, लेकिन इसे कम कर दिया गया, जिससे राज्यों का राजस्व प्रभावित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, दूसरी ओर उपकर और अधिभार, जिन्हें राज्य सरकारों के साथ साझा नहीं किया जाता, को अत्यधिक बढ़ा दिया गया है। इस तरह लोगों पर बोझ पड़ रहा है और केंद्र सरकार इससे अर्जित राजस्व का लाभ ले रही है।

तमिलनाडु के वित्त और मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री पलानीवेल त्यागराजन ने कहा कि ईंधन की कीमतों पर केंद्र के अत्यधिक कर जारी है और राज्य के लिए कर को और कम करना न तो उचित है और न ही व्यवहार्य है।

उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में पेट्रोल पर लेवी में काफी वृद्धि हुई है, जिससे केंद्र सरकार का राजस्व कई गुना बढ़ा, लेकिन राज्यों के राजस्व में कोई वृद्धि नहीं हुई।

### रैडिसन की 2025 तक भारत में 100 होटल खोलने की योजना: सीईओ


मनीला। रैडिसन होटल समूह ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विस्तार की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत 2025 के अंत तक भारत में 100 होटल खोलने की योजना बनाई है। समूह के सीईओ फेडेरिको गोंजालेज ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत में इस साल हमारे 100 होटल से अधिक हो जाने चाहिए। अगर मैं भारत की बात करूं तो मुझे नहीं लगता कि हमारे पास 2025 तक वहां 200 होटल क्यों नहीं होने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हम भारत में वृद्धि और परिवर्तन की गति को देख रहे हैं। अगर भारत सात फीसदी की दर से बढ़ रहा है, तो इसका मतलब है कि कई यूरोपीय देशों की तुलना में उसकी जीडीपी अधिक होगी। गोंजालेज ने कहा कि रैडिसन समूह के दुनिया भर में 1,200 होटल चल रहे हैं और 400 नए होटल खुलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 तक यह संख्या दोगुनी हो जाएगी।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में जारी नरमी के साथ ही देश में गुरुवार को लगातार 22वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव का रूख बना रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत गिरकर 103.84 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.63 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 32 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी जून की शुरूआत में हो सकती है: अश्विनी

नई दिल्ली, एजेंसी



दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार जून की शुरूआत में 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूरसंचार विभाग अपेक्षित समय सीमा के अनुसार काम कर रहा है और स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण के संबंध में उद्योग की चिंताओं को हल करने की प्रक्रिया जारी है।

स्पेक्ट्रम नीलामी के कार्यक्रम के बारे में पूछने पर वैष्णव ने कहा कि इसके जून की शुरूआत में होने की उम्मीद है।

दूरसंचार नियामक ट्राई ने 5जी सेवाओं को लागू करने के लिए एक बड़ी नीलामी योजना तैयार की है।

वैष्णव ने कहा, हम नीलामी करने के लिए अपनी समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि डिजिटल संचार आयोग ट्राई की सिफारिशों पर विचार करेगा और स्पष्टीकरण के लिए उनसे संपर्क करेगा। ट्राई ने बीते दिनों 5जी सेवाओं को लेकर 30 साल से अधिक समय के लिये विभिन्न बैंड में 7.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के स्पेक्ट्रम नीलामी की सिफारिश की थी।

**योजना**

- दूरसंचार नियामक ट्राई ने 5जी सेवाओं को लागू करने के लिए एक बड़ी नीलामी योजना तैयार की है।

नियामक ने मोबाइल सेवाओं के लिये स्पेक्ट्रम बिक्री के लिये जिस कीमत की सिफारिश की है कि वह आरक्षित या आधार मूल्य से 39 प्रतिशत कम है।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के संगठन भारतीय सेल्युलर ऑपरेटर संघ (सीओएआई) ने स्पेक्ट्रम कीमतों में कटौती के बारे में ट्राई की सिफारिशों पर गहरी निराशा जताते हुए कहा कि सुझाई गई कीमतें भी बहुत ज्यादा हैं।

## सीईआरटी-इन ने सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट के लिए सूचना निर्देश जारी किए

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

सीईआरटी-इन ने सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट के लिए सूचना सुरक्षा कार्यों, प्रक्रिया, रोकथाम, प्रतिक्रिया और साइबर घटनाओं की रिपोर्टिंग से संबंधित निर्देश जारी किए इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पान्स टीम (सीईआरटी-इन) सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 70बी के प्रावधानों के अनुसार देश में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को करने के लिए राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

सीईआरटी-इन लगातार साइबर खतरों का विश्लेषण करता है और पता लगाई गई घटनाओं को सौंपता है और उनकी जानकारी निकालता है। सीईआरटी-इन नियमित रूप से संगठनों और उपयोगकताओं को अपने डेटा/सूचना और आईसीटी बुनियादी ढांचे की रक्षा करने में सक्षम बनाने के लिए सलाह जारी करता है। साइबर सुरक्षा घटनाओं के संबंध में प्रतिक्रिया गतिविधियों के साथ-साथ आपातकालीन उपायों के समन्वय के लिए, सीईआरटी-इन सेवा प्रदाताओं, मध्यस्थों, डेटा केन्द्रों और निकाय कॉरपोरेट से जानकारी मांगता है।

साइबर घटनाओं से निपटने और नागरिकों की संगठन के साथ बातचीत के दौरान, सीईआरटी-इन ने घटना विश्लेषण में बाधा उत्पन्न करने वाले कुछ अंतरालों की पहचान की है। पहचाने गए अंतराल और मुद्दों को सुलझाने के लिए ताकि घटना प्रतिक्रिया उपायों को सुविधाजनक बनाया जा सके, सीईआरटी-इन ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 70बी की उप-धारा (6) के प्रावधानों के तहत सूचना सुरक्षा कार्य प्रणालियों, प्रक्रिया, रोकथाम, प्रतिक्रिया और साइबर घटनाओं की रिपोर्टिंग से संबंधित निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश 60 दिन के बाद प्रभावी हो जाएंगे। निदेर्शों में आईसीटी प्रणाली घड़ियों के वर्णनात्मकता से संबंधित पहलुओं को शामिल किया गया है।

### इंडियन एनर्जी एक्सचेंज में कारोबार मात्रा मार्च तिमाही में 20% बढ़ी

नई दिल्ली। बिजली बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) में मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में कारोबार 20.5 प्रतिशत बढ़कर 27 अरब यूनिट रहा। आईईएक्स ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि इससे पिछले वर्ष 2021 की जनवरी-मार्च तिमाही में कारोबार 22.4 अरब यूनिट रहा था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में मात्रा के लिहाज से कारोबार 36.5 प्रतिशत बढ़कर 102 अरब यूनिट रहा, जो 2020-21 में 74.7 अरब यूनिट था। बयान के अनुसार, एक्सचेंज में अगले दिन की बिजली की खरीद-बिक्री का बाजार (डीएएम), 11 दिन पहले विभिन्न अवधि के लिये बिजली खरीद-बिक्री बाजार (टीएएम), हरित बिजली बाजार समेत विभिन्न खंडों का योगदान 95.6 अरब यूनिट रहा। सालाना आधार पर यह 29 प्रतिशत अधिक है। वहीं हरित ऊर्जा प्रमाणपत्र और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों का योगदान 6.4 अरब यूनिट रहा। सालाना आधार पर इसमें 813 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## प्रदूषण से मुक्ति दिलाने में आयरन और स्टील उद्योग अग्रणी भूमिका निभाएगा: राम चन्द्र प्रसाद सिंह

गुरुग्राम, प्रातः किरण संवाददाता



केन्द्रीय इस्पात मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने दो-दिवसीय एशिया स्तर की प्लास्टिक रीसाइक्लिंग कांफ्रेंस का गुरूवार को सुबह दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते हुए कहा कि आयरन और स्टील उद्योग ने भारत के इतिहास में मगध जैसे साम्राज्यों की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और मुझे विश्वास है कि वर्तमान युग में धरती माँ को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने में यह उद्योग अग्रणी भूमिका निभाएगो हम सब को मिल कर यह सुनिश्चित करना होगा कि हम जिस जल, वायु और भोजन का सेवन करते हैं वो स्वास्थ्यवर्धक हो हमें क्लीन और ग्रीन स्टील, डीकाबोर्नाइजेशन तथा कार्बन न्यूट्रल भविष्य पर एक सुनियोजित तरीके से काम करना होगो

देश-विदेश से आये प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग, कोकिंग और नॉन-कोकिंग दोनों में कोयला के स्थान पर किया जा सकता है जिससे वेस्ट को वेल्थ के रूप से बदला जा सकता हैप्लास्टिक के अलावा अन्य पदार्थों का कचरा शहरों और गाँवों में नहीं होता है, इसलिए प्लास्टिक सड़कों से लेकर समुद्र की तलहटी तक हर जगह फैल गया है हमें प्लास्टिक रीसाइक्लिंग को इतना उपयोगी बनाना होगा कि लोग प्लास्टिक के कचरे को भी लोहे और कागज की तरह रीसाइक्लिंग में मदद करें रीसाइक्लिंग से फायदा यह है कि प्लास्टिक का विघटन नहीं होगा और प्रदूषित पदार्थ वातावरण में नहीं मिलेंगे औद्योगिक क्रांति से भले ही लाभ न उठाया गया हो, पर आईये हम सब मिलकर प्लास्टिक रीसाइक्लिंग से स्टील क्षेत्र में ऊर्जा से एक नयी क्रांति को जन्म दें इससे सभी लोगों का हित होगा और स्टील क्षेत्र से जुड़े सबकी जीत होगी प्लास्टिक रीसायकल होने से प्रदूषण कम होगा, स्टील उद्योग को कोकिंग कोल आयात कम करने में मदद मिलेगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे

### भारतीय-अमेरिकियों ने वी मस्ट मीट नाम से वीडियो प्लेटफॉर्म पेश

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी उद्यमियों के एक समूह ने एक वीडियो प्लेटफॉर्म पेश किया है, जिसकी मदद से ऑनलाइन फिल्मों के प्रदर्शन से लेकर राजनीतिक रैलियों, टाउन हॉल और संगीत कार्यक्रमों को आयोजित किया जा सकता है। यह वीडियो प्लेटफॉर्म आम वीडियो कॉन्फ्रेंस से बढ़कर है, जिससे एक साथ 30,000 लोग जुड़ सकते हैं। वी मस्ट मीट नाम से शुरू किए गए इस प्लेटफॉर्म के संस्थापकों में निवेशक, रियल एस्टेट कारोबारी, डॉक्टर, शिक्षाविद और युवा फैशन डिजाइनर शामिल हैं। इसकी प्रौद्योगिकी पूरी तरह अमेरिका में विकसित की गई है। वी मस्ट मीट के संस्थापक अल मेसन ने बुधवार को कहा कि यह एक समुदाय-आधारित तकनीक है। यह प्लेटफॉर्म व्यावसायिक बैठकों, राजनीतिक रैलियों, टाउन हॉल, संगीत कार्यक्रमों, ऑनलाइन फिल्मों के प्रदर्शन, शिक्षा और चिकित्सा अनुसंधान के तरीके को बदल देगा।

## सरकारी सर्वेक्षण के मुताबिक संगठित क्षेत्र में बढ़े रोजगार के अवसर: श्रम ब्यूरो


नई दिल्ली, एजेंसी

श्रम और रोजगार मंत्रालय के एक सर्वेक्षण के मुताबिक नौ प्रमुख उद्योगों में दिसंबर 2021 तिमाही के दौरान 3.14 करोड़ श्रमिक कार्यरत थे, जो संगठित क्षेत्र में रोजगार वृद्धि को दशार्ता है।

इससे पहले सितंबर तिमाही में यह आंकड़ा 3.10 करोड़ था।

मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को अक्टूबर-दिसंबर, 2021 के लिए तिमाही रोजगार सर्वेक्षण पर जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक ट्वीट में कहा, हमें तिमाही रोजगार सर्वेक्षण के तीसरे दौर (अक्टूबर-दिसंबर, 2021) की रिपोर्ट जारी करते हुए खुशी हो रही है, जो नौ चुने हुए क्षेत्रों में संगठित क्षेत्र के रोजगार की बढ़ती प्रवृत्ति को दशार्ता है। सर्वेक्षण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में नियोजित श्रमिकों की संख्या 3.14 करोड़ है। इस सर्वेक्षण के तहत नौ क्षेत्रों विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रेस्टोरेंट, आईटी / बीपीओ और वित्तीय सेवाओं में 10 या अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाले प्रतिष्ठानों से रोजगार के आंकड़े लिए जाते हैं।



**अवसर**

- केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक ट्वीट में कहा, हमें तिमाही रोजगार सर्वेक्षण के तीसरे दौर (अक्टूबर-दिसंबर, 2021) की रिपोर्ट जारी करते हुए खुशी हो रही है

रिपोर्ट के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र सबसे बड़ा नियोक्ता है। इसके बाद शिक्षा क्षेत्र आता है।

मंत्रालय ने सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक 124 लाख श्रमिक थे, इसके बाद शिक्षा क्षेत्र में 69.26 लाख थे।

### एक उड़ान तक सिमटा कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

कुशीनगर। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एकल उड़ान तक सिमट कर रह गया है। एविएशन कंपनी स्पाइस जेट ने एयरपोर्ट के उद्घाटन के वक्त कुशीनगर से दिल्ली, मुंबई एवं कोलकाता तक नियमित विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। लोगों ने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना के औचित्य पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। पिछले साल बीस अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। उस समय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कोविड-19 की स्थिति सामान्य होने पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करने और 24 नवंबर से कुशीनगर से दिल्ली और 18 दिसंबर को कुशीनगर से मुंबई एवं कोलकाता तक नियमित उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। मंत्री की घोषणा की विमानन कंपनी ने ट्वीट कर पुष्टि भी कर दी।

## भारत में सोने की मांग 18 प्रतिशत घटकर 135.5 टन रही: डब्ल्यूजीसी

मुंबई, एजेंसी

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार वर्ष 2022 की पहली तिमाही में भारत में सोने की मांग 18 प्रतिशत घटकर 135.5 टन रह गई।

डब्ल्यूजीसी ने कहा कि मुख्य रूप से कीमतों में तेज वृद्धि के कारण मांग घटी। वर्ष 2021 के पहले तीन महीनों में सोने की मांग 165.8 टन थी।

सोने की मांग पर डब्ल्यूजीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कीमत के लिहाज से जनवरी-मार्च में सोने की मांग 12 फीसदी घटकर 61,550 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 69,720 करोड़ रुपये था।

डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सोमसुंदरम पी आर ने बताया कि जनवरी में सोने की कीमतें बढ़ने लगीं और कीमती धातु इस साल की पहली तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़कर 45,434 रुपये प्रति 10 ग्राम (करों के बिना) के स्तर पर पहुंच गई।



**अवसर**

- सोने की मांग पर डब्ल्यूजीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कीमत के लिहाज से जनवरी-मार्च में सोने की मांग 12 फीसदी घटकर 61,550 करोड़ रुपये रह गई।

रिपोर्ट के अनुसार समीक्षाधीन तिमाही के दौरान देश में आभूषणों की कुल मांग 26 प्रतिशत गिरकर 94.2 टन रह गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 126.5 टन थी। इस दौरान मूल्य के लिहाज से आभूषणों की मांग में 20 प्रतिशत की कमी हुई।

डब्ल्यूजीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही में सोने की वैश्विक मांग 34 प्रतिशत बढ़कर 1,234 टन हो गई। भूराजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया। वर्ष 2021 की पहली तिमाही के दौरान वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 919.1 टन थी।

# लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर मजबूती की ओर लौटता को नजर आ रहा है। आज ही वीकली एक्सपायरी का दिन है, जिसमें सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक बाजार खुलने के बाद से ही लगातार बढ़त के साथ कारोबार कर रह हैं। शेयर बाजार में आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ की थी और बीच बीच में बिकवाली का दबाव झेलने के बावजूद इसमें लगातार तेजी बनी हुई है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने 476.92 अंक की तेजी के साथ 57,296.31 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में ही बाजार में बिकवाली का दबाव बनता नजर आया, जिसके कारण पहले 10 मिनट में ही सेंसेक्स लुढ़क कर 57,019.43 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस स्तर पर खरीदारों ने लिवाली कर के बाजार को सहारा देने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक में कुछ तेजी भी आई। लेकिन उसके बाद बाजार पर एक बार



फिर बिकवाल हावी हो गए। बाजार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से सेंसेक्स में गिरावट की स्थिति बन गई। इस बिकवाली के दबाव के कारण सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स आज के ओपनिंग लेवल से 334.98 अंक लुढ़क कर 56,961.33 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद फिर शुरू हुई खरीदारी से सेंसेक्स को तुरंत ही सहारा भी मिला। बाजार में लगातार जारी खरीद और बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 220.57 अंक की मजबूती के साथ 57,039.96 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 151.10 अंक की मजबूती के साथ 17,189.50 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में हुई बिकवाली का असर निफ्टी की चाल पर भी पड़ा और पहले 10 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक गिरकर 17,100.70 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद शुरू हुई खरीदारी से निफ्टी को कुछ सहारा मिला और ये सूचकांक उछल कर 17,125.60 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

निफ्टी की तेजी का ये दौर लंबा नहीं चला, क्योंकि इसके बाद एक बार फिर बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। बिकवाली के इस दबाव ने निफ्टी को दोबारा गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बिकवाली के दबाव की वजह से सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक आज के ओपनिंग लेवल से 101.45 अंक लुढ़क कर 17,088.05 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। इस स्तर पर खरीदारों ने एक बार फिर बाजार में मोर्चा संभाला, जिससे निफ्टी की चाल एक बार फिर ऊपर की ओर बढ़ती नजर आई। हालांकि अभी तक के कारोबार में जिस तरह लगातार उतार चढ़ाव का रुख बना हुआ है, उसकी वजह से आज बाजार के रुख के अनिश्चित रहने की आशंका जताई जा रही है। लगातार जारी खरीद और बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 66.80 अंक की मजबूती के साथ 17105.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार ने आज पॉजिटिव सेंटीमेंट्स के बीच प्री ओपनिंग सेशन में भी शानदार मजबूती के साथ ही कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 437.85 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़ कर 57,257.24 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 236.50 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,982 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 537.22 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,819.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 162.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,038.40 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## उद्यमिता के केंद्र बन गए हैं भारत के छोटे शहर: रितेश अग्रवाल, ओयो सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी

ओयो के संस्थापक और समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा कि भारत के छोटे शहर अब युवा आबादी की आकांक्षाओं से प्रेरित उद्यमिता के केंद्र बन गए हैं।

उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि स्टार्टअप इकोसिस्टम के जरिए छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ाने का मौका देने से देश में कई यूनिकॉर्न तैयार होंगे। उन्होंने ग्लोबल यूनिकॉर्न समिट में तकनीक के उपयोग से भारत की विशाल ग्रामीण आबादी को जोड़ने और उनकी आमदनी बढ़ाने में मदद करने पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन सीआईआई और डीपीआईआईटी ने मिलकर किया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट सुविधा का तेजी से विस्तार, बड़े पैमाने पर कम लागत में तेजी से वितरण की गुंजाइश और पूंजी तक पहुंच के साथ देश के छोटे व्यवसायों के पास बड़ी कंपनियां बनने के अवसर हैं। अग्रवाल ने कहा कि नया युवा भारत अपने कार्य क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी बनाने की इच्छा रखता है। उन्होंने कहा कि इस बड़े अवसर में छोटे शहरों की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि ये शहर अब सिर्फ बाजार नहीं हैं, बल्कि यहां बड़े पैमाने पर नए उद्यमी बन रहे हैं और वे सिर्फ टियर-2 और टियर-3 बाजारों में खुश नहीं हैं। अग्रवाल ने कहा कि यह एक बेहद संरचनात्मक बदलाव है, जो भारत के छोटे शहरों में हो रहा है।

### ग्रे मार्केट में 20 रुपये के प्रीमियम पर एलआईसी के शेयर

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आईपीओ अगले महीने 4 तारीख को खुलने वाला है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 902 से 949 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी का ये आईपीओ 9 मई को बंद होगा। दूसरे प्रीमियम शेयरों की तरह ही एलआईसी का भी आईपीओ आने के पहले ग्रे मार्केट में इसके शेयरों की खरीद बिक्री शुरू हो गई है, जिसमें अच्छा प्रीमियम मिलता नजर आ रहा है। आज ग्रे मार्केट में एलआईसी के शेयरों की 20 रुपये प्रति शेयर के प्रीमियम पर ट्रेडिंग हो रही है। इसी सप्ताह सोमवार यानी 25 अप्रैल को ग्रे मार्केट में एलआईसी के शेयरों की एंट्री हुई थी। पहले दिन ही एलआईसी के शेयर 25 रुपये प्रति शेयर के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे थे। मंगलवार को भी इसके प्रीमियम में तेजी बनी रही। बुधवार को जब घरेलू शेयर बाजार नेगेटिव सेंटिमेंट्स की वजह से गिरकर कारोबार कर रहा था, तब भी ग्रे मार्केट में एलआईसी के शेयर मजबूती दिखाते हुए 28 रुपये प्रति शेयर के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे थे। हालांकि आज कल यानी बुधवार के मुकाबले एलआईसी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम रेट 8 रुपये कम होकर 20 रुपये रह गया है। माना जा रहा है कि प्रीमियम रेट में कमी आने की वजह से आज शाम तक इस शेयर की ग्रे मार्केट ट्रेडिंग में तेजी आ सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### लीवरपूल ने विलारीयाल को हराया, चैंपियन्स लीग फाइनल में जगह बनाने के करीब

लीवरपूल। इंग्लैंड के लीवरपूल ने यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूनार्मेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में स्पेन के विलारीयाल को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। छह बार के यूरोपीय चैंपियन लीवरपूल को अपने घरेलू मैदान एनफील्ड पर विलारीयाल को हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। विलारीयाल के पेरविस एस्टुपिना ने 53वें मिनट में जोर्डन हेंडरसन के क्रॉस को अपने ही गोल में डालकर लीवरपूल को बढ़त दिला दी। इसके दो मिनट बाद सादियो माने ने मोहम्मद सालाह की थ्रोबॉल पर विलारीयाल के गोलकीपर जेरोनिमो रुली को छकाते हुए लीवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। सेमीफाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को एस्टाडियो डि ला सेरामिका में खेला जाएगा और विलारीयाल कोई बड़ा उलटफेर करके ही लीवरपूल को फाइनल में जगह बनाने से रोक सकता है।

### मदप्पा की पुरूष वर्ग में बढ़त कायम, अवनी और जाह्नवी संयुक्त रूप से शीर्ष पर

बेंगलुरू। विराज मदप्पा ने गुरूवार को यहां एशियाई खेलों के गोल्फ ट्रायल्स के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बावजूद पुरूष वर्ग में बढ़त बरकरार रखी हुई है, हालांकि यह अब दो शॉट की हो गयी है। मदप्पा का तीन दिन का कुल स्कोर 11 अंडर 205 हो गया है और वह करणदीप कोचर (69) से दो शॉट आगे चल रहे हैं। करणदीप कोच का कुल स्कोर नौ अंडर का है। ट्रायल्स में हिस्सा ले रहे गोल्फरों में राशिद खान एकमात्र ऐसे गोल्फर हैं जिन्होंने 2010 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने गुरूवार को सर्वश्रेष्ठ पांच अंडर 67 का कार्ड खेला और वह वीर अहलावत (69) के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। पांच दौर में से सर्वश्रेष्ठ चार दौर का स्कोर जोड़ा जायेगा। महिलाओं के वर्ग में जाह्नवी बक्शी (69) और अवनि प्रशांत (69) अब भी नौ अंडर 207 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से बढ़त बनाये हैं जबकि हिताषी बक्शी (74) इवन पार 216 के कुल स्कोर से तीसरे स्थान पर चल रही हैं।

### रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों की मेजबानी करेगा बेंगलुरू

मुंबई। बेंगलुरु रणजी ट्राफी के नॉकआउट मैचों की मेजबानी करेगा जो चार जून से क्वार्टरफाइनल से शुरू होंगे और फाइनल 20 जून से खेला जायेगा। रणजी ट्राफी का लीग चरण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू होने से पहले खेला गया था और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने कहा था कि नॉकआउट इस लुभावनी टी20 लीग के बाद खेले जायेंगे। समझा जाता है कि खिलाड़ियों के लिये कोई भी अनिवार्य पृथकवास नहीं होगा लेकिन बायो-बबल का माहौल बरकरार रखा जायेगा। टीमों और खिलाड़ियों को स्थल पर पहुंचने पर नेगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट सौंपनी होगी। चार क्वार्टरफाइनल चार से आठ जून तक खेले जायेंगे। पहले क्वार्टरफाइनल में बंगाल का सामना झारखंड से होगा। दूसरे क्वार्टरफाइनल में 41 बार की रणजी चैम्पियन मुंबई की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी जबकि कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के बीच तीसरा क्वार्टरफाइनल खेला जायेगा। चौथे क्वार्टरफाइनल में पंजाब और मध्य प्रदेश की टीम आमने सामने होंगी। दो सेमीफाइनल 12 से 16 जून तक खेले जायेंगे जबकि प्रतिष्ठित घरेलू चैम्पियनशिप का फाइनल 20 जून को होगा।

### नीतीश राणा ने सबसे ज्यादा 57 रन की पारी खेली

# दिल्ली को 147 का टारगेट, नीतीश राणा का अर्धशतक

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल 2022 के 41वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 147 का टारगेट दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 146 का स्कोर बनाया। नीतीश राणा ने सबसे ज्यादा 57 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान श्रेयस अय्यर ने 42 रन बनाए। दिल्ली की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। मुश्किल परिस्थितियों में नीतीश राणा ने कोलकाता के लिए मिडिल ऑर्डर में बढ़िया रोल प्ले निभाया।

उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों पर आईपीएल में अपने करियर का 15वां अर्धशतक पूरा किया। वह 34 गेंदों पर 57 रन बनाकर मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर आउट हुए। अपनी पारी में राणा ने 3 चौके और 4 छक्के जड़े। आईपीएल 2022 में नीतीश की ये दूसरी और दिल्ली के खिलाफ चौथी फिफ्टी रही। छठे विकेट के लिए नीतीश राणा और रिंकू सिंह ने 35 गेंदों पर 64 रन जोड़े। रिंकू सिंह ने 16 गेंदों पर 23 रन बनाए। आखिरी के 5 ओवर में कोलकाता ने 3 विकेट खोकर 57 रन बनाए। मुस्तफिजुर



रहमान ने आखिरी ओवर में केवल 2 रन देकर 3 विकेट लिए। शुरूआती 4 विकेट केवल 35 के स्कोर पर गंवाने के बाद कोलकाता की पारी मुश्किल में नजर आ रही थी। इस साझेदारी को कुलदीप यादव ने श्रेयस को आउट कर तोड़ा। श्रेयस ने 37 गेंदों पर 42 रन बनाए और उनका कैच विकेट के पीछे कीपर पंत ने पकड़ा।

कुलदीप यादव केकेआर की पारी के 8वें ओवर में बॉलिंग के लिए आए और अपने पहले ही ओवर उन्होंने लगातार 2 गेंदों पर 2 विकेट लिए। ओवर की दूसरी गेंद पर यादव ने बाबा इंद्रजीत (6) को आउट किया। उनका कैच लांग ऑन पर पॉवेल ने पकड़ा और अगली गेंद पर कुलदीप ने सुनील नरेन (0) को छइह आउट किया। कुलदीप के पास हैट्रिक का मौका था, लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सके। इसके बाद अपने तीसरे ओवर में कुलदीप ने फिर दो विकेट चटकाए। 13.1 ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने श्रेयस अय्यर (42) और चौथी गेंद पर आंद्रे रसेल (0) को आउट किया। श्रेयस का कैच पंत ने पकड़ा, जबकि रसेल पंत के हाथों स्टंप आउट हुए। बाबा इंद्रजीत का ये आईपीएल में पहला मैच है। सुनील नरेन आईपीएल 2022 में दूसरी बार शून्य पर आउट हुए।

### स्कोरकार्ड

कोलकाता 146/9 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| एरोन फिंच<br>बोल्ड चेतन सकारिया | 3 | 7 | 0 | 0 |
| वेंकटेश अय्यर<br>कॉट चेतन सकारिया बोल्ड अक्षर पटेल | 6 | 12 | 0 | 0 |
| श्रेयस अय्यर<br>कॉट ऋषभ पंत बोल्ड कुलदीप यादव | 42 | 37 | 4 | 0 |
| बाबा इंद्रजीत<br>कॉट रोवमन पॉवेल बोल्ड कुलदीप यादव | 6 | 8 | 0 | 0 |
| सुनील नरेन<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड कुलदीप यादव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| नितीश राणा<br>कॉट चेतन सकारिया बोल्ड मुस्तफिजुर रहमान | 57 | 34 | 3 | 4 |
| आंद्रे रसेल<br>स्टंप ऋषभ पंत बोल्ड कुलदीप यादव | 0 | 3 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह<br>कॉट रोवमन पॉवेल बोल्ड मुस्तफिजुर रहमान | 23 | 16 | 3 | 0 |
| उमेश यादव<br>नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| टिम साउदी<br>बोल्ड मुस्तफिजुर रहमान | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा<br>नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 9 रन (B: 0, LB: 5, WD: 3, NB: 1) | | | |
| कुल | 146/9 20.0(RR: 7.3) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान | 4 | 0 | 18 | 3 | 4.50 |
| चेतन सकारिया | 3 | 0 | 17 | 1 | 5.66 |
| शार्दूल ठाकुर | 3 | 0 | 32 | 0 | 10.66 |
| अक्षर पटेल | 4 | 0 | 28 | 1 | 7.00 |
| कुलदीप यादव | 3 | 0 | 14 | 4 | 4.66 |
| ललित यादव | 3 | 0 | 32 | 0 | 10.66 |

# एक दिन 155 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करूंगा : उमरान मलिक

मुंबई, एजेंसी

युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार पांच विकेट झटकने के बाद कहा कि वह एक दिन 155 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं लेकिन उनका ध्यान हमेशा सही लाइन एवं लेंथ से गेंदबाजी करने पर लगा रहेगा। जम्मू के 22 साल के इस खिलाड़ी ने 25 रन पर पांच विकेट झटककर सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन राहुल तेवतिया और राशिद खान ने अंतिम ओवर में चार छक्के जड़कर गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से जीत दिला दी।

हालांकि मलिक के प्रयास से टीम जीत नहीं सकी लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजी के इस शानदार स्पैल के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जो आईपीएल के इतिहास में बेहतरीन गेंदबाजी में से एक है। मलिक ने बुधवार की रात मैच के बाद कहा, योजना तेज गेंदबाजी करने और लेंथ बरकरार करने के साथ विकेट हासिल करने की थी। जैसे मैंने हार्दिक भाई को एक बाउंसर से आउट किया और फिर (ऋद्धिमान) साहा को यार्कर से बोल्ड किया। उन्होंने कहा, मैंने गेंदबाजी में विविधता लाने की कोशिश की और ध्यान विकेटों पर



लगाये रखा क्योंकि यह छोटा मैदान है। यह पूछने पर कि वह 155 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं तो उन्होंने कहा, मैं सिर्फ सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करके विकेट चटकाना चाहता हूं और जहां तक 155 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करने की बात है तो अल्लाह चाहेगा तो मैं एक दिन ऐसा करूंगा।

मलिक ने पूरे सत्र के दौरान लगातार 150 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी की है और उन्होंने अभी तक आठ मैचों में 15.93 के औसत से 15 विकेट चटकाये हैं। उन्हें आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिये लगाया गया था और फिर उन्होंने गुजरात टाइटन्स के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। इस तरह वह एक पारी के पहले सभी पांचों विकेट झटकने वाले आईपीएल के पहले गेंदबाज भी बने।

# सिंधू, सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

मनीला (फिलिपीन्स), एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने सिंगापुर की युई यान जेस्लिन हूई को सीधे गेम में हराकर गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गिमचियोन में 2014 एशिया चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली चौथी वरीय सिंधू ने दुनिया की 100वें नंबर की खिलाड़ी जेस्लिन हूई को 42 मिनट में 21-16 21-16 से हराया।

अगले दौर में सिंधू की भिड़ंत चीन की तीसरी वरीय ही बिंग जियाओ से होगी जिन्हें हराकर उन्होंने तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक जीता था। बिंग जियाओ के खिलाफ सिंधू ने सात मुकाबले जीते हैं लेकिन नौ में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि पिछले दोनों मुकाबलों में



जीत दर्ज की है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की तीसरी वरीय भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी अकीरा कोगा और ताइची साइतो की जापान की जोड़ी को सीधे गेम में 21-17 21-15 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। दुनिया की सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में आरोन चिया और सोह वूई यिक की पांचवीं वरीय मलेशियाई जोड़ी तथा डेनी बावा क्रिसनांता और जुन लियांग एंडी क्वेक की सिंगापुर की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# मुझे अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा था, पिछले दो साल से इस पर काम कर रहा हूं : राशिद

मुंबई, एजेंसी

मैच की अंतिम गेंद पर विजयी छक्के सहित चार गेंद में तीन छक्के जड़कर किसी भी बल्लेबाज को अपनी उपलब्धि पर गर्व होगा लेकिन गुजरात टाइटंस के अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान ने कहा है कि उन्हें इस तरह का प्रदर्शन करने का भरोसा था क्योंकि वह पिछले दो साल से अपनी बल्लेबाजी पर काम कर रहे हैं। अपनी शानदार लेग स्पिन के लिए पहचाने जाने वाले राशिद ने बुधवार रात 11 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेली और इस दौरान तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की चार गेंद पर तीन छक्के जड़कर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाई। टाइटंस को 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में जीत के लिए 22 रन की दरकार थी। राहुल तेवतिया (21 गेंद में नाबाद 40) ने पहली गेंद पर छक्का जड़ने के बाद अगली गेंद पर एक रन लिया जिसके बाद राशिद ने टीम को जीत दिला दी। राशिद ने अपनी बल्लेबाजी के संदर्भ में कहा, यह काफी अच्छा अहसास है.. जब आप मैदान पर उतरते हो तो आपके अंदर आत्मविश्वास होना चाहिए, मजबूत रहिए और शॉट खेलिए। उन्होंने कहा, उनके खिलाफ (अपनी पूर्व टीम सनराइजर्स हैदराबाद) जीत हासिल करके खुशी हुई लेकिन मैं सिर्फ अपना खेल खेलने का प्रयास कर रहा था और मुझे अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा था जिस पर मैं पिछले दो साल से काम कर रहा हूं। अंतिम ओवर में उनके और तेवतिया के बीच बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राशिद ने कहा, जब 22 रन बनाने थे तो मैंने तेवतिया से सिर्फ इतना कहा कि हमने अंतिम ओवर में 25 रन दिए जबकि हमारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज (लॉकी फर्ग्युसन) गेंदबाजी कर रहा था। हमें बस अपने ऊपर भरोसा होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर एक गेंद छूट जाए तो इसके बारे में नहीं सोचना और डरना नहीं है।

# युवराज सिंह ने विराट कोहली को दी सलाह

मुंबई, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने गुरुवार को कहा कि विराट कोहली को अपने पहले के दिनों को देखने की जरूरत है और वह जिस तरह से मौजूदा फॉर्म का सामना कर रहे हैं, उसे सुधारने के लिए वह कैसे थे। युवराज ने दावा किया कि कोहली की कार्यशैली पिछले 15 वर्षों में किसी भी एथलीट से चार गुना बेहतर है और इससे उन्हें खराब फॉर्म से बाहर निकलने में मदद मिलेगी। कोहली की फॉर्म दो साल से खराब चल रही है। आईपीएल 2022 में उनके आंकड़ों से स्पष्ट है। कोहली ने नौ मैचों में 16 के औसत और 119.62 के स्ट्राइक-रेट से सिर्फ 128 रन बनाए हैं। टूनार्मेंट में उन्होंने पिछली पांच पारियों में 9, 0, 0, 12, और 1 रन बनाए हैं। हालांकि मुख्य कोच संजय बांगर ने उन्हें आगे के मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उनका समर्थन किया है, लेकिन सवाल पूछे गए हैं कि कोहली फॉर्म में कैसे वापस आ सकते हैं या क्या उन्हें फॉर्म को पाने के लिए खेल से ब्रेक की आवश्यकता है। नए स्पोर्ट्स चैनल स्पोर्ट्स 18 पर होम ऑफ हीरोज शो पर युवराज ने कहा, विराट को फिर से एक स्वतंत्र व्यक्तित्व बनने की जरूरत है। अगर वह खुद को बदल सकते हैं, तो जैसा वह पहले थे वैसा ही उनके खेल में दिखाई देगा। उन्होंने खुद को इस युग का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज साबित किया है और एक मजबूत कार्य नैतिकता में विश्वास करते हैं। 2007 टी 20 विश्व कप और 2011 क्रिकेट विश्व कप में भारत की विजेता टीम के सदस्य युवराज ने महसूस किया कि वर्तमान में कोहली के साथ जो हो रहा है वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ होता है।

# कप्तान लोकेश राहुल के बल्ले को खामोश रखने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे पंजाब किंग्स

पुणे, एजेंसी

पंजाब किंग्स की टीम आज यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में जब लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विरोधी टीम के कप्तान लोकेश राहुल के बल्ले को खामोश रखने पर टिकी होंगी। लखनऊ की टीम अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर चल रही है। टीम ने आठ मैच से पांच में जीत दर्ज की है जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार के साथ छठे स्थान पर है।

सुपरजाइंट्स ने अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया था जबकि पंजाब किंग्स की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स को 11 रन से हराने के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। राहुल शीर्ष क्रम में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वह मौजूदा सत्र में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ दो शतक जड़ चुके हैं और एक अर्धशतक भी लगाया है। वह



368 रन के साथ सत्र में दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। सिर्फ राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने मौजूदा सत्र में अब तक उनसे अधिक रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा की अगुआई में पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण काफी संतुलित है और टीम राहुल को बड़ी पारी खेलने से रोकने का प्रयास करेगी। पंजाब की टीम के पास रबादा के अलावा डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप सिंह, संदीप शर्मा, रिषी धवन और राहुल चाहर जैसे गेंदबाज हैं जिन्हें बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के लिए पहचाने जाने वाले एमसीए स्टेडियम पर राहुल पर अंकुश लगाना होगा। लेग स्पिनर चाहर 10 विकेट के साथ पंजाब के सबसे सफल गेंदबाज हैं लेकिन उन्हें भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। बल्लेबाजी विभाग में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन पिछले मैच में नाबाद 88 रन की पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है। कप्तान मयंक अग्रवाल की फॉर्म हालांकि टीम के लिए चिंता का विषय

**गेंदबाजी**

- दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा की अगुआई में पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण काफी संतुलित है

है। उनका प्रदर्शन मौजूदा सत्र में उतार चढ़ाव भरा रहा है और वह अब तक सात मैच में सिर्फ एक अर्धशतक जड़ पाए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी और धवन के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलानी होगी। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले भानुका राजपक्षे ने प्रभावित किया है। उन्होंने सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 32 गेंद में 42 रन की पारी खेली और श्रीलंका का यह बल्लेबाज अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेगा। पंजाब को अगर बड़ा स्कोर खड़ा करना है या बड़ा लक्ष्य हासिल करना है तो शीर्ष क्रम को लियाम लिविंगस्टोन और जॉनी बेयरस्टो जैसे बल्लेबाजों के लिए मजबूत मंच तैयार करना होगा।

# उमरान मलिक हीरा है, लेकिन कार्यभार का प्रबंधन किया जाना चाहिए: डेनियल विटोरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक को हीरा करार करते हुए न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज डेनियल विटोरी ने कहा कि इस युवा की रफ्तार बल्लेबाजों में घबराहट पैदा करती है इसलिये उसके कार्यभार का प्रबंधन किया जाना चाहिए।

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर विटोरी ने कहा कि ब्रेट ली, शोएब मलिक और शॉन टैट के युग के खत्म होने के बाद मलिक एक दुर्लभ प्रतिभा के रूप में सामने आये। विटोरी ने 113 टेस्ट में 362 और 295 वनडे में 305 विकेट चटकाये हैं। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टी20 टाइम आउट शो में कहा, उसकी रफ्तार बल्लेबाजों में घबराहट पैदा करती है और ऐसा सिर्फ पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ नहीं बल्कि सभी बल्लेबाजों के साथ होता है। उन्होंने कहा, हमें अक्सर 153-154 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज नहीं दिखते। यह गजब की रफ्तार है, यह विरले ही देखने को मिलती है जो हमने



ब्रेट ली, शोएब अख्तर या शॉन टैट के बाद शायद नहीं देखी है। विटोरी ने कहा, इसलिये आप रोमांच देख सकते हो जिससे मैच में एक्स फैक्टर (विशेष प्रतिभा) देखने को मिलता है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को इस दुर्लभ प्रतिभा को बचाने के लिये मलिक के कार्यभार का प्रबंधन करना चाहिए। विटोरी ने कहा, वह एक हीरा है और बस बात इतनी है कि किस तरह भारतीय क्रिकेट में अगले दो वर्षों में उसकी प्रतिभा की देखभाल की जाती है और उससे कैसे सर्वश्रेष्ठ निकाला जा सकता है।

**दुर्लभ प्रतिभा**

- ब्रेट ली, शोएब मलिक और शॉन टैट के युग के खत्म होने के बाद मलिक एक दुर्लभ प्रतिभा के रूप में सामने आये

उन्होंने कहा, अगर वह बीसीसीआई या एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) की छत्रछाया में आ जाता है तो यह उसके लिये सर्वश्रेष्ठ चीज होगी और वे उसके कार्यभार का प्रबंधन कर सकते हैं क्योंकि एक खिलाड़ी के लिये अपनी रफ्तार के लिये गेंदबाजी करते रहने का लोभ बना रहता है।

उन्होंने कहा, मैं शेन बांड के साथ हुए वातार्लाप के आधार पर यह बात कह रहा हूं क्योंकि उन्हें लगता है कि आप जितनी गेंदबाजी करते हो, आप उतने ही धीमे होते रहते हो। बांड इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई फ्रेंचाइजी के मौजूदा गेंदबाजी कोच हैं जो न्यूजीलैंड के महान तेज गेंदबाज भी हैं। विटोरी ने कहा, उपमहाद्वीप में आपको नेट गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, आप दौरों पर जाते हो। इसलिये कार्यभार थोड़ा ज्यादा हो सकता है।

# एकमात्र टेस्ट, सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए उमरान को इंग्लैंड ले जाओ: गावस्कर

मुंबई, एजेंसी

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इंडियन प्रीमियर लीग में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच विकेट चटकाने वाले युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल करने का सुझाव दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद के जम्मू के 22 साल के तेज गेंदबाज उमरान ने बुधवार रात शानदार गेंदबाजी करते हुए 25 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उनका यह प्रदर्शन हालांकि टीम को जीत नहीं दिला सका क्योंकि राशिद खान (11 गेंद में नाबाद 31) और राहुल तेवतिया (21 गेंद में नाबाद 40) ने अंतिम चार ओवर में 56 रन जोड़कर गुजरात टाइटंस को अंतिम गेंद पर जीत दिला दी। गुजरात की टीम ने अंतिम छह गेंद में 22 रन बनाए। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने मैच के बाद कमेंटरी करते हुए कहा, उसके लिए अगली चुनौती, मुझे लगता है कि भारतीय टीम है। उन्होंने कहा, उसे शायद अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिले क्योंकि भारत के पास मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव हैं। इसलिए शायद वह खेल नहीं पाए। गावस्कर ने कहा, लेकिन टीम के साथ सिर्फ यात्रा करने से, रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ यात्रा करने, उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने सेड्ढ देखते हैं, उस पर इसका क्या असर पड़ता है। इस युवा तेज गेंदबाज ने पूरे सत्र के दौरान नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की है और आठ मैच में अब तक 15.93 के औसत से 15 विकेट चटकाए हैं।

# बोलोगना से हारा इंटर मिलान, सिरी ए में बढ़त बनाने का मौका गंवाया

रोम, एजेंसी

इंटर मिलान को उम्मीद थी कि बोलोगना के खिलाफ स्थगित हुए उसके मुकाबले से उसे सिरी ए फुटबॉल टूनार्मेंट के खिताब की दौड़ में अपना दावा मजबूत करने में मदद मिलेगी लेकिन हार के साथ टीम ने लीग में बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया। गोलकीपर की बड़ी गलती के कारण इंटर मिलान को बोलोगना के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस हार के बाद गत चैंपियन इंटर मिलान शहर के अपने प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान से दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर चल रहा है जबकि चार मैच बाकी हैं। समीर हेंडानोविच की पीठ की तकलीफ के कारण रिजर्व गोलकीपर आयोनुट राडु को लगभग एक साल में



पहली बार मैदान में उतरने का मौका मिला और वह बोलोगना के विजयी गोल का कारण बने। थ्रो इन पर खतरा टालने की कोशिश में राडु ने गलती से गेंद को अपने ही गोल की ओर किक मार दी और बोलोगना के निकोला सेनसोन ने सुनिश्चित किया कि गेंद गोल के अंदर पहुंच जाए। इससे पहले इवान पेरिसिच ने इंटर को बढ़त दिलाई थी लेकिन टीम के पूर्व स्ट्राइकर मार्को अनार्तोविच ने हैडर से गोल दागकर बोलोगना को बराबरी दिला दी। बोलोगना की टीम में कोरोना वायरस के मामलों के कारण जनवरी में इस मुकाबले को स्थगित किया गया था।

### गेब्रियल जीसस मैनचेस्टर सिटी के लिए बहुत महत्वपूर्ण : बर्नाडरे

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर बर्नाडरे सिल्वा को लगता है कि रियाल मैड्रिड के साथ चैंपियंस लीग क्लासिक में गेब्रियल जीसस का शानदार हरफनमौला प्रदर्शन ब्राजील के खिलाफ महत्वपूर्ण था। आगे बढ़ने के साथ-साथ जीसस ने अपने काम से सबको प्रभावित किया और एक बार फिर यह दशार्या कि वह सबसे बड़े मैचों में कैसे प्रदर्शन करता है। जीसस के प्रदर्शन को लेकर बर्नाडरे ने उनकी प्रशंसा की है। बर्नाडरे ने कहा, गेब्रियल जीसस शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले सप्ताहांत में चार गोल किए, मंगलवार को एक और गोल दागे में सफल रहे। उन्होंने आगे कहा, वह एक महान खिलाड़ी हैं और जिस तरह से वह टीम के लिए खेलते हैं, उसके लिए वह सर्वश्रेष्ठ के हकदार हैं। उनकी प्रतिभा के साथ, टीम की मदद करने के लिए उनका रवैया सराहनीय है।

# इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान नियुक्त किए गए स्टोक्स

लंदन, एजेंसी

बेन स्टोक्स को गुरुवार को इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। यह आलराउंडर जो रूट की जगह लेगा जिन्होंने दो हफ्ते पहले पद छोड़ दिया था क्योंकि इंग्लैंड की टीम अपने पिछले 17 टेस्ट मैच में से सिर्फ एक में ही जीत दर्ज कर पाई थी। स्टोक्स ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से ब्रेक लेने के बाद हाल ही में टीम में वापसी की है।

यह रॉब की का पहला बड़ा फैसला है। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज रॉब को हाल में इंग्लैंड में पुरुष क्रिकेट का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया। रॉब ने कहा, वह उस मानसिकता और दृष्टिकोण



का प्रतीक है जिसे हम लाल गेंद के क्रिकेट के अगले युग में इस टीम के साथ आगे ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि उसने इस पेशकश को स्वीकार किया और वह अतिरिक्त जिम्मेदारी और सम्मान के लिए तैयार है। वह इस मौके का पूरी तरह से हकदार है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिकी सदन ने पॉल की रिहाई के लिए पारित किया प्रस्ताव

वाशिंगटन। अमेरिका कांग्रेस की प्रतिनिधि सभा ने एक प्रस्ताव पारित कर रूसी सरकार से जासूसी के आरोप में 16 साल की सजा काट रहे अमेरिकी नागरिक पॉल व्हेलन को रिहा करने का आह्वान किया है। सदन ने एच. रेस 336 ध्वनि मत सेपारित किया। अमेरिकी सदन ने यह प्रस्तान रूस की ओर से बुधवार को पूर्व अमेरिकी मरीन ट्रेवर रीड रिहा करने की घोषणा किये जाने के बाद पारित किया। उल्लेखनीय है कि मास्को की एक अदालत ने जून 2020 में श्री पॉल व्हेलन को जासूसी के आरोप में 16 साल जेल की सजा सुनाई। उन्होंने (श्री व्हेलन) जासूसी के आरोपों से इनकार किया और कहा कि उन्होंने रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक कैदी विनिमय का हिस्सा होने की उम्मीद में फैसले को चुनौती नहीं दी। श्री पॉल कनाडा, आयरलैंड और ब्रिटेन के नागरिक भी हैं।

### एफसीसी ने मैक्रों की जीत पर लगायी मुहर

पेरिस। फ्रांस की संवैधानिक परिषद ने आधिकारिक तौर पर श्री इमैनुएल मैक्रों को दोबारा देश के राष्ट्रपति चुने जाने को मंजूरी दे दी है। परिषद ने कहा है श्री मैक्रों का नया कार्यकाल 14 मई से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में श्री मैक्रों को 18,768,639 वोट मिले, जो कुल मतदान का 58.55 प्रतिशत है। वहीं सुश्री मरीन ले पेन को 13,288,688 मत मिले, कुल मतदान का 41.45 फीसदी है। परिषद के अध्यक्ष लॉरेंट फैबियस ने बुधवार को कहा कि श्री मैक्रों ने पूर्ण बहुमत से जीत हासिल की है, इसलिए संवैधानिक परिषद श्री मैक्रों को फ्रांस के नए राष्ट्रपति के रूप में घोषित करती है। उन्होंने कहा कि श्री मैक्रो का दूसरा कार्यकाल 14 मई से शुरू होगा।

### मैक्सिको में सीमेंट संयंत्र में गोलीबारी, आठ की मौत, 11 घायल

मेक्सिको सिटी। मैक्सिको में हिडाल्गो प्रांत के तुला शहर में क्रूज अजुल सीमेंट संयंत्र में गोलीबारी हुई है, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह घटना बुधवार की तड़के हुई, जब अज्ञात बंदूकधारियों ने संयंत्र पर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारियों ने उनका प्रतिरोध किया। स्थानीय गवर्नर उमर फयाद मेनेसेस ने देर बुधवार अपने ट्विटर पेज पर लिखा, मैं तुला शहर में क्रूज अजुल संयंत्र में हुई झड़पों की कड़ी निंदा करता हूं, ताजा जानकारी के अनुसार जहां आठ लोगों की मौत हो गई, 11 घायल हो गए और नौ को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय आंतरिक मंत्रालय और अभियोजक के कार्यालय को घटना की जांच करने के के साथ-साथ परस्पर विरोधी पक्षों के बीच बातचीत को सुविधाजनक बनाने का काम सौंपा है।

### सिंगापुर: कोविड टीकाकरण के बारे में झूठ बोलने पर भारतीय मूल के वरिष्ठ नागरिक को सजा

सिंगापुर। कोरोना वायरस फैलने के बीच पिछले साल एक बार में प्रवेश के लिए टीके की खुराक लेने के बारे में झूठ बोलने के दोषी भारतीय मूल के एक वरिष्ठ नागरिक को पांच दिन की जेल की सजा सुनायी गयी है। मीडिया में आयी एक खबर में यह जानकारी दी गयी है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की बुधवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, आरोपी उधेयाकुमार नल्लाथम्बी (65) ने बार में प्रवेश करने के लिए अपने आप को रुघबीर सिंह (37) बताया था। नल्लाथम्बी ने ट्रेसटुगेदर ऐप का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी करने का जुर्म स्वीकार किया। इस ऐप के जरिए उसने यह दिखाया कि कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ले ली है जो कि बार में प्रवेश के लिए अनिवार्य था। सिंह ने अदालत को बताया कि उसकी मित्र और वह पिछले साल नौ सितंबर को नल्लाथम्बी से मिले थे। तीनों बाद में मद्यपान के लिए सेंटोसा गए और फिर बिकनी बार जाने का मन बनाया।

# भारत ने रूस के साथ संबंध बनाए क्योंकि तब अमेरिका उसका साझेदार बनने की स्थिति में नहीं था : ब्लिंकन

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते सामरिक अभिसरण का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने जरूरत के चलते रूस के साथ साझेदारी की थी क्योंकि अमेरिका उस समय भारत के साथ साझेदारी करने की स्थिति में नहीं था।

ब्लिंकन ने सांसदों से बुधवार को कहा, भारत की बात करें तो, उनके साथ संबंध दशकों पुराने हैं और भारत ने जरूरत के चलते रूस से साझेदारी की थी क्योंकि तब हम एक साझेदार बनने की स्थिति में नहीं थे।

उन्होंने कहा, अब, हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत के बीच सामरिक अभिसरण बढ़ रहा है।

सीनेट एप्रोप्रिएशन सबकमेटी ऑन स्टेट फोरेन ऑपरेशन की कांग्रेस में सुनवाई के दौरान सांसद विलियम हैगर्टी के एक सवाल के जवाब में ब्लिंकन ने कहा, यकीनन, चीन इसका बड़ा हिस्सा है। हैगर्टी ने भारत और अमेरिकी संबंधों पर ब्लिंकन को अपने विचार साझा करने को कहा था।

हैगर्टी ने कहा, जो कुछ हमारे सामने है और जो हम देख रहे हैं उससे मुझे यकीन है कि अल्पावधि के मतभेद में हमें बहुत निराशा होती है और आप हर दिन उससे निपटने की कोशिश करते हैं। लेकिन दीर्घावधि में, भारत के साथ हमारी जो रणनीतिक साझेदारी है, वह 21वीं सदी में और अधिक अच्छा करने का अवसर प्रदान करती है। ब्लिंकन ने इसके जवाब में कहा कि वह हैगर्टी की बात से काफी हद तक सहमत हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस साझेदारी में सबसे महत्वपूर्ण और मूलभूत साझेदारियों में से एक बनने की क्षमता है।

ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय नेतृत्व के साथ सीधे जुड़ने के लिए काफी प्रयास किए हैं।

उन्होंने कहा, हमने क्वाड को बढ़ावा दिया, जो भारत को ऑस्ट्रेलिया, जापान और हमसे जोड़ता है। भारत के साथ विभिन्न मोर्चों पर हमारे सहयोग को मजबूत करने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण जरिया रहा है।

### भारत में ऑफसेट जरूरतें रक्षा सौदे में मुख्य बाधा: पेंटागन के सेवानिवृत्त अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पेंटागन के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा है कि भारत में ऑफसेट जरूरतें अमेरिका के साथ रक्षा सौदों में एक प्रमुख चुनौती है। डिफेंस फॉर एक्विजिशन एंड सस्टेनमेंट (ए एंड एस) में अवर सचिव के तौर पर सेवाएं दे चुके एलेन लॉर्ड ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों से यह बात कही। भारत ने दो हजार करोड़ रूपए से अधिक के रक्षा सौदों के लिए ऑफसेट का प्रावधान किया हुआ है,जिसके तहत विक्रेता कंपनी को सौदे की राशि का 30 प्रतिशत भारत में निवेश करना होना।

उन्होंने कहा कि, भारत में अपार अवसर हैं,लेकिन अपार चुनौतियां भी हैं। हम कभी भारत के साथ व्यापक सुरक्षा समझौता नहीं कर सके ,जिसकी हम उम्मीद कर सकते थे। लॉर्ड ने कहा, हमारे सामने एस-400 को लेकर हुए करार के संबंध में चुनौतियां हैं और इसी प्रकार की और भी चीजें हैं। साथ ही कारोबार करने के संबंध में चुनौतियां हैं। मैं आपको बता सकता हूं कि भारत में ये, ऑफसेट जरूरतों के लिहाज से काफी ज्यादा हैं। अमेरिका भारत के साथ अरबों डॉलर की अहम रक्षा खरीद,जिनमें गार्डियन ड्रोन भी शामिल है,पर बातचीत कर रहा है। पिछले दशकों में दोनों देशों के बीच रक्षा व्यापार शून्य से 18 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

अब अमेरिका की बोइंग, लॉकहीड मार्टिन तथा जनरल एटॉमिक्स जैसी बड़ी कंपनियां भारतीय बाजारों की ओर देख रही हैं। भारत की हाल की यात्रा से लौटे सांसद मार्क केली के एक प्रश्न के उत्तर में लॉर्ड ने कहा, तो अपार क्षमताए हैं लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि नीतियों और प्रक्रियाओं को तैयार करने,उन्हें बनाए रखने की दिशा में भारत सरकार के साथ काम करने में चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, हमारी हालिया चचाओं से मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत के बीच सुरक्षा तथा उद्योग साझेदारी को मजबूत करने की इच्छा है। आपके क्या विचार हैं कि हम उन्हें कैसा पूरा कर सकते है? और क्या आप इससे समहत हैं कि इससे अमेरिकी सामरिक हित भी लाभान्वित होंगे,वह भी ऐसे वक्त में जब रूस खुद भारत के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने का इच्छुक है। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए अपने कुछ सैन्य साजोसामान की ब्रिकी करके संबंध बनाने का अवसर है। इस पर हाल में भारत और नेपाल की यात्रा से लौटीं सांसद क्रिस्टेन गिलीब्रांड ने कहा कि दोनों देश अमेरिका निर्मित हेलीकॉप्टर खरीदना पसंद करेंगे।

## रूस छह मई को करेगा संरा सुरक्षा परिषद की अनौपचारिक बैठक

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

रूस छह मई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक अनौपचारिक बैठक आयोजित करेगा, जिसमें यूक्रेन में जमीनी स्थिति के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी जाएगी। यह बातें संरा में रूसी मिशन के वरिष्ठ कानूनी सलाहकार सर्गेई लियोनिदचेंको ने कही है। उन्होंने बुधवार को यूक्रेन में युद्ध के मुद्दे पर संरा को संबोधित करते हुए कहा, यदि आप यूक्रेन की वास्तविक स्थिति के बारे में सच्चाई जानना चाहते हैं, तो छह मई को हमारी एरिया-फॉर्मूला बैठक में आएं, हम आपको तथ्यों से अवगत कराने के लिए अग्रिम पंक्ति पर काम कर रहे कुछ स्वतंत्र आवाजों को सामने लाने की योजना बना रहे हैं, नकली नहीं। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन के मुद्दे पर पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग के लिए पश्चिमी मीडिया की आलोचना की, जो यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अत्याचारों की उपेक्षा करता है।

इसके अलावा श्री लियोनिदचेंको ने जोर देकर कहा कि नकली समाचारों का प्रवाह यूक्रेनी नव-नाज़ियों, भाड़े के विदेशी सैनिकों और उनके प्रायोजकों को जघन्य अपराधों में भाग लेने या करने के लिए जवाबदेह होने से नहीं बचाएगा। उन्होंने कहा कि इस आशय के कई गवाहों के बयान और

● यूक्रेन में युद्ध के मुद्दे पर संरा को संबोधित करते हुए कहा, यदि आप यूक्रेन की वास्तविक स्थिति के बारे में सच्चाई जानना चाहते हैं, तो छह मई को हमारी एरिया-फॉर्मूला बैठक में आएं

सबूत अभी पूरे यूक्रेन में एकत्र किए जा रहे हैं, जिसमें मारियुपोल शहर भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान शुरू किया। रूस का कहना है कि उसने यह अभियान डोनेट्स्क और लुहान्स्क के लोगों के यूक्रेनी सैनिकों द्वारा तीव्र हमलों से बचाने के लिए उनकी ओर से मदद का अनुरोध करने पर शुरू किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विशेष अभियान पूरी तरह से यूक्रेनी सैन्य बुनियादी ढांचे को लक्षित कर रहा है और नागरिक आबादी खतरे में नहीं है। रूस ने बार-बार कहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रवादियों ने रूसी सैनिकों और खुफिया अधिकारियों को यातनाएं दीं और अपंग कर दिया। मार्च में रूसी सैनिकों के पैरों में गोली लगने की एक फुटेज इंटरनेट पर दिखाई दी। रूसी जांच समिति के प्रमुख अलेक्जेंडर बैस्ट्रीकिन ने यूक्रेन में रूसी सैनिकों के साथ क्रूर व्यवहार की सभी परिस्थितियों की जांच का आदेश दिया है।

## धार्मिक स्वतंत्रता पर यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट हिंदू फोबिक लोगों का काम : हिंदू संगठन

वाशिंगटन, एजेंसी

एक हिंदू संगठन ने यहां धार्मिक स्वतंत्रता पर यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को हिंदुओं के प्रति नफरत या घृणा की भावना रखने वाले (हिंदूफोबिक) आयोग के सदस्यों का काम बताया, जबकि मुस्लिम और ईसाई समूहों ने इसमें की गई टिप्पणियों की प्रशंसा करते हुए अमेरिका से भारत को खास चिंता वाला देश घोषित करने की मांग की। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की इस रिपोर्ट में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को धार्मिक स्वतंत्रता के दर्जे के संबंध में भारत, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और 11 अन्य देशों को खास चिंता वाले देशों की सूची में डालने की सिफारिश की गयी है। हालांकि, अमेरिकी सरकार इस सिफारिश को मानने के लिए बाध्य नहीं है। वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका की एक पहल हिंदूपैक्ट ने एक बयान में आरोप लगाया कि यूएससीआईआरएफ पर भारत और

● हिंदूपैक्ट ने एक बयान में आरोप लगाया कि यूएससीआईआरएफ पर भारत और हिंदुओं के प्रति नफरत या घृणा का भाव रखने वाले सदस्यों का कब्जा हो गया है।

हिंदुओं के प्रति नफरत या घृणा का भाव रखने वाले सदस्यों का कब्जा हो गया है। अमेरिकन मुस्लिम इंस्टीट्यूशन (एएमआई) और उसे संबद्ध संगठनों ने यूएससीआईआरएफ की सिफारिशों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत में धार्मिक आजादी की स्थितियां 2021 में बहुत ज्यादा खराब हो गयीं। फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन क्रिश्चियन ऑर्गेनाइजेशंस और इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने भी अलग-अलग बयानों में यूएससीआईआरएफ की सिफारिशों की प्रशंसा की।

बहरहाल, भातर ने ऐसे आरोपों को खारिज किया है। अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने सांसदों को बताया कि भारत का एक जीवंत नागरिक समाज, स्वतंत्र न्यायपालिका और एक परिपक्व लोकतंत्र है, जिसमें आंतरिक मानवाधिकार की कोई चिंता पैदा होने पर उससे निपटने के लिए पर्याप्त तंत्र हैं। हिंदूपैक्ट ने एक बयान में यूएससीआईआरएफ की आलोचना की। हिंदूपैक्ट के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने आरोप लगाया, इस साल की रिपोर्ट में पिछले वर्षों में आयी रिपोर्टों की प्रवृत्ति ही दिखायी देती है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और कश्मीर जैसे विषयों पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के आधार पर यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट कट्टरपंथी इस्लामी समूह जस्टिस फॉर ऑल के साथ काम कर रहे इस्लामी समूहों की चर्चा की नकल है, जिनके मंच पर यूएससीआईआरएफ के आयुक्त नियमित तौर पर दिखायी देते रहते हैं।

वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) के अध्यक्ष अजय शाह ने कहा, ह्यह्ययह जाहिर है कि यूएससीआईआरएफ में भारत और हिंदुओं के प्रति नफरत या घृणा की भावना रखने वाले सदस्यों का कब्जा हो गया है।

## यूक्रेन के खेरसन शहर में धमाके, रूसी चैनलों का प्रसारण रुका

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के दक्षिणी खेरसन शहर में बुधवार देर रात टेलीविजन टावर के समीप कई धमाके हुए और इससे रूसी चैनलों पर प्रसारण अस्थायी तौर पर रुक गया। यूक्रेन और रूस के समाचार संगठनों ने यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि यूक्रेन की सेना की ओर से शहर पर मिसाइलें और रॉकेट दागे गए। रूसी सेना ने युद्ध के शुरूआत में ही खेरसन पर कब्जा जमा लिया था। ऑनलाइन अखबार यूक्रेयिंस्का प्राव्दा ने बताया कि हमलों से आग लग गयी और रूसी टेलीविजन चैनलों पर प्रसारण बंद हो गया।

आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि बाद में प्रसारण बहाल हो गया। उसने बताया कि रूसी चैनलों ने पिछले सप्ताह खेरसन से प्रसारण शुरू किया था। रूस शहर पर कब्जा जमाने को लेकर दृढ़ संकल्पित है लेकिन निवासी इसके विरोध में लगातार सड़कों पर उतर रहे हैं।



**अन्य घटनाक्रम :**

**बर्लिन:** एक स्वतंत्र अनुसंधान समूह ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद के पहले दो महीनों के दौरान जर्मनी रूसी ऊर्जा का सबसे बड़ा खरीदार रहा है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर अनुसंधान केंद्र द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी को किए हमले के बाद से जीवाश्म ईंधन के निर्यात से 66.5 अबर डॉलर कमाए हैं। जर्मनी की सरकार ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

**लंदन :** ब्रिटेन के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि पश्चिमी देशों को यूक्रेन में टैंक, विमान और अन्य भारी हथियार भेजने चाहिए। उसने कहा, कार्रवाई न करना सबसे बड़े उकसावे का काम होगा। नाटो देशों ने यूक्रेन को मिसाइलों और बख्तरबंद वाहनों समेत सैन्य सामान की आपूर्ति की है। लेकिन अभी तक उन्होंने संघर्ष के बढ़ने के डर से लड़ाकू विमानों को भेजने से इनकार किया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री लिज ट्रुस ने कहा, यह साहस दिखाने न कि सतर्कता दिखाने का वक्त है। ट्रुस के विमानों को भेजने के आह्वान के बावजूद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेन में विमानों को भेजने की कोई योजना नहीं है।

**बोस्टन :** सरकार समर्थित रूसी हैकरों के साइबर हमलों से यूक्रेन में दर्जनों संगठनों के आंकड़ें नष्ट हो गए हैं और इससे सूचना का एक अराजक माहौल बना है। माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा।

**अटलांटिक सिटी :** अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रानहोम ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस का हमला यह चीख चीखकर कहता है कि दुनिया को रूस से तेल तथा गैस का आयात बंद करना चाहिए और ऊर्जा के अन्य रूपों की तरफ कदम बढ़ाने चाहिए।

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसका मानवीय कार्यालय यूक्रेन के मारियुपोल शहर में इस्पात संयंत्र से नागरिकों को निकालने के जटिल अभियान में समन्वय के लिए दुनियाभर के अनुभवी दल को एकजुट कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को आमने-सामने हुई बैठक में संयंत्र से निकासी में संयुक्त राष्ट्र और इंटरनेशनल कमिटी ऑफ रेड क्रॉस की भागीदारी पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए।

**ओटावा :** कनाडा सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के पूर्वी डोनबास क्षेत्र में रूस के राष्ट्रपति पुतिन के वफादार 200 से अधिक लोगों पर प्रतिबंध लगाया है। रूसी सेना 2014 में क्रीमियाई प्रायद्वीप पर कब्जा करने के बाद से डोनबास इलाकों में आठ वर्षों से अलगाववादी विद्रोहियों का समर्थन कर रही है।

**वाशिंगटन :** व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जैवलिन टैंक रोधी मिसाइलों जैसे हथियार बनाने वाले केंद्र लॉकहीड मार्टिन का दौरा करेंगे। प्रशासन रूस के हमले से रक्षा करने के लिए यूक्रेन को यह मिसाइलें उपलब्ध करा रहा है। बाइडन की तीन मई को अलबामा में इस केंद्र का दौरा करने की योजना है।

**मैड्रिड :** रूस ने बुधवार को घोषणा की कि वह संयुक्त राष्ट्र के विश्व पर्यटन संगठन से हट रहा है। उसने यह घोषणा तब की जब कुछ घंटों बाद विश्व निकाय ने यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस की सदस्यता को अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए वोट किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## गोवा : राज्य सरकार ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने को कहा



पणजी, एजेंसी

गोवा सरकार ने एक दिशानिर्देश जारी करते हुए लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने को कहा है। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे ने कहा कि यह कोविड-19 को दूर रखने और तटीय राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक है।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई एक आभासी बैठक में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राज्य सरकार लोगों से कोरोना वायरस की संभावित चौथी लहर की आशंकाओं के बीच सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अपील करेगी। गोवा के अवर सचिव (स्वास्थ्य) गौतम परमेकर ने दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि देशभर में उभरती कोविड-19 स्थिति को देखते हुए, सभी नागरिकों को सभी सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना जारी रखने की सलाह दी जाए।

बृहस्पतिवार को राज्य के पर्यटन मंत्री खुंटे ने ट्वीट किया कि, चलो चेतावनियों पर ध्यान दें और कोविड को दूर रखने के लिए अपने मास्क को ऊपर करें और हमारे आर्थिक पुनरुद्धार की निरंतरता सुनिश्चित करें।

## बोम्मई की दिल्ली यात्रा के दौरान भाजपा आलाकमान से मिलने की फिलहाल कोई योजना नहीं


बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार में देरी को लेकर भाजपा नेताओं के एक वर्ग में असंतोष के संकेतों के बीच मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी 30 अप्रैल को दिल्ली यात्रा के दौरान पार्टी आलाकमान से मिलने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। कर्नाटक में अगले साल चुनाव होने हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री पर अपने मंत्रिमंडल में विस्तार या फेरबदल करने का दबाव है। बोम्मई ने पत्रकारों से कहा, मैं कल रात दिल्ली जा रहा हूं, 30 अप्रैल को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों का सम्मेलन है, मैं उसमें शामिल होऊंगा और वापस आऊंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह यात्रा के दौरान भाजपा आलाकमान के नेताओं से मिलेंगे, उन्होंने कहा, ह्यअब तक मैंने किसी से समय नहीं मांगा है। इस बारे में नहीं सोचा है। बाद में देखते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार में समय लगने के बीच सत्तारूढ़ भाजपा के भीतर असंतोष की आवाजें उठ रही हैं। पार्टी विधायक एम पी रेणुकाचार्य ने विस्तार में देरी और कुछ मंत्रियों के कार्य करने के तरीके पर बुधवार को खुलकर नाराजगी व्यक्त की।



















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129